CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19° C
न्यूनतम : 10° C

मुजफ्फरनगर, मंगलवार 10 फरवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 25 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 21 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उत्तर प्रदेश अब 'बीमारू' नहीं, आर्थिक रूप से सशक्त राज्य: योगी पेज 2



पाकिस्तान-भारत वर्ल्ड कप मैच पर आखिरी फैसला शहबाज शरीफ लेंगे खेल टाइम्स



और अधिक गर्म होती धरती, लंबे होते पक्षियों के पैर सम्पादकीय




एपस्टीन फाइल्स: 10 देशों में इस्तीफे, 80 ताकतवर लोगों की जांच पेज 12

# विपक्ष की नारेबाजी से काफी आहत दिखीं उप्र की राज्यपाल

**कहा: आप लोगों का यही हाल रहा तो शून्य तक पहुंच जाएंगे, आनंदीबेन ने अभिभाषण में गिनाई सरकार की उपलब्धियां**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र राज्य विधानमंडल में बजट सत्र के मौके पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अपने अभिभाषण में प्रदेश की विकास यात्रा, सुशासन और उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इस दौरान वह विपक्ष की नारेबाजी से काफी आहत दिखीं।

उन्होंने विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा कि आप लोगों का यही हाल रहा, तो शून्य तक पहुंच जाएंगे। अपने भाषण के दौरान कहा कि 'विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश /2047' विजन डॉक्यूमेंट को साकार करने के लिए सदन में अत्यंत उपयोगी चर्चा हुई है। मार्च 2017 के बाद प्रदेश ने कानून-व्यवस्था, आधारभूत ढांचा, निवेश, रोजगार सृजन और जनकल्याण के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। राज्यपाल ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 18 राज्य विश्वविद्यालयों ने नैक में उत्कृष्ट श्रेणी प्राप्त की है। वर्ष 2017 में जहां नैक ए प्लस प्लस श्रेणी का कोई भी विश्वविद्यालय नहीं था, वहीं 2025 तक यह संख्या बढ़कर 9 हो गई है। इनमें 4 विश्वविद्यालय नैक 'ए प्लस' और 5 विश्वविद्यालय 'ए' श्रेणी में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि केवल एक वर्ष में नैक प्रत्यायित संस्थानों की संख्या 95 से बढ़कर 161 हो गई है। इसके साथ ही क्यूएस एशिया -शेष पृष्ठ दो पर



## सदन में पेश हुई पहली आर्थिक समीक्षा, प्रदेश में बढ़ी है प्रति व्यक्ति आय

**लखनऊ।** उप्र विधानमंडल का बजट सत्र सोमवार से शुरू हो गया। सत्र के पहले दिन की शुरुआत राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण से हुई। इसके उपरांत विधानसभा में आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश की गई। इसके बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बजट सत्र में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। इसमें उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में स्थान अब करीब नौ प्रतिशत से ज्यादा हो गया, जो कि 2016-17 में लगभग आठ प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष में उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 1.20 लाख रुपये प्रति व्यक्ति होने की संभावना है। इससे पहले बजट सत्र के आरंभ से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकार का एजेंडा सामने रखा। सरकार प्रदेश के विकास, सुशासन और जनकल्याण के मुद्दों को प्राथमिकता के साथ सदन में रखेगी। मुख्यमंत्री ने विपक्ष से रचनात्मक सहयोग की अपील भी की। वहीं सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही पूरी तैयारी के साथ सत्र में पहुंचे। यह बजट सत्र 9 फरवरी से 20 फरवरी तक चलेगा।

## नरवणे की अप्रकाशित किताब सोशल मीडिया पर प्रसारित होने पर FIR

**■ दिल्ली पुलिस ने जांच शुरू की**

**नई दिल्ली।** पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की आगामी किताब फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी के कथित रूप से सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के मामले में दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, इस पुस्तक को अभी संबंधित प्राधिकरणों से प्रकाशन की आवश्यक अनुमति नहीं मिली है।

दिल्ली पुलिस ने बताया कि विभिन्न ऑनलाइन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और न्यूज फोरम पर ऐसी जानकारी सामने आई थी कि किताब की प्री-प्रिंट कॉपी इंटरनेट पर साझा की जा रही हैं। इन दावों के संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। शुरुआती जांच में पाया गया कि फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी शीर्षक से टाइपसेट की गई एक पीडीएफ कॉपी कुछ वेबसाइट्स पर उपलब्ध है। यह कॉपी कथित रूप से पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा तैयार की गई प्रतीत होती है। इसके अलावा कुछ ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म पर पुस्तक का फाइनल कवर भी इस तरह प्रदर्शित किया गया है, मानो वह बिक्री के लिए उपलब्ध हो।

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर के लितान में हिंसा भड़की, 25 घर फूंके

**इंफाल।** मणिपुर के उखरुल जिले के व्यावसायिक कस्बे लितान में तनाव बना हुआ है। हालांकि भारी सुरक्षा तैनाती के बीच फिलहाल माहौल शांत है। पुलिस के अनुसार, तांगखुल नागा और कुकी समुदायों के बीच हुई हिंसक झड़पों के बाद लितान और उससे सटे मंगकोट गांव में बड़े पैमाने पर लोगों का पलायन जारी है। रविवार देर रात करीब 11:30 बजे लितान बाजार में हिंसा भड़क गई थी। इस दौरान उपद्रवियों ने स्वचालित हथियारों और राइफलों से गोलीबारी भी की, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। हिंसा में 25 घर और चार सरकारी क्वार्टर जलकर खाक हो गए हैं। हिंसा की शुरुआत 7 फरवरी की शाम लितान सरेइखोंग में हुए एक शराब के नशे में झगड़े से हुई, जिसमें तांगखुल नगा समुदाय के स्टर्लिंग नामक व्यक्ति के साथ कथित रूप से मारपीट हुई थी। बाद में उसे इलाज के लिए इंफाल के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। उखरुल के जिला मजिस्ट्रेट ने लितान में कर्फ्यू लगा दिया है।

### उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में पारा माइनस 24 डिग्री

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड में सोमवार को 5 जिलों में बारिश-बर्फबारी का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में हल्की बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना है। वहीं, पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी में न्यूनतम तापमान माइनस 24 डिग्री सेल्सियस रहा। राजस्थान के 10 से ज्यादा शहरों में टेंपरेचर 10 डिग्री सेल्सियस डिग्री से कम रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा सर्दी फतेहपुर और पाली में रही।

### इसरो ने चंद्रयान-4 के लिए लैंडिंग साइट तलाशी

**बेंगलुरु।** इसरो ने चंद्रयान-4 मिशन के लिए चंद्रमा के साउथ पोल के पास एक लैंडिंग साइट तलाश ली है। चंद्रयान-2 ऑर्बिटर से मिली तस्वीरों के आधार पर वैज्ञानिकों ने मान्स माउटन (एमएम-4) क्षेत्र को लैंडिंग के लिए सबसे सही बताया है। मान्स माउटन, चंद्रमा के साउथ पोल के पास स्थित करीब 6,000 मीटर ऊंचा पहाड़ है। इसकी चोटी काफी हद तक सपाट है, जो लैंडिंग के लिए अनुकूल है।

# एसआईआर में कोई रुकावट नहीं आने देंगे: सुप्रीम कोर्ट

## बंगाल में फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश करने की डेडलाइन एक हफ्ता बढ़ाई

**डीजीपी से मांगा हलफनामा**

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) करा रहा है। मतदाता सूची से जुड़ा यह विवाद सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। कोर्ट ने सोमवार को इस मामले में अहम दिशा-निर्देश दिए।

चीफ जस्टिस ने एसआईआर की समयसीमा बढ़ाने का भी निर्देश दिया। सीजेआई सूर्यकांत की पीठ ने कहा कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की डेडलाइन एक सप्ताह और बढ़ाई जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को पश्चिम बंगाल एसआईआर प्रक्रिया के बाद फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश करने के लिए और समय दिया जा रहा है। किसी को भी पश्चिम बंगाल में जारी एसआईआर में रुकावट डालने की इजाजत नहीं दी जाएगी। एसआईआर की डेडलाइन 14 फरवरी से एक हफ्ते आगे बढ़ाई जा रही है। माइक्रो ऑब्जर्वर या राज्य सरकार के -शेष पृष्ठ दो पर

### सेंगर की याचिका पर 'प्राथमिकता के आधार पर' सुनवाई करे दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय से कहा कि उन्नाव में हिरासत में मौत के मामले में उत्तर प्रदेश के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की याचिका पर सुनवाई प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र की जाए और इस अपील का निस्तारण अधिमानत तीन माह के भीतर किया जाए। शीर्ष अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि सेंगर की अपील के साथ ही पीड़ित पक्ष द्वारा सजा बढ़ाने के लिए दायर अपील तथा सह-आरोपियों की अपीलों की संयुक्त रूप से सुनवाई की जाए। पीठ सेंगर की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें दिल्ली उच्च न्यायालय के 19 जनवरी के आदेश को चुनौती दी गई थी।




### हिमाचल हाईकोर्ट के फैसले पर लगाई रोक, सरकारी कार्यालय बदलने को सरकार आजाद

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के उस आदेश को निरस्त कर दिया, जिसमें राज्य सरकार के हिमाचल प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग का मुख्यालय शिमला से कांगड़ा जिले के धर्मशाला स्थानांतरित करने के प्रस्ताव पर रोक लगाई गई थी। न्यायालय ने कहा कि किसी संस्था के मुख्यालय का स्थानांतरण नीति से जुड़ा विषय है और इसमें न्यायिक हस्तक्षेप की गुंजाइश अत्यंत सीमित होती है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि प्रथम दृष्ट्या यह स्पष्ट है कि किसी संस्था के मुख्यालय को स्थानांतरित करना एक नीतिगत निर्णय है।

# असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर कानूनी वार

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ सुप्रीम कोर्ट पहुंचा शूटिंग वीडियो मामला**
**■ पूर्व एलजी समेत 12 लोगों ने दाखिल की याचिका**

**नई दिल्ली।** एक समूह ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है, जिसमें असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और अन्य संवैधानिक पदाधिकारियों द्वारा दिए जा रहे भाषणों को संविधान के अनुरूप नहीं और अपमानजनक बताया गया है। याचिकाकर्ताओं ने इस मामले में अनुच्छेद 32 के तहत कोर्ट से दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है।

याचिका में उल्लेख किया गया है कि सीएम सरमा ने हाल ही में मुस्लिम समुदाय के खिलाफ टिप्पणियां कीं। इसके अलावा, उन्होंने कुछ समुदाय के नागरिकों को सब्जियों की कीमत बढ़ाने, लव जिहाद और फ्लड जिहाद जैसी घटनाओं के लिए जिम्मेदार ठहराया और यहां तक कहा कि चुनावी मतदाता सूची से 4-5 लाख लोगों को हटाना चाहते हैं। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि केवल असम ही नहीं, बल्कि अन्य राज्यों के उच्च पदाधिकारियों द्वारा दिए गए भाषण भी संवैधानिक नैतिकता के खिलाफ हैं। उदाहरण के तौर पर, उत्तराखंड सीएम लैंड जिहाद और लव जिहाद की बातें करते हैं, जबकि उत्तर प्रदेश सीएम उर्दू भाषा समर्थकों के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मुसलमानों को घुसपैठियों और विदेशी समर्थकों के रूप में प्रस्तुत करते हैं। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि भले ही ये भाषण सीधे तौर पर हेट स्पीच कानून के दायरे में न आते हों, लेकिन इनका मकसद संवैधानिक नैतिकता को कमजोर करने वाला है। उन्होंने कोर्ट से अनुरोध किया है कि उच्च संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के सार्वजनिक भाषणों के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश बनाए जाएं। याचिकाकर्ताओं ने जोर देकर कहा कि सार्वजनिक पदधारक साधारण वक्ता नहीं होते। उनके शब्द राज्य का प्रभाव रखते हैं, प्रशासनिक कार्रवाई को प्रभावित करते हैं और संवेदनशील समुदायों पर हानिकारक असर डाल सकते हैं। याचिका में सुप्रीम कोर्ट के नवतेज सिंह जोहर बनाम भारत संघ (2018), जोसेफ शाइन बनाम भारत संघ (2019) और गवर्नमेंट ऑफ एनसीटी ऑफ दिल्ली बनाम भारत संघ (2018) के फैसलों का हवाला दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि संवैधानिक नैतिकता लोकप्रिय भावना पर हावी होनी चाहिए।

## न्यायालय परिसर के भीतर हिंसा की घटनाएं गुंडा राज: शीर्ष कोर्ट

**■ कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा: यह स्पष्ट रूप से विधि के शासन की विफलता है**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अदालत परिसर के भीतर हिंसा की घटनाओं की कड़ी निंदा करते हुए इसे 'गुंडा राज' करार देते हुए कहा कि यह स्पष्ट रूप से विधि के शासन की विफलता है।

न्यायालय दिल्ली के तीस हजारी अदालत परिसर के भीतर एक अधिवक्ता पर हुए कथित हमले के संबंध में एक 'उल्लेख' पर सुनवाई कर रहा था। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ को एक ऐसी घटना से अवगत कराया गया, जो कथित तौर पर सात फरवरी को तीस हजारी कोर्ट में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश हरजीत सिंह पाल की अदालत के सामने हुई थी।

## खालिस्तानी धमकियों भरे ईमेल से संसद और दिल्ली के स्कूलों में सुरक्षा अलर्ट जारी

**नई दिल्ली।** खालिस्तानी समर्थकों ने दिल्ली में संसद भवन को उड़ाने की धमकी दी है, जिसके बाद संसद परिसर के आसपास सुरक्षा बहुत बढ़ा दी गई है। सोमवार को दिल्ली के कई स्कूलों को धमकी भरे ईमेल भी भेजे गए, जिनमें बम विस्फोटों की चेतावनी दी गई थी और हिंदुस्तान बनेगा खालिस्तान के नारे लिखे हुए थे। ये ईमेल ज़ैकरी जेनकिस नाम के व्यक्ति ने भेजे थे।

## लोकसभा की कार्यवाही केवल 13 मिनट ही चल पाई

**■ राहुल बोले: स्पीकर ने कमिट किया, क्या आप बोलने देंगे, रिजिजू बोले: कोई कमिटमेंट नहीं**
**■ लोस की कार्यवाही स्थगित, विपक्ष स्पीकर बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकता है**

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के 9 वें दिन लोकसभा की कार्यवाही केवल 13 मिनट ही चल पाई। विपक्ष सदन में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बोलने देने की मांग कर रहा है।

राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा कि एक घंटा पहले स्पीकर के पास हम गए, स्पीकर ने हमें कमिट किया कि मुझे बजट डिस्कशन से पहले बोलने दिए जाएगा, आप मुझे बोलने नहीं दे रही हैं। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि आप मुझे बोलने देंगी या नहीं। 3 बजे जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई, तो आसंदी (स्पीकर की चेयर) पर संध्या राय (भाजपा सांसद) बैठी थीं। राहुल की बात के जवाब में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मैं भी स्पीकर के केबिन में मौजूद था। ऐसा कोई कमिटनमेंट नहीं किया गया। संध्या ने राहुल से कहा कि आपकी तरफ से किसी और मुद्दे के लिए कोई नोटिस नहीं आया है, बजट पर चर्चा करनी हो तो बताएं। इसके बाद विपक्ष ने हंगामा किया। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी गई। वहीं, विपक्ष लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकता है।

## भारत ने नेपाल की सेना को 50 सैन्य वाहन सौंपे

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने नेपाल के साथ रक्षा सहयोग और क्षमता निर्माण को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत सोमवार को भारत-नेपाल सीमा पर नेपाली सेना को 50 सैन्य उपयोगी वाहन सौंपे। इन वाहनों को औपचारिक रूप से काठमांडू में आयोजित होने वाले एक समारोह में नेपाल में भारत के राजदूत द्वारा दिया भेंट किया जाएगा।

## लोकसभा अध्यक्ष पर संसदीय अधिकारों की रक्षा नहीं कर पाने का आरोप

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ कांग्रेस की महिला सांसदों ने पत्र लिखकर लोकतंत्र के अभूतपूर्व हनन पर 'गहरी पीड़ा' व्यक्त की**



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की महिला सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर उन पर सत्ताधारी भाजपा के दबाव में विपक्षी महिला सांसदों के खिलाफ 'झूठे, निराधार और अपमानजनक' आरोप लगाने और विपक्ष के संसदीय अधिकारों की रक्षा करने में विफल रहने का आरोप लगाया है।

कांग्रेस सांसद एस. जोतिमणि के लेटरहेड पर सोमवार को भेजी गई एक कड़ी आपत्ति में, महिला सांसदों ने लोकसभा में लोकतंत्र के अभूतपूर्व हनन पर 'गहरी पीड़ा' व्यक्त की। पत्र में विशेष रूप से राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बोलने की अनुमति देने से बार-बार इन्कार किए जाने पर सवाल उठाया गया है। पत्र में कहा गया है कि अध्यक्ष का पद एक संवैधानिक कार्यालय है जिसका उद्देश्य संसद की गरिमा की रक्षा करना, निष्पक्षता सुनिश्चित करना और पार्टी संबद्धता से परे सभी सदस्यों के अधिकारों की रक्षा करना है। इसमें कहा गया है कि पिछले चार दिनों से लगातार स्थापित संसदीय परंपरा का 'जानबूझकर उल्लंघन' किया गया है। कांग्रेस सांसदों ने आरोप लगाया कि जहां राहुल गांधी को बोलने का अवसर नहीं दिया गया, वहीं इंडिया गठबंधन के आठ सांसदों को 'सत्तारूढ़ दल के इशारे पर' निलंबित कर दिया गया, जबकि एक भाजपा सांसद को सदन में पूर्व प्रधानमंत्रियों के खिलाफ 'अभद्र और अश्लील' टिप्पणी करने की अनुमति दी गई।

## सदन में आते ही वापस लौटने पर होता है बहुत दुख: प्रियंका

**■ बोलीं: सदन में विपक्ष के नेता को बोलने नहीं दिया जाता**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि यह बहुत दुखद स्थिति है कि लोकसभा नहीं चल रही है और सदन में आते ही उन्हें वापस लौटना पड़ता है।

श्रीमती वाड्रा ने लोकसभा की कार्यवाही दोपहर दो बजे दिनभर के लिए स्थगित होने के बाद संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि सदन में विपक्ष के नेता को बोलने नहीं दिया जाता है और सदन नहीं चल रहा है यह बहुत ही दुख की बात है। उन्होंने कहा कि सच कहूं तो, यह बहुत दुख की बात है कि हम सदन (लोकसभा) जाते हैं और बस बाहर आ जाते हैं। विपक्ष के नेता को एक मिनट भी बोलने की अनुमति नहीं दी जाती। यह हास्यास्पद है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी के 10 जिले घने कोहरे की चपेट में

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मौसम ने फिर करवट बदली है, जिससे तापमान में 1.2 डिग्री की गिरावट दर्ज हुई है। भारतीय मौसम विभाग ने तराई वाले 10 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है, जबकि 13 अन्य जिलों में खराब मौसम की आशंका जताई है। राजधानी लखनऊ समेत उत्तरी यूपी में रातें ठंडी होंगी, हालांकि अगले कुछ दिनों में तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी की उम्मीद है। इसी प्रकार बाकी के 52 जिलों में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। मौसम विभाग के लखनऊ केंद्र से जारी ताजा बुलेटिन के मुता. बिक तराई वाले जिलों गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, बरेली और पीलीभीत समेत आसपास के इलाकों में आज घना कोहरा छाया रहा। इन जिलों में सुबह के वक्त दृष्यता 10 मीटर से भी कम रही। इसी प्रकार बलिया, मऊ, आजमगढ़, देवरिया, संत कबीरनगर, बस्ती, गोंडा, सीतापुर, अंबेडकर नगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, शाहजहांपुर और आसपास के इलाकों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि इस दौरान तापमान में ज्यादा परिवर्तन होने की कोई संभावना नहीं है।

### केजीएमयू के छह मजारों को दूसरी बार नोटिस जारी

**लखनऊ।** केजीएमयू परिसर में मौजूद मजारों को हटाने के लिए जारी पहली नोटिस का समय बीत चुका है, फिर भी मजारें हटाई नहीं गई हैं। अब केजीएमयू प्रशासन ने सोमवार को दूसरा नोटिस जारी कर दिया है। केजीएमयू परिसर में बनाई गई 6 मजारों को दूसरा नोटिस दिया गया है। केजीएमयू प्रशासन ने 22 जनवरी को मजारों को हटाने के लिए पहला नोटिस दिया था। इन मजारों को हटाने के लिए 15 दिन का समय दिया गया था।

### विधानमंडल में बजट सत्र के दौरान बोले सीएम योगी

# यूपी अब बीमारू नहीं, आर्थिक रूप से सशक्त

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ बजट सत्र के दो प्रमुख एजेंडे होते हैं पहला राज्यपाल का अभिभाषण, दूसरा सामान्य बजट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधानमंडल के बजट सत्र के मौके पर कहा कि जनसंख्या घनत्व के मामले में अव्वल यह राज्य अब 'बीमारू' नहीं बल्कि आर्थिक रूप से सशक्त राज्यों की श्रेणी में आता है, जो गर्व की बात है।

योगी ने सत्र की शुरुआत से पहले पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उनकी सरकार ने उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नया आयाम दिया है और लंबे समय तक बीमारू राज्य अब देश में सशक्त राज्य के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। सदन के नेता ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि संसदीय परंपराओं के अनुरूप बजट सत्र की शुरुआत राज्यपाल के अभिभाषण से होगी और इसके बाद सदन में सामान्य बजट पर चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि बजट सत्र के दो प्रमुख एजेंडा होते हैं। पहला राज्यपाल का अभिभाषण और दूसरा सामान्य बजट। राज्यपाल का अभिभाषण सरकार की उपलब्धियों और भावी कार्य योजनाओं का दस्तावेज होता है, जिसके माध्यम से प्रदेश की जनता को संबोधित किया जाता है। इस पर सदन में माननीय सदस्य विस्तृत चर्चा करते हैं। उन्होंने कहा कि 11 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2026-27 का सामान्य बजट प्रस्तुत किया जाएगा, जिस पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बजट सत्र की कार्यवाही 20 फरवरी तक चलेगी। मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि राज्यपाल के अभिभाषण के बाद आज पहली बार सदन में आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार ने उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नया आयाम दिया है और लंबे समय तक 'बीमारू राज्य' कही जाने वाली छवि को बदला है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश ने आर्थिक क्षेत्र में ब्रेक थ्रू किया है, प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है और रोजगार के अवसर लगातार बढ़े हैं।

### बजट सत्र के दौरान चलने वाले स्वास्थ्य शिविर का मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजट सत्र की शुरुआत से पूर्व विधान भवन में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया। यह स्वास्थ्य शिविर उत्तर प्रदेश विधान सभा और विधान परिषद सदस्यों के लिए लगाया गया है, जिसमें केजीएमयू के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। उद्घाटन के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष, उप मुख्यमंत्री, मंत्रियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। उत्तर प्रदेश विधानमंडल के सभी सदस्यों के स्वास्थ्य परीक्षण के उद्देश्य से स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा यह शिविर आयोजित किया गया है। यह शिविर माननीय सदस्यों के साथ-साथ विधान भवन में उपस्थित अन्य लोगों की सुविधा के लिए भी उपलब्ध रहेगा। योगी ने कहा कि स्वस्थ दिनचर्या हर नागरिक का अधिकार होना चाहिए और प्रदेश सरकार इस दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

## पंजाब के लॉ कॉलेज में छात्रा का मर्डर कर की आत्महत्या

चंडीगढ़, वार्ता

■ परिजनों का आरोप पुलिस ने सही जानकारी नहीं दी

पंजाब के तरनतारन जिले के गांव उस्मा में स्थित एक मशहूर लॉ कॉलेज में सोमवार सुबह एक नौजवान छात्र ने कॉलेज कैंपस के अंदर ही अपनी साथी छात्रा के सिर में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। इतना ही नहीं युवक ने मौके पर ही खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली, उसकी भी मौत हो गई है।

गोली लगने से लड़की की मौके पर ही मौत हो गई। इस हमले के बाद कॉलेज में मौजूद छात्र और स्टाफ में भगदड़ मच गई। इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। मरने वाली छात्रा की पहचान संदीप कौर के तौर पर हुई, वहीं गोली मारने वाले शख्स का नाम प्रिंस राज है। जैसे ही घटना का पता चला, मौके पर पहुंचे परिवार वालों ने कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ अपना विरोध जताया। परिवार और पंचायत सदस्यों ने आरोप लगाया कि इतना मशहूर कॉलेज होने के बावजूद सुरक्षा के नाम पर कोई इंतजाम नहीं है। उन्होंने कहा कि एक नौजवान छात्र कॉलेज के अंदर पिस्तौल लेकर आया है, यह भी जांच का विषय है। उन्होंने कहा कि कॉलेज मैनेजमेंट समेत वहां के प्रिंसिपल के खिलाफ सही एक्शन लिया जाना चाहिए, क्योंकि घटना के बाद कॉलेज प्रशासन ने परिवार को सच नहीं बताया। परिवार वालों ने कहा कि कॉलेज प्रशासन ने सिर्फ उनसे इतना ही कहा कि वे लोग जल्द कॉलेज पहुंचे। उनकी बेटी घायल है।

परिवार के सदस्यों ने कहा कि जब वे कॉलेज पहुंचे, तो उनकी बच्ची मरी हुई पड़ी थी। उन्होंने कहा कि कॉलेज ने अपनी तरफ से वकील और पुलिस बुला ली है और उन्हें उनकी बेटी का चेहरा भी नहीं देखने दिया जा रहा है और न ही इस मामले में कोई जानकारी दी जा रही है। इस बीच इस मामले को लेकर मौके पर पहुंचे जांच अधिक. ारी ने मामले की अच्छी तरह से जांच की है। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज कब्जे में ली है।

## आंनदीबेन का संबोधन विकास से दूर: मायावती

### बसपा ने गंभीर सवाल खड़े किए

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत पर राज्यपाल के अभिभाषण को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि संसदीय परंपरा के अनुसार दिया गया यह संबोधन प्रदेश के वास्तविक विकास, सर्वसमाज के उत्थान और व्यापक जनहित के मुद्दों से भटका हुआ नजर आया।

यह वास्तविक व थोड़ा उत्साही होता, तो यह बेहतर होता। सोमवार को सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए मायावती ने कहा कि वास्तव में पूरे उत्तर प्रदेश में सर्वसमाज के करोड़ों लोग सरकार की गलत नीतियों व कार्यकलापों आदि से दुखी व त्रस्त हैं। जिसके प्रति राज्यपाल को सरकार का ध्यान आकर्षित कराना चाहिए था। प्रदेश की जनता के साथ-साथ विपक्ष को भी थोड़ा आश्वासन मिलता, विपक्ष की नारेबाजी होती रही तथा हंगामा भी होता रहा। राज्यपाल के सम्बोधन में भाजपा की सरकार द्वारा जनहित व जनकल्याण सम्बंधी बड़े-बड़े दावों, आश्वासनों, घोषणाओं व वादों आदि को पूरा करने सम्बंधी विवरणों का अभाव भी लोगों की चिन्ता का कारण रहा।

### एनएचएम संविदा कर्मियों का वेतन संकट गहराया, संघ ने की हस्तक्षेप की मांग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत संविदा स्वास्थ्य कर्मियों को दिसंबर 2025 से वेतन न मिलने के कारण हालात लगातार गंभीर होते जा रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ ने राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग के समक्ष कड़ा विरोध जताते हुए तत्काल समाधान की मांग की है। संघ के अध्यक्ष डा. अनिल गुप्ता और महामंत्री योगेश उपाध्याय की ओर से उपमुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि एनएचएम के तहत कार्यरत अल्प वेतनभोगी संविदा कर्मी पूरी तरह अपने मासिक वेतन पर निर्भर रहते हैं। लगातार दो माह से वेतन न मिलने के कारण कर्मचारियों के सामने घर का किराया, बच्चों की पढ़ाई, भोजन, दवा और अन्य आवश्यक खर्चों को पूरा करना मुश्किल हो गया है।

## डा. मिर्जा शफीक ने देश का नाम रोशन किया: राज्यपाल

पटना, वार्ता



बिहार के राजपाल आरिफ मुहम्मद खान ने कहा है कि उर्दू स्कॉलर डा.मिर्जा शफीक हुसैन शफक ने देश का नाम रोशन किया है।

इस मौके पर डा.मिर्जा शफीक हुसैन शफक ने गवर्नर आरिफ मुहम्मद खान से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर बात करते हुए उन्हे अपनी किताबें 'इरफान सिद्दीकी,शख्स और शायर' और सेरफि ए अदब भेंट कीं। गवर्नर आरिफ मुहम्मद खान ने कहा कि डा. मिर्ज़ा शफीक हुसैन शफक ने बहुत कम समय में उर्दू अदब में अपनी एक अलग और खास जगह बनाई है। उर्दू आलोचना को लेकर अदब की दुनिया में उनका नाम बड़े आदर और तहजीब से लिया जाता है। जिस तरह उन्होंने अदब की दुनिया में नाम कमाया है, उसी तरह वे इस्लामी दुनिया में भी एक बेमिसाल वक्ता के तौर पर मशहूर हैं। उनकी लिखी दर्जनों किताबें आज हमारे अदब का बहुत कीमती खजाना हैं। आरिफ मुहम्मद खान ने आगे कहा कि हमें उम्मीद है कि डा. मिर्जा शफीक हुसैन शफक इसी लगन से अदब और दीन की सेवा करते रहेंगे और देश का नाम रोशन करने में अपना योगदान देते रहेंगे। डा.मिर्जा शफीक हुसैन शफक ने गवर्नर हाउस में हुए स्वागत के लिए बिहार के गवर्नर आरिफ मुहम्मद खान का शुक्रिया अदा किया।

## जैव विविधता प्रबंधन समितियों को 46 लाख रुपये दिए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जैव-विविधता प्राधिकरण ने जैव विविधता संरक्षण और जैविक संसाधनों के इस्तेमाल से प्राप्त लाभ का पारदर्शी तथा समान वितरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्यों के बोर्डों को 45.05 लाख रुपये वितरित किए है। आधिकारिक सूचना में सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि जैव-विविधता बोर्डों और केंद्र शासित प्रदेश जैव-विविधता परिषदों के जरिए लाभार्थियों को यह राशि दी जाएगी। इस भुगतान से 10 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में स्थापित 90 से अधिक जैव विविधता प्रबंधन समितियों और आंध्र प्रदेश के 15 लाल चंदन किसानों को लाभ मिलेगा। जिन राज्यों को यह सहायता दी गई है, उनमें तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गोवा, महाराष्ट्र, असम, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और लद्दाख शामिल हैं। यह लाभ-साझाकरण की राशि विभिन्न जैविक संसाधनों के उपयोग से उत्पन्न हुई है, पहुंच और लाभ-साझाकरण व्यवस्था के तहत, कंपनियों द्वारा अर्जित व्यावसायिक लाभ का एक हिस्सा संबंधित समुदायों को लौटाया जाता है। इससे न केवल उनकी आजीविका में सुधार होता है, बल्कि उन्हें जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण के लिए प्रेरणा भी मिलती है।

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



सेंसेक्स 84065.75
निफ्टी 25867.30



सोना रु. 157400
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 261000
प्रति किलो



## शेयर बाजारों में तेजी जारी सेंसेक्स 485 अंक चढ़ा

मुंबई, वार्ता



अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते और विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 485.35 अंक (0.58 प्रतिशत) की बढ़त में 84,065. 75 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 173.60 अंक यानी 0.68 प्रतिशत ऊपर 25,867.30 अंक पर बंद हुआ। अमेरिका और भारत के बीच अंतर्. रम व्यापार समझौते पर दोनों देशों की ओर से 7 फरवरी को जारी साझा वक्तव्य में इसकी मुख्य बातों का खुलासा किया गया था। इससे आज निवेश धारणा को मजबूती मिली और बाजार में तेजी रही। बाजार में आज चौतरफा लिवाली रही। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.33 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.64 प्रतिशत की बढ़त में रहा। सभी सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में रहे। सार्वजनिक बैंक, वित्त, मीडिया, धातु, फार्मा, रियलटी, स्वास्थ्य, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों के सूचकांकों में ज्यादा तेज रही। सेंसेक्स की कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक का शेयर सात प्रतिशत से अधिक उछला। टाइटन, टाटा स्टील और अल्ट्राटेक सीमेंट में ढाई से तीन प्रतिशत के बीच बढ़त रही। इटरनल, बीईएल, कोटक महिंद्रा बैंक, ट्रेंट, इंडिगो और महिंद्रा एंड महिद्रा के शेयर एक से दो प्रतिशत की बीच चढ़े। एलएंडटी, अडानी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, सनफार्मा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और हिंदुस्तान यूनी. लिवर के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए। पावर ग्रिड और आईटीसी में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी नीचे बंद हुए।

### सोना और चांदी की कीमतों में भारी इजाफा

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी के दाम में आज यानी 9 फरवरी को बढ़त देखने को मिली है। सोमवार दोपहर 3 बजे के करीब एमसीएक्स पर सोने का भाव 1,57,400 रुपये/10 ग्राम के करीब है। आज सोने में 1.25 प्रतिशत का उछाल देखा जा रहा है। वहीं चांदी की कीमतें आज सुबह से 4.45 प्रतिशत या 11,108 रुपये तक बढ़ चुकी है। चांदी फिलहाल एमसीएक्स पर 2.61 लाख/ किलो के पार पहुंच गई है। सर्राफा बाजार में सोने ने 29 जनवरी को 1,76,121 और चांदी ने 3,85,933 रुपए का हाई बनाया था। पिछले तीन कारोबारी सत्रों में सोने-चांदी की कीमतों में तेज गिरावट आई थी। इस दौरान सोना करीब 15 प्रतिशत तक सस्ता हो गया था।अब कीमतें स्थिर होते ही निवेशकों ने निचले स्तर पर खरीदारी शुरू कर दी है। हालांकि जानकारों का कहना है कि अभी सोने-चांदी में एकमुश्त पैसा लगाने से बचना चाहिए। इसकी जगह धीरे-धीरे निवेश करना ज्यादा फायदेमंद होगा। एक्सपर्ट ने चांदी की कीमतों पर बताया है कि मार्केट में डिमांड बरकरार है। प्रॉफिट बुकिंग अगर कम हो जाती है, तो एक बार फिर से चांदी के रेट में बड़ा इजाफा देखने को मिल सकता है। सोने-चांदी में आज निवेशकों ने खरीदारी का माहौल बनाया है।

## चावल ,चीनी, दालें महंगी, गेहूं सस्ता, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ चीनी और दालों की कीमतों में भी तेजी रही जबकि गेहूं में भी नरमी देखी गई। खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 94 रुपये बढ़कर 3,850 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं भी 31 रुपये टूट गया और 2,851 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 42 रुपये सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 198 रुपये बढ़ गई। चना दाल 157 रुपये और मसूर दाल 130 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मूंग दाल 102 रुपये और उड़द दाल 32 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा आठ रिगिट बढ़कर 4,162 रिगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमे. रिकी सोया तेल का मार्च वायदा भी 1.55 प्रतिशत की मजबूती के साथ 56.19 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल की औसत कीमत 131 रुपये और पाम ऑयल की 102 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। सूरजमुखी तेल में 45 रुपये और मूंगफली तेल में 30 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। वनस्पति की कीमत 88 रुपये और सरसों तेल की 39 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 118 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी 17 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोंहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**विपक्ष की...**

रैंकिंग में सम्मिलित विश्वविद्यालयों की संख्या शून्य से बढ़कर 7 हो गई है। लखनऊ विश्व. विद्यालय और छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर को क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग में एसडीजी श्रेणी में स्थान प्राप्त हुआ है। आनंदीबेन ने कहा कि कृषि शिक्षा के क्षेत्र में भी प्रदेश ने नई उपलब्धियां हासिल की हैं। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज (अयोध्या) को नैक की सर्वोच्च ए प्लस प्लस ग्रेडिंग मिली है, जबकि सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि विश्व. विद्यालय, मेरठ और बांदा कृषि विश्वविद्यालय, बांदा को नैक की 'ए' ग्रेडिंग प्राप्त हुई है। कानून-व्यवस्था पर बोलते हुए राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपराध और माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। नवम्बर 2019 से अब तक 35 माफिया और 94 सह-अपराधियों सहित कुल 129 को आजीवन कारावास अथवा अन्य अवधि के कारावास और अर्थदंड से दंडित कराया गया है। इस दौरान 2 मामलों में मृत्युदंड की सजा हुई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से अब तक 267 अपराधी मुठभेड़ों में मारे गए हैं और 977 अभियुक्तों को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत निरुद्ध किया गया है। माफिया अपराधियों से 4,137 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध रूप से अर्जित संपत्ति जब्त की जा चुकी है। शिक्षा के बुनियादी ढांचे पर प्रकाश डालते हुए राज्यपाल ने बताया कि प्रदेश के सभी 75 जनपदों में दो-दो विद्यालयों को मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय और एक-एक विद्यालय को मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के दौरान परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में शिक्षकों के उपयोग के लिए 2 लाख 61 हजार से अधिक टैबलेट वितरित किए गए हैं। वर्ष 2025-26 में दुर्बल वर्ग के बच्चों के लिए निजी विद्यालयों में नि:शुल्क शिक्षा के अंतर्गत 1 लाख 40 हजार से अधिक बच्चों का प्रवेश कराया गया। राज्यपाल ने बताया कि प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत जर्जर विद्यालय भवनों का नवनिर्माण और सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक 275 करोड़ रुपये की धनराशि से 590 सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों को इस योजना से आच्छादित किया गया है। अंत में राज्यपाल ने कहा कि इन उपलब्धियों ने उत्तर प्रदेश की भावी विकास यात्रा को सुदृढ़ आधार दिया है और प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है।

**एसआईआर में रुकावट...**

अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी केवल ईआरओ की सहायता करना होगी, क्योंकि अंतिम निर्णय ईआरओ का ही होगा। चूंकि सरकारी अधिकारियों का एक नया समूह शामिल किया गया है, इसलिए प्रभावित व्यक्तियों द्वारा जमा किए गए दस्तावेजों की जांच प्रक्रिया में अधिक समय लगने की संभावना है। इसलिए ईआरओ को जांच पूरी करने और निर्णय लेने के लिए 14 फरवरी के बाद एक सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया जाए। पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया को आसान बनाने और चिंताओं के समाधान के लिए कोर्ट अंतरिम निर्देश जारी कर रही है। राज्य सरकार सुनिश्चित करे कि सभी 8,555 ग्रुप बी अधिकारी, जिनकी सूची सोमवार को सौंपी गई है, शाम 5 बजे तक जिला चुनाव अधिकारियों (डीआरओ) को रिपोर्ट करें।

चुनाव आयोग (ईसीआई) के पास मौजूदा ईआरओ और एईआरओ को बदलने और योग्य पाए जाने पर अधिकारियों की सेवाओं का उपयोग करने का अधिकार होगा। तारीख बढ़ाने का आदेश पारित करने से पहले चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया में लगे सभी अधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) को रिपोर्ट करेंगे। कोर्ट ने मुकदमे की सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील को अनुशासन का पाठ भी पढ़ाया। उन्होंने कहा कि सब एक साथ बोल रहे हैं और एक-दूसरे की बात काट रहे हैं, जिससे सुनवाई करना मुश्किल हो रहा है। चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली इस पीठ में जस्टिस जॉयमाल्या बागची और एनवी अंजरिया भी शामिल हैं।

## ओवैसी ने असम के सीएम के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई

हैदराबाद, वार्ता



■ मुसलमानों के खिलाफ हिंसक वीडियो को लेकर आपराधिक कार्रवाई की मांग की

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ हैदराबाद पुलिस में एक शिकायत दर्ज कराई है। हाल ही में भाजपा के असम राज्य के सोशल मीडिया अकाउंट पर मुस्लिम विरोधी वीडियो अपलोड किया गया था, जिसमें असम के मुख्यमंत्री सरमा मुस्लिम व्यक्तियों पर गोलियां चला रहे हैं। हालांकि विवाद बढ़ने के बाद उस वीडियो को पोस्ट से डिलीट कर दिया गया। ओवैसी ने इस मामले को लेकर हैदराबाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए असम सीएम के खिलाफ तुरंत आपराधिक कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस कमिश्नर वीसी सज्जनार के पास सरमा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए हैदराबाद के सांसद ओवैसी ने कहा कि उन्होंने (हिमंत बिस्वा सरमा) जानबूझकर और गलत इरादे से मुसलमानों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री पर दो धार्मिक समुदायों के बीच दुश्मनी बढ़ाने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह देश की एकता के लिए नुकसानदायक है। सांसद ओवैसी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि उन्होंने पुलिस कमिश्नर के पास शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें सरमा के खिलाफ उनके (अब डिलीट किए गए) हिंसक वीडियो के लिए क्रिमिनल एक्शन की मांग की गई है, जिसमें वे मुसलमानों को गोली मारते हुए दिख रहे हैं। ओवैसी ने पोस्ट किया कि दुर्भाग्य से नरसंहार वाली हेट स्पीच एक आम बात हो गई है। उन्होंने कमिश्नर को लिखा कि पिछले कई सालों से सरमा सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया, पब्लिक स्पीच और दूसरे प्लेटफॉर्म के जरिए लगातार मुस्लिम समुदाय के खिलाफ बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कई भाषण अभी भी पब्लिक डोमेन में मौजूद हैं। पत्र में लिखा है कि हाल के महीनों में मुख्यमंत्री सरमा ने जानबूझकर अपने हेट स्पीच तेज कर दिए हैं, जिनका साफ और सोचा-समझा इरादा मुसलमानों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना और हिंदुओं और मुसलमानों के बीच दुश्मनी और नफरत को बढ़ावा देना है, यह अच्छी तरह जानते हुए भी कि ऐसे इल्जाम देश की एकता के लिए नुकसानदायक हैं और सांप्रदायिक सद्भाव को नुकसान पहुंचाते हैं। असम भाजपा के ऑफिशियल एक्स अकाउंट से 7 फरवरी को पोस्ट किया गया एक हालिया वीडियो जिसे एक दिन बाद हटा दिया गया था, लेकिन अभी भी सोशल मीडिया पर मौजूद है।वीडियो में इस्तेमाल की गई तस्वीरें और पाइंट ब्लैंक शूट और नो मर्सी जैसे बयान जानबूझकर और गलत इरादे से किया गया काम है, जिसका मकसद मुसलमानों की भावनाओं को ठेस पहुंचाना, धार्मिक समुदायों के बीच नफरत और दुश्मनी को बढ़ावा देना और सांप्रदायिक हिंसा भड़काना है।

# जिला बार संघ चुनाव में पंचकोणीय मुकाबला

## अध्यक्ष, महासचिव सहित मुख्य पदों पर पांच-पांच प्रत्याशियों ने कराए नामांकन

**13 फरवरी को होगा मतदान, 14 को पता चलेगा कौन बना अध्यक्ष?**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जिला बार संघ चुनाव को लेकर आज कचहरी परिसर में गहमा-गहमी रही। नामाकंन कराने के बाद प्रत्याशियों ने अपने-अपने पक्ष में वोट मांगने भी शुरू कर दिए है।

गौरतलब है कि दस फरवरी को नाम वापसी तथा तेरह फरवरी को मतदान और चौदह फरवरी को मतगणना होनी है। जिला बार संघ के चुनाव में कुल 2369 अधिवक्ता वोट डालेगे। आज अध्यक्ष पद के लिए अनिल जिंदल, अर्जुन सिंह, प्रमोद त्यागी, मौ. अंजुम खान व सुरेन्द्र पाल मैनवाल ने नामांकन पत्र दाखिल किए, जबकि महासचिव पद हेतू जितेन्द्र कुमार, नवाब अली चौधरी, प्रदीप कुमार मलिक, विकास त्यागी व सुरेन्द्र कुमार मलिक ने नामांकन कराया। वरिष्ठतम उपाध्यक्ष पद हेतू ईश्वर चंद त्यागी, चन्द्रवीर चौधरी, धर्मेन्द्र कुमार पुण्डीर, नरेन्द्र सिंह व स्वर्ण सिंह ने तथा कोषाध्यक्ष पद हेतू अबरार अहमद, अमित कुमार जैन, निशुकांत शर्मा, मनव्वर हुसैन, सुधीर कुमार चौहान व सुभाष चंद ने ताल ठोकी है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतू अब्दुल हक्क, देवेन्द्र कुमार कैल, राधेश्याम त्यागी, शौकिन्द्र कुमार, सनसवीर व संदीप कुमार नवास ने तथा उपाध्यक्ष पद हेतू अमित भारद्वाज, अमित मैनी, कृष्णपाल, नीरज कुमार, मौ. गुल. बहार त्यागी, मौ. यासीन व सुरेश चौधरी ने तथा सहसचिव पद हेतू गीतारानी, जुबैर त्यागी, निशा रानी, पंकज कुमार, मीनाक्षी द्विवेदी, मौ. ताजीम, राजीव कुमार सिंघल, श्रीमति शशिप्रभा व शांतनु पुण्डीर ने नामांकन कराया है। वरिष्ठ सदस्य पद हेतू कमल कुमार बिल्टोरिया, कमल कुमार मित्तल, कमल कृष्ण गुप्ता, जय कुमार नायडू, तरूण सौदे, दीपक कुमार धीमान, प्रशांत कुमार राजा, महिपाल सिंह, मुस्तकीम अली, राजीव कुमार जैन, राजेश कुमार सैनी व विपुल शर्मा ने तथा कनिष्ठ सदस्य पद पर अभिषेक भ्रमन, आदर्श चौधरी, आदिश वर्मा, आशू धीमान, कमरूना गौर, नरेन्द्र सिंह, नितिन कुमार राठी, प्रभात बालियान, प्रविन्द्र कुमार, प्रिंस गोलियान, मनोज कुमार, मौ. ताहिर राव, मौ. शाहवेज, रामवीर सिंह, विराट शर्मा, शिखा चौधरी, सद्दाम हुसैन त्यागी व सुमित कुमार सहरावत ने नामांकन दाखिल किया। मुख्य चुनाव अधिकारी उदय वीर सिंह पौरिया ने बताया कि यदि कोई प्रत्याशी नाम वापसी लेना चाहता है तो वह दस फरवरी को प्रातः दस बजे से एक बजे तक नामांकन वापस ले सकता है। उन्होने सभी से आदर्श आचार संहिता का पालन करने का आह्वान भी किया।







### पंक्चर मिस्त्री की मौत से छाया शोक

**मुजफ्फरनगर।** टॉल प्लाजा के समीप टायर पंक्चर की दुकान में हुए दर्दनाक हादसे के दो दिन बाद भी लोगों में जहां दहशत देखी गई वहीं युवक की मौत पर अभी भी तक लोगो में शोक छाया हुआ है। इस दौरान ग्राम मुझेडा सादात के दिलशाद पुत्र आदिल 23 वर्ष की उस समय मौत हो गई थी जब वह कैन्टर में हवा भर रहा था और टायर बम की तरह फट गया था।

# कलेक्ट्रेट में बीएसए के खिलाफ धरना

## मांगेराम ने किया भाजपा कार्यालय पर हवन का ऐलान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय त्यागी भूमिहार ब्राहमण समाज समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मांगेराम त्यागी सहित कई दर्जन लोगों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के खिलाफ कचहरी परिसर में धरना दिया। प्रदर्शन का उद्देश्य जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में करीब पन्द्रह वर्षो से संविदा कर्मचारी विकास कुमार त्यागी की संविदा समाप्त करने का उद्देश्य था। धरना देने गए मांगेराम त्यागी और उनके समर्थकों ने स्पष्ट कहा कि यदि पीडित को न्याय नहीं मिला तो यह संघर्ष लम्बा हो जाएगा और वह किसी मामले से पीछे नहीं हटे गे। उन्होने कहा कि आंदोलन के लिए पीड़ित परिवार के साथ भाजपा कार्यालय पर हवन होगा।

बता दे कि बीएसए कार्यालय में करीब पन्द्रह वर्ष से जिला समन्वयक मिड डे मील के पद पर संविदा कर्मचारी के पद पर कार्यरत विकास त्यागी को बीएसए संदीप कुमार ने अनियमितता का आरोप लगाते हुए उन्हे हटा दिया था। इसके बाद से उनके पक्ष में लगातार आंदोलन और प्रदर्शन का दौर चल रहा है।

इतना ही नहीं आरोप प्रत्यारोप का सिलसिला भी जारी है इसी कडी में पिछले दिनों राष्ट्रीय त्यागी भूमिहार ब्राहमण समाज समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मांगेराम त्यागी ने एक प्रेसवार्ता कर बीएसए पर गंभीर आरोप लगाते हुए आंदोलन की चेतावनी दी थी। जब इस मामले में कोई इंसाफ नहीं मिला तो सोमवार को मांगेराम त्यागी और पीड़ित विकास त्यागी तथा समाज और संगठन से जुडे लोग कलेक्ट्रेट पहुंचे। इसके बाद उन्होने डीएम कार्यालय के पास धरना दिया। इस प्रदर्शन के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौर को एक ज्ञापन दिया।

जिसमें सभी समस्याओं से अवगत कराया गया साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि समस्या का हल नहीं हुआ तो पन्द्रह फरवरी को भाजपा के जिला मुख्यालय पर भारी भीड़ पहुंचकर हवन करेगी। मांगेराम त्यागी ने आरोप लगाया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अपने कर्मचारियों का उत्पीडन करते है और अन्य गंभीर आरोप भी लगाए है। सभी लोग धरने पर बैठ गए।

इसी बीच बुढ़ाना के पूर्व विधायक उमेश मलिक और बीएसए के बीच कहासुनी हुई थी जिसका वीडियो वायरल हुआ था।



मुजफ्फरनगर: कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठे लोगों को संबोधित करते मांगेराम त्यागी।

# डीएम व एसएसपी से उद्योगपतियों ने की शिकायत

## कुछ लोगों पर उत्पीड़न, प्लांट उखाड़ने, पत्थराव की धमकी का लगाया आरोप

**पुलिस प्रशासन से कार्रवाई और सुरक्षा की लगाई गुहार**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सोमवार को उद्योगपतियों का प्रतिनिधि मण्डल जिलाधिकारी और एसएसपी से मिला। उन्होने कुछ लोगों पर धमकी देने, प्लांट उखाडने और अन्य उत्पीडन का आरोप लगाते हुए न्याय और सुरक्षा की मांग उठाई है। उद्योगपतियों ने लगातार हो रहे हमलों पर भी चिंता जताई है। अब देखना यह है कि पुलिस प्रशासन की जांच में क्या मिलता है और पुलिस प्रशासन इस मामले में क्या कार्यवाही करता है।

फेडरेशन ओर मुजफ्फरनगर कॉमर्स इंडस्ट्रीज के बैनर पर उद्योगपतियों का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी और एसएसपी से मिला तथा उद्योगों पर हो रहे हमलों पर चिंता जताई फेडरेशन के सचिव अभिषेक अग्रवाल ने आरोप लगाया कि दो दिन पूर्व कुछ असामाजिक तत्व के द्वारा रामपुर तिराहे से आगे बामन दरें पुल के पास अंशुल सिंघल की तिरुपति एंटरप्राइज़ के नाम से प्लांट में कूदकर अंदर पहुंचे और फैक्ट्री के अन्दर कूदकर डराने और धमकाने का आरोप लगाया गया। अधिकारियों को यह भी जानकारी दी गई कि फैक्ट्री के अन्दर घुस आए लोगो ने पत्थराव करने और उत्पीडन की चेतावनी दी है। यह भी आरोप लगाया कि उक्त लोगों ने प्लांट उखाडने के लिए भी दबाव बनाया। जिलाधिकारी को दिए गए शिकायते पत्र में यह भी बताया गया कि दो दिन पूर्व भी संयुक्त वैश्य मोर्चा के द्वारा ज्ञापन दिया गया था आज भी दिए गए ज्ञापन मे उद्योगपतियों ने अन्य शिकायतों का हवाला देते हुए उत्पीडन की बात कही और सुरक्षा की मांग भी रखी।

जिलाधिकारी व एसएसपी से मिलने पहुंचे उद्योगपतियों ने उत्पीडन करने वाले आरोपियों के खिलाफ जहां कार्यवाही की मांग की तो वहीं सुरक्षा और न्याय की मांग भी उठाई है।

बता दे कि इससे पहले भी उद्योगपति जिलाधिकारी व एसएसपी से मिलकर कुछ लोगों पर गम्भीर आरोप लगा चुके है। उद्योगपतियों और दूसरे पक्ष के बीच काफी समय से आरोप प्रतियारोप का सिलसिला जारी है, लेकिन देखना यह है कि इसमें कौन दोषी है और पुलिस प्रशासन इस मामले में क्या कार्यवाही करता है, फिलहाल सोमवार को पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों से मिलने वालों में मुख्य रूप से अंकुर गर्ग, अभिषेक अग्रवाल सचिव, आशीष गर्ग सह सचिव, शलभ गुप्ता व्यापारी एवं वैश्य समाज नेता , मनीष सिंहल, सत्यप्रकाश रेशु, राकेश जैन उपाध्यक्ष, अंकित सिंघल, अशोक अग्रवाल, अंशुल सिंघल, दीपक जैन आदि व्यक्ति मौजूद रहे।

# डीएफसी रेलवे लाइन फिर बनी मौत की वजह, लापरवाही पर उठे सवाल

**65 वर्ष की वृद्ध महिला माल गाड़ी की चपेट में आई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** रेलवे विभाग भले ही देशभर में सुरक्षा को लेकर बड़े-बड़े दावे करता हो, लेकिन खतौली में जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोलती नजर आ रही है।

जानसठ मार्ग पर स्थित डीएफसी रेलवे लाइन लगातार राहगीरों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। बीते एक माह के भीतर कई लोगों की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो चुकी है, बावजूद इसके सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए हैं। सोमवार को एक और दर्दनाक हादसे में रेलवे की लापरवाही सामने आई। डीएफसी लाइन पार कर रही लगभग 65 वर्षीय एक वृद्ध महिला मालगाड़ी की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला लाइन पार कर रही थी, तभी विपरीत दिशा से आ रही मालगाड़ी से हादसा हो गया। सूचना मिलते ही खतौली कोतवाली पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। काफी कोशिशों के बाद भी महिला की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने बताया कि मृतका के दाहिने हाथ पर का चिन्ह बना हुआ है। उसने नीले रंग की साड़ी और काले रंग की पूरी बाजू की जर्सी पहन रखी थी। घटना के बाद स्थानीय लोगों में गुस्सा साफ दिखाई दिया। उनका कहना है कि डीएफसी रेलवे लाइन पर न तो सुरक्षित क्रॉसिंग की व्यवस्था है और न ही पर्याप्त चेतावनी संकेत लगाए गए हैं। इसी वजह से लगातार हादसे हो रहे हैं। लोगों ने रेलवे विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द ठोस सुरक्षा कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में किसी और परिवार को इस तरह का नुकसान न झेलना पड़े।

### कोटेदारों ने डीएसओ को बताई समस्याएं

**मुजफ्फरनगर।** राशन वितरण व्यवस्था को लेकर कोटेदार डीएसओ से मिले और भारतीय सस्ता गल्ला के बैनर तले ज्ञापन दिया। कोटेदारों ने तकनीकी और आर्थिक समस्याओं से अवगत कराते हुए कार्य में असमर्था व्यक्त की।

सोमवार को दर्जनभर राशनडीलर भारतीय सस्तागल्ला संघ के अध्यक्ष ठाकुर सुंदर सिंह सोम के नेतृत्व में डीएसओ ओम हरि वाजपेयी से मिले। उन्होने एक पत्र के माध्यम से डीएसओ को अवगत कराया कि सर्वर और सॉफ्टवेयर की समस्या से ई-पॉस मशीनों से वितरण करना कठिन हो रहा है। उन्होने बताया कि सर्वर और सॉफ्टवेयर संबंधी समस्याएं हो रही है। और मशीनों में तकीनी खामिया कम कराने और कमिशन में वृद्धि की मांग भी की।



मुजफ्फरनगर: जिलाधिकारी को अपनी समस्याओं से अवगत कराते उद्योगपति।

# मुर्गो की लड़ाई पर सट्टा खेलने पर कार्रवाई

## सभी आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार, 11 वाहन जब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तितावी/मुजफ्फरनगर।** बाजी किसी भी तरह की है अब यह कानूनी अपराध की श्रेणी में आता है। कबूतर बाजी हो या सट्टेबाजी चाहे जुअेबाजी हो या नशीले पदार्थ बेचने की बाजी हो। ऐसे मामलों में लिप्त लोगों को जेल की हवा खानी ही पडेगी, ऐसा पुलिस का कहना है। ऐसा ही एक मामला तितावी क्षेत्र मे देखने को मिला जहां पुलिस ने मुर्गे की लडाई कराकर पैसे की हार-जीत लगाने वाले लोगों पर पुलिस ने कानूनी कार्यवाही करते हुए उनकी बाइक और ई-रिक्शा सहित ग्यारह वाहन भी अपने कब्जे में किए है। जनपद पुलिस अवैध कारोबार पर लगातार कार्यवाही कर रही है। वहीं अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए उनको लंगडा किया जा रहा है और पुलिस गैंगस्टर के आरोपियों की सम्पत्ति भी जब्त कर रही है। कुल मिलाकर पुलिस अपराधियों के लिए मुसिबत बनी हुई है। अब किसी भी तरह की बाजी लगाना भी पुलिस के लिए अपराध है। तितावी पुलिस ने गांव अलीपुर खुर्द मार्ग पर पहुंचकर मुर्गो की लडाई कराकर पैसे की हार जीत कर रहे लोगों की घेरा बंदी की, लेकिन पैसों की हार जीत का खेल खेल रहे सभी आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। अब पुलिस के सामने मुर्गो की लडाई कराकर हार जीत कर रहे लोगों के वाहन खडे नजर आए। पुलिस ने ई-रिक्शा सहित ग्यारह बाइके अपने कब्जे में की और लिखापढ़ी के बाद आरोपियों के मकान पर छापे मारे।



# किशोरी से छेड़खानी व परिवार पर हमले का आरोप

**पीड़ित परिवार ने एसएसपी को दिया शिकायती पत्र**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** किशोरी के साथ छेड़छाड और घर में घुसकर हमला करने वालों के खिलाफ पीडित परिवार ने एसएसपी से इंसाफ की गुहार लगाई है। पीड़ित परिवार ने एक शिकायती पत्र देकर अन्य गंभीर आरोप भी लगाए है। एसएसपी ने इस मामले की जांच नई मंडी पुलिस को सौंपी है।

सोमवार की सवेरे नई मंडी क्षेत्र का एक पीड़ित परिवार पुलिस कार्यालय पहुंचा जहां किशारी के माता-पिता ने एसएसपी के नाम एक शिकायती पत्र दिया। जिसमें बताया गया कि सात फरवरी को करीब साढ़े सात बजे पडौस का ही युवक अपने साथियों के साथ घर में घुस आया और उसकी बहन को गलत नीयत से पकड लिया। आरोप लगाया कि शोर शराबे की आवाज सुनकर जब वह तथा उसकी मां पहुंची तो आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में पीडित परिवार ने अन्य गंभीर आरोप भी लगाए है। इस दौरान घायल हुआ किशोरी का भाई भी एसएसपी के समक्ष पेश हुआ है।

# सुनार की दुकान से जेवर चोरी में आरोपी दबोचा

**पांच सोने की अंगुठियां बरामद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** कोतवाली पुलिस ने सर्राफ की दुकान में घुसकर बडे ही शातिर अंदाज में जेवर चोरी करने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया है। घटना एक सप्ताह पुरानी है और पुलिस लगातार आरोपी की तलाश मे थी। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से पांच अंगुठी बरामद होना भी बताया है।

बता दे कि तीन फरवरी को नवीन कुमार शर्मा पुत्र आनंद कुमार शर्मा निवासी मोतीमहल ने पुलिस को बताया था कि दो फरवरी को जब वह दुकान में बैठे ग्राहकों में व्यस्त थे इसी दौरान एक व्यक्ति दुकान में आया और सोने की अंगुठियां चोरी कर ले गया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की अंगुठी बरामद की है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में नाहिद हसन पुत्र युनूस निवासी ग्राम नंगला रियावली थाना रतनपुरी को गिरफ्तार किया गया है।



# बोर्ड परीक्षा में आत्मविश्वास ही सफलता की सबसे बड़ी कूंजी: डॉ. आयशा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) कक्षा 10 व 12 की परीक्षाएं लाखों विद्यार्थी के भविष्य से जुड़ी होती है, यह परीक्षा न केवल विद्यार्थी के ज्ञान का मुल्याकंन करती है बल्कि उनके आत्मविश्वास, समय प्रबंधन और मानसिक संतुलन की भी परीक्षा होती है। सही रणनीति और साकारात्मक सोच के साथ हर विद्यार्थी इस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकता है।

**परीक्षा को चुनौती नहीं अवसर समझे:** अक्सर बोर्ड परीक्षा को लेकर विद्यार्थी में तनाव देखा जाता है, जबकि सच्चाई यह है कि यह परीक्षा उनके पूरे वर्ष की मेहनत का परिणाम होती है परीक्षा से डरने के बजाए इसे अपनी योग्यता दिखाने का अवसर समझना चाहिए।



**प्रश्नपत्र हल करने की प्रभावी रणनीति 1.** प्रश्न पत्र को ध्यान से पढ़े और प्रश्न पत्र मिलने के बाद पहले उसे शांति मन से पढ़े जिन प्रश्नपत्र के उत्तर आपको अच्छे से आते हो उन्हे प्राथमिकता दे। **2.** हर प्रश्न के लिए समय निर्धारित करे। किसी एक प्रश्न पर अधिक समय खर्च न करे, ताकि पूरा प्रश्न पत्र समय पर हल हो सके। **3.** परीक्षा के दौरान साफ और स्पष्ट लिखावट रखे, उत्तर बिन्दुओं में लिखे, महत्वपूर्ण शब्दो को रेखांकित करे। जहां आवश्यक हो चित्र और उदाहरण आवश्य बनाए। **4.** वैकाल्पिनिक प्रश्नों में वहीं प्रश्न चुने जिन पर आपकी पकड मजबूत हो। **5.** उत्तर की संतुलित लम्बाई रखे, न बहुत संक्षिप्त और न ही अनावश्यक रूप से लम्बे उत्तर दे।

परीक्षा के दौरान मानसिक संतुलन बनाए रखे यदि कोई प्रश्न कठिन लगे तो घबराए नहीं, आगे बढ़े और अंत में उस प्रश्न को हल करने का प्रयास करे। आत्मविश्वास और धैर्य ही परीक्षा में सफलता दिलाता है। बोर्ड परीक्षा जीवन का अंत नहीं है, बल्कि एक नया चरण है। असफलता से सीख मिलती है और सफलता मेहनत का परीणाम होती है।



मुजफ्फरनगर: जिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन देने जाते पदाधिकारी।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ अधिवक्ताओं का आंदोलन सातवें दिन भी जारी



**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** तहसील खतौली में कथित भ्रष्टाचार के विरोध में बार एसोसिएशन खतौली के अधिवक्ताओं का आंदोलन सोमवार को सातवें दिन भी पूरी मजबूती के साथ जारी रहा। लगातार धरना-प्रदर्शन और नारेबाजी के बावजूद तहसील प्रशासन की ओर से कोई सकारात्मक पहल न होने पर अधिवक्ताओं में रोष और गहराता जा रहा है।

सोमवार को अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर तहसील परिसर में पैदल मार्च निकाला और भ्रष्टाचार के खिलाफ जोरदार नारे लगाए। अधिवक्ताओं का कहना है कि तहसील में लंबे समय से भ्रष्टाचार की जड़ें गहरी हो चुकी हैं, जिसका खामियाजा न केवल आम नागरिकों बल्कि अधिवक्ताओं को भी भुगतना पड़ रहा है। बार एसोसिएशन खतौली के अध्यक्ष नवीन कुमार उपाध्याय ने कहा कि कई दिनों से आंदोलन जारी होने के बावजूद कोई भी जिम्मेदार अधिकारी वार्ता के लिए सामने नहीं आया है। इससे साफ जाहिर होता है कि तहसील प्रशासन भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों को नजरअंदाज कर रहा है। महासचिव प्रदीप कुमार एडवोकेट ने दो टूक कहा कि जब तक एसडीएम कोर्ट और तहसीलदार कोर्ट में कार्यरत पेसकारों के पटल नहीं बदले जाते, तब तक आंदोलन समाप्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब अधिवक्ता अपनी शिकायत लेकर प्रमुख सचिव, कार्मिक एवं नियुक्ति विभाग, लखनऊ का रुख करेंगे। साथ ही जानसठ तहसील बार एसोसिएशन द्वारा दिए गए समर्थन के लिए आभार व्यक्त करते हुए बताया कि समर्थन में आज और कल हड़ताल का निर्णय लिया गया है। अधिवक्ता सचिन आर्य ने कहा कि सात दिनों से तहसीलदार व उप जिलाधिकारी कार्यालय के सामने धरना-प्रदर्शन चल रहा है, लेकिन किसी भी जिम्मेदार अधिकारी का मौके पर न पहुंचना प्रशासन की संवे. दनहीनता को दर्शाता है। इससे भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वालों की उपेक्षा का संदेश जा रहा है। प्रदर्शन में पूर्व अध्यक्ष जगदीश आर्य, सरदार जितेंद्र सिंह, पूर्व महासचिव दिमाग सिंह, लाल सिंह, नवाब सिंह, राजवीर सिंह, रोशनी सैनी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी तहसील प्रशासन की होगी।

# शाहपुर में हुआ विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन




**शाहपुर।** कस्बे के शाहपुर कन्या इंटर कॉलेज परिसर में संघ शताब्दी वर्ष के अवसर एक विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों महिला-पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ यशवीराश्रम योग साधना केंद्र बघरा के पीठाधीश्वर स्वामी यशवीर जी महाराज ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन के साथ ही पूरे परिसर में देशभक्ति और राष्ट्रीयता का माहौल बन गया।सर्वप्रथम सम्मेलन को संबो. धित करते हुए राष्ट्र सेविका समिति की जिला बौद्धिक प्रमुख बहन कुसुम बंधु ने पंच परिवर्तन का विषय विस्तार से समझाया। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य वक्ता स्वामी यशवीर महाराज ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व का सबसे बड़ा संगठन है, जिसके स्वयंसेवक निस्वार्थ भाव से राष्ट्र सेवा के कार्यों में लगे रहते हैं। उन्होंने कहा कि संघ के स्वयंसेवकों की समाज को संगठित करने मे भूमिका सदैव उल्लेखनीय रही है। उन्होंने उपस्थित लोगों को समाज में एकता बनाए रखने और सेवा भाव से कार्य करने का संदेश दिया।कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संपर्क प्रमुख उदय सिंह ने भी अपने विचार रखे।

कार्यक्रम का सफल संचालन नगर कार्यवाह एडवोकेट संदीप बंसल ने किया। सांस्कृतिक सत्र के दौरान स्थानीय लोकप्रिय गायक सुनील लक्खा और कुमार विशाल ने धार्मिक एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम मे छोटे छोटे बाल प्रतिभागियो वेदांश ,स्वम,आयुष, रूद्र,नमन, यश, परख, दीक्षा, वंशिका, कशिश आदि ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसकी उपस्थित लोगों ने खूब सराहना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में डाक्टर हरवीर आर्य, एडवोकेट संदीप बंसल, एडवोकेट ;षिपाल सैनी, विजय बंसल, जितेंद्र धवन, गौरव गोयल, आदित्य सैनी, डॉक्टर मोहित शर्मा, अनमोल बंसल, अनमोल वर्मा, विशाल सैनी, अर्जुन सैनी, विपिन बंसल आदि का मुख्य सहयोग रहा। सम्मेलन में मुख्य रूप से ब्रह्मचारी मृगेंद्र जी महाराज,महंत राजेश गिरी जी महाराज, वरिष्ठ आरएसएस स्वयंसेवक मनमो. हन दास बंसल, पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी, जिला पंचायत सदस्य विजय चौधरी, हरिओम पुंडीर, योगेश मलिक, प्रदीप पाल, संजीव कुमार मैडिकल, अनिल बंसल, बहन उमा देवी, बीना त्यागी सहित क्षेत्र के सैकड़ों सनातनी महिला-पुरुष उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने अंत में सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और आगंतुको का आभार व्यक्त करते हुए समाज में एकता, सेवा, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जागरूकता का संदेश दिया।

# तहसील बार एसोसिएशन चुनाव में नामांकन पत्र दाखिल



**जानसठ।** तहसील बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए चार एव सचिव पद के लिए चार नामांकन पत्र दाखिल किए गए, आने वाली 12 फरवरी को चुनाव होना है, और 13 फरवरी को परिणाम घोषित किया जाएगा।

सोमवार को तहसील बार एसोसिएशन जानसठ के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद हेतु अजय कुमार पंत, प्रदुमन भेटवाल, जावेद हमायूं, प्रमोद कुमार शर्मा, सचिव पद हेतु प्रमोद कुशाल, चंदबीर सैनी, दीपेश गुप्ता, विनोद कुमार एव कोषाध्यक्ष पद पर मौ0 नईम, अनुज कुमार शर्मा, रघुनाथ सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर शमसुल हसन, नरेश कुमार, लव कुश कुमार, उपाध्यक्ष पद पर अर्जुन सिंह, किरणपाल सैनी, नरेंद्र कुमार सोम, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मौ. इमान अली, अपूर्वा सैनी, नौमान उपसचिव पद पर सहेंद्र कुमार, रोहन चौधरी, राशिद, धन प्रकाश गंगानिया, सतीश चन्द्र, प्रमोद कुमार सैनी, श्रीराम, एवं वरिष्ठ सदस्य, कनिष्ठ सदस्य आदि पदों पर अधिवक्ताओं ने नामांकन पत्र दाखिल किए।

## गांव लोई में विधायक लिखी कार बनी चर्चा का विषय

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढ़ाना क्षेत्र के गांव लोई में एक गाड़ी के अगले शीशे पर विधायक शब्द लिखा हुआ है जबकि इस गांव में कोई भी विधायक नहीं है और ना ही ये गाड़ी किसी भी विधायक की है। विधायक तो इस क्षेत्र में राजपाल सिंह बालियान हैं मगर इस गाड़ी से उनका कोई भी लेना देना नहीं है। गांव लोई में खड़ी हुई इस गाडी का एक वीडियो सोमवार के दिन किसी ग्रामीण ने वायरल कर दिया तो यह बात पता लगी। विधायक लिखी गाड़ी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यह गाड़ी यहां पर कफी दिनों से देखी जा रही है। इस गाड़ी की आड़ में क्या कोई अवैध काम हो रहा है या फिर लोगों पर रौब गालिब करना ही मकसद है यह बात भी यहां पर चर्चाओं मे है और जांच का विषय है।

# घर में घुसकर गाली गलौज कर गोली मारने की दी धमकी

**भोपा।** गांव नन्हेडी में पंचायत चुनाव को लेकर रजिंश के चलते आरोपित ने कार चढाकर युवक को जाने से मारने की कोशिश की। विरोध करने पर आधा दर्जन लोग घर में घुस गए तथा

गोली मारने की धमकी देकर गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पडताल शुरू कर दी।भोपा थाना क्षेत्र के गांव नन्हेडी निवासी फिरोज ने दी तहरीर में बताया कि मोहल्ले का व्यक्ति पिछले पंचायत चुनाव से उनसे रजिंश रखता है। सोमवार शाम को मै अपने घर के सामने बाइक खड़ी करके घर का दरवाजा खोल रहा था। आरोप है कि तभी आरोपित कार को तेजी व लाप. रवाही से चलाकर और हूटर बजाता हुआ आया और जानबूझकर कार को मेरे ऊपर चढ़ाने की कोशिश करने लगा। जिससे में बाल बाल बच गया। विरोध करने पर आरोपित गाली गलौच करने लगा। इसके बाद उसके घर से आधा दर्जन लोग लाठी डन्डे व सरिया लेकर अपने पालतू कुत्ते के साथ घर के अन्दर आए और गाली गलौज करके मारपीट करने पर उतारू हो गए तथा हमें जान से मारने की धमकी देने लगे। जिसकी वीडियो भी हमारे पास मौजूद है। शोर मचाने पर अनेक लोग मौके पर आ गए। जाते जाते आरोपित लाईसेंसी पिस्टल निकाल कर इस बार चुनाव लडने पर मुझे गोली मारने की भी धमकी देकर गया है। आरोपित अपनी कार पर अवैध तरीके से नीली व लाल बत्ती और सायरन लगाकर घुमता रहता है। प्रभारी निरीक्षक जशवीर सिह ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है कार्रवाई की जाएगी।

# पीआर पब्लिक स्कूल फेयरवेल समारोह में कक्षा 12 के विद्यार्थियों को दी गई विदाई



**मुजफ्फरनगर।** पचेंडा रोड स्थित पी.आर.पब्लिक स्कूल में आज कक्षा 12 के छात्र -छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रबंधक अशोक सिंघल, स्कूल प्रधानाचार्य अनघ सिंघल ,दिव्या शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कक्षा 11 के विद्यार्थियो ने कक्षा 12 के छात्र-छात्राओ का तिलक लगाकर स्वागत किया ।कक्षा 11के छात्र-छात्राओं ने कविता, भाषण ,गेम ,नाटक आदि रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। विदा होने वाले विद्यार्थियों ने कविता, कॉमेडी आदि के माध्यम से विद्यालय में एकत्र की गई अपनी यादों को प्रधानाचार्य और शिक्षकों के साथ साझा किया। बच्चों को उनकी प्रतिभा के आधार पर टाइटल दिए गए । वंश पाल और दीक्षा चौधरी को मिस्टरफेयरवेल और मिस फेयरवेल चुना गया । स्कूल शिक्षकों ने भी अपने विचार साझा करते हुए बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।

स्कूल प्रधानाचार्य अनघ सिंघल जी ने छात्राओं को परीक्षा में शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। स्कूल प्रबंधक अशोक सिंघल जी ने भी बच्चों को शुभाशीष दिया ।उन्होंने कहा-आज आप सभी को विदा करते हुए, हमारे दिल में गर्व और थोड़ी उदासी दोनों है। आपने अपनी निष्ठा और समर्पण से हमारे स्कूल का नाम रोशन किया है।

हमें याद है कि आपने कितनी लगन से पढ़ाई की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका राखी पाल और कक्षा 11वीं की छात्रा कनिका शर्मा तथा कक्षा 11 के छात्र व नमन सिंघल द्वारा किया गया । कार्यक्रम का समापन कक्षा 12 के विद्यार्थियों तथा स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा आकाश में गुब्बारे उड़ा कर किया गया। आज के इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में प्रवीण कुमार ,दिव्या शर्मा, शिखा ठाकुर, विशांक त्यागी, प्रज्ञा सिंधी, अनुपम सैनी, शंकर शर्मा, विश्व बंधु शर्मा ,दीपक मलिक आदि का विशेष योगदान रहा।

# भाजपाइयों ने विधानसभा चौपाल का किया आयोजन



**बुढ़ाना।** बड़ौत रोड पर स्थित करण फार्म हाउस में सोमवार को दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने केंद्रीय बजट को लेकर विधानसभा चौपाल आयोजित की। कार्यक्रम में पूर्व विधायक उमेश मलिक मुख्य अतिथि रहे। भाजपा कार्यकताओं व पदाधिकारियों द्वारा आयोजित विधानसभा चौपाल को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक उमेश मलिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने वाला बजट पेश किया गया है। यह बजट हर वर्ग के हितों की रक्षा करने वाला है। कार्यक्रम संयोजक व पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ब्रजपाल सहरावत ने कहा कि भाजपा सरकार ने 2047 तक विक. सित भारत के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए जनकल्याण के लिए शानदार बजट प्रस्तुत किया है। सड़क, रेलवे व जलमार्गों पर भारी निवेश से लंबी अवधि में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और इसके साथ ही टेक्नोलॉजी को दिए गए प्रोत्साहन से भारत आने वाले समय में डिजिटल हब बनेगा। यहां पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष रूपेंद्र सैनी व धर्मेंद्र तायल आदि वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। यहां पर इस कार्यक्रम के सह संयोजक सुधीर सैनी, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष मोनू मलिक, मंडल अध्यक्ष मोनू ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य प्रमोद कश्यप, भारत ठाकुर, मुक. ेश शर्मा, कुलदीप बागड़ी, सहदेव बालियान, तेलूराम कश्यप, पवन वर्मा, डाक्टर कुलदीप त्यागी व संदीप बालियान आदि मौजूद थे।

## कूड़ा डालने का विरोध करने पर की मारपीट

**बुढ़ाना/भौरांकला।** एक युवक ने जब नाली में कूड़ा करकट डाला तो पड़ोसी ने उसको भला बुरा कहा। बस इसी बात पर युवक ने पड़ोसी संग मारपीट की और फरार हो गया। प्रताप कुमार पुत्र विजयपाल सिंह निवासी ग्राम मौहम्मदपुर राय सिंह ने भौरांकला पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि बीती एक फरवरी को उसके पिताजी विजय पाल हमारे घर के बाहर नाली की साफ सफाई कर रहे थे। तभी हमारे पडोस में रहने वाला अंकुश कुमार पुत्र सुभाष सिंह उसी नाली में अपने घर से लाया हुआ कूड़ा करकट डाल रहा था। तब उसके पिता. जी विजय पाल ने अंकुश कुमार को साफ नाली में कूड़ा करकट डालने से मना किया तो अंकुश कुमार ने उसके पिताजी विजय पाल के साथ जमकर हाथापाई की। जिससे उसके पिताजी विजय पाल के सिर में चोटें आई। शोर शराबा सुनकर मोके पर उसकी माता और उसका भतीजा शक्ति वहां पर आए। जिन्होने उसके पिताजी विजय पाल को हमलावर अंकुश कुमार के चंगुल से बड़ी मुश्किल से बचाया। तब अंकुश कुमार वहां से गाली गलोज करते हुए उसके पिताजी विजय पाल को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। प्रताप ने भौरांकला पुलिस से आरोपी अंकुश कुमार के विरुद्ध कार्यवाही की गुहार लगाई है। पुलिस ने अंकुश कुमार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

**सूचना**

मेरा पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र सं.000996/25.01.2022 में गलती से पुत्र का नाम MOULIK ARORA दर्ज हो गया था, जबकि सही नाम MAULIK ARORA है व माता का नाम SONIA ARORA दर्ज है जबकि सही नाम SONIA MALIK है। संशोधन हेतु आवेदन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है। भविष्य में इसी नाम से जाना जाए।

**निवेदक**
**नितिन अरोरा पुत्र स्व. विजय अरोरा निवासी म.न. 435, गांधी कालोनी, मु.नगर**
**मो.न-9997000143**

**सूचना**

मेरी पुत्री रिद्धि सोबती के जन्म प्रमाण पत्र संख्या B-2021:9-90020-007298/24-09-2021 में गलती से पिता का नाम कुणाल सोबती व माता का प्रियंका दर्ज करा दिया था, जबकि वास्तविक नाम कुनाल सोबती एवं प्रियंका शर्मा है भविष्य में इन्हीं नाम से जाना जाएगा। शुद्धीकरण हेतु आवेदन पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है

**कुनाल सोबती पुत्र कमल किशोर सोबती 429, गली नंबर 8, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर**
**मो- 9760582484**

# एयरटेल पेमेंट बैंक का शुभारंभ.... नपं अध्यक्षा और सभासद ने किया उदघाटन



**बुढ़ाना।** अब बुढ़ाना क्षेत्र के किसी भी ग्रामीण को बैंकिंग सेवाओं के लिए कहीं भटकना नहीं पडेगा। सोमवार को बुढ़ाना में स्थित सलमान कम्यूनिकेशन में एयरटेल पेमेंट बैंक की नयी सेवा केंद्र का विधिवत शुभारंभ हुआ। केंद्र के खुलने से स्थानीय ग्राहकों में काफी उत्साह देखा गया। एक ही छत के नीचे कई तरह की सुविधाएं मिलेंगी। सलमान कम्युनिकेशन के संचालक ने बताया कि इस सेवा केंद्र का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को डिजिटल बैंकिंग से जोड़ने और उनके समय की बचत करना है। अब ग्राहको को हमारे यहां से कई महत्वपूर्ण सुविधाएं मिल सकेंगी। मुख्य सेवाएं भी अब उपलब्ध होंगी। पासबुक, प्रिंटिंग के अलावा अब ग्राहक अपनी केवाईसी सुविधा, नया खाता खुलवाए, पुराने खाते की सुविधा में मोबाइल नंबर अपडेट, बैंक खाते में मोबाइल नंबर लिंक या अपडेट करने का काम आसानी से होगा। नगद निकासी या जमा, आधार कार्ड और पहचान पत्र से पैसे निकालें या जमा करने की सुविधा सहित अन्य डिजिटल सेवाएं जैसे बीमा बिल भुगतान और रिचार्ज जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी। ग्रामीणों को इससे राहत मिलेगी। एयरटेल पेमेंट बैंक का उद्घाटन बुढ़ाना नगर पंचायत की अध्यक्षा उमा त्यागी, सभासद गुलफाम खान द्वारा संयुक्त रुप से फीता काटकर किया गया। यहां जनरल मैनेजर शाहनवाज खान, जनरल ट्राटरी मैनेजर सचिन कुमार, ग्राहक सेवा अधिकारी विनीत राठी और बैंक संचालक सलमान सहित आदि लोग भी मौजूद रहे।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे लड़के अहसान व अब्दुल रहमान, गुफरान जो कि किसी गलत संगति में पड़ गए है,जिस काम को मैं इन्हें करने से मना करता हूँ, उसी काम को करते है,आज के बाद इनके द्वारा किसी भी दीवानी या फौजदारी कृत्य या अन्य किसी भी कृत्य के लिए मेरी पत्नी अनीशा या परिवार के सदस्य जिम्मेदार नहीं है, ये तीनों अपने कृत्य के स्वयं जिम्मेदार होंगे। आज के बाद हमारी चल-अचल संपत्ति से इनका कोई लेना देना नहीं है ओर आगे भी नहीं होगा।

**मुनफैत पुत्र आजम अली**
**निवासी-जोला तहसील बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर**

# एसडी मैनेजमेंट में ज्ञानवर्धक एवं समसामयिक गतिविधि का आयोजन



**मुजफ्फरनगर।** एस.डी. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज़ में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के अंतर्गत इन्फोटेनमेंट क्लब द्वारा एक अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं समसामयिक गतिविधि का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विषय इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन रहा, जो वर्तमान में भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण और रणनीतिक पहल है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी विकास, डिजिटल अर्थव्यवस्था तथा भारत के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में सेमीकंडक्टर उद्योग की भूमिका से अवगत कराना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल द्वारा किया गया। अपने उद्घाटन संबोधन में डॉ. मित्तल ने कहा कि आज का युग तकनीक आधारित है और सेमीकंडक्टर जैसे विषय न केवल विज्ञान एवं तकनीक के छात्रों के लिए, बल्कि प्रबंधन के विद्यार्थियों के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 भारत को वैश्विक तकनीकी मानचित्र पर सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है और ऐसे विषयों पर विद्यार्थियों को जानकारी देना समय की आवश्यकता है।

इस अवसर पर बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह की विशेष भूमिका रही। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत अब तक सेमीकंडक्टर के लिए अन्य देशों पर अत्यधिक निर्भर रहा है, जिससे आपूर्ति श्रृंखला में बाधा आने पर देश की अर्थव्यवस्था और उद्योग प्रभावित होते रहे हैं। ISM 2.0 के माध्यम से भारत अब स्वयं सेमीकंडक्टर निर्माण, डिजाइन, परीक्षण और पैकेजिंग में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। जिससे वैश्विक सेमीकंडक्टर कंपनियाँ भारत में निवेश के लिए आकर्षित हो रही हैं। इससे न केवल देश में अत्याधुनिक तकनीक का विकास होगा, बल्कि स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा, नए स्टार्टअप्स को अवसर और लाखों प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रोजगार भी सृजित होंगे। सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सेमीकंडक्टर उद्योग भविष्य का उद्योग है और आने वाले समय में इसमें प्रबंधन, तकनीक, वित्त, विपणन और आपूर्ति श्रृंखला जैसे क्षेत्रों में युवाओं के लिए करियर की अपार संभावनाएँ मौजूद हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ विषय को समझा और सेमीकंडक्टर उद्योग से जुड़े प्रश्न पूछे। PPT के माध्यम से विषय को चरणबद्ध ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिससे तकनीकी विषय होने के बावजूद छात्रों को इसे समझने में आसानी हुई। यह गतिविधि न केवल ज्ञानवर्धक रही, बल्कि विद्यार्थियों के लिए करियर उन्मुख दृष्टिकोण से भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुई। इस अवसर पर बीबीए विभाग के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे, जिनमें डॉ. संगीता गुप्ता, मोहम्मद अंज़र, संजय शर्मा, दीपक गर्ग, सोनिका, पूरवी, प्राची, रोहन त्यागी, प्रशांत गुप्ता, विनीता चौधरी, सतीश, अमित, पवन बलियान एवं लवी वर्मा प्रमुख रूप से शामिल रहे। सभी शिक्षकों ने इस प्रकार की शैक्षणिक एवं इन्फोटेनमेंट गति. विधियों की सराहना की और विद्यार्थियों को ऐसे कार्यक्रमों में सक्रियभागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का वातावरण अत्यंत सकारात्मक एवं ज्ञानवर्धक रहा। IiQAC एवं इन्फोटेनमेंट क्लब द्वारा आयोजित यह गतिविधि कॉलेज में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नवाचार और समसामयिक विषयों पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य को सफलतापूर्वक पूरा करती दिखाई दी। इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अंत में प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने कार्यक्रम की सफलता के लिए प्फ।ब सेल, इन्फोटेनमेंट क्लब, समन्वयक राजीव पाल सिंह, सभी शिक्षकों तथा विद्यार्थियों को बधाई दी और भविष्य में भी इस तरह के शैक्षणिक कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया।

## काली नदी पर पुल बनाने की मांग

**मुजफ्फरनगर।** सोमवार की दोपहर किसान समिति की बैठक ग्राम खांजापुर पर चौधरी अतर सिंह कश्यप के कृषि फार्म पर सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता चौधरी समित्रा कश्यप ने की और संचालन बाबू जैदी व नितिन शर्मा ने की। काली नदी समिति के अध्यक्ष विजय कश्यप ने जिलाधिकारी से मांग रखी कि काली नदी घाट पर पुल बनाया जाये और इसके लिए सरकार से बजट व धनराशि को अनुदान किया जाये। उन्होंने कहा कि जल्द ही पुल का निर्माण करना चाहिए। इस प्रकार वेदप्रकाश कश्यप, नूरजहा बेगम, निर्दोष त्यागी, अजय बाटला,आकाश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# श्री कुन्द कुन्द जैन इंटर कॉलेज में हुई बीआईएस की मानक पाठ योजना लेखन प्रतियोगिता



**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** श्री कुन्दकुन्द जैन इंटर कॉलेज, खतौली के सभागार में सोमवार को भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून शाखा के सहयोग से मानक पाठ योजना लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में गुणवत्ता, सुरक्षा और मानकीकरण के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं कॉलेज के प्रधानाचार्य अनुराग जैन ने मानक प्रार्थना के साथ किया। इस अवसर पर मेंटर मदन गोपाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मानकों का पालन करने से किसी भी कार्य में उत्कृष्टता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने छात्रों को दैनिक जीवन में गुणवत्ता आधारित सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने मानक पाठ योजनाओं के माध्यम से अपनी रचनात्मकता और विषय की समझ का प्रभावी प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल द्वारा किए गए मूल्यांकन में देवयानी व ईशान ने प्रथम, वर्षा व इलमा ने द्वितीय तथा तनु व तान्या प्रजापति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

प्रधानाचार्य अनुराग जैन ने कहा कि मानक हमारे जीवन की गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो देश को सुरक्षित और विश्वसनीय बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है तथा इसके लिए जागरूकता अभियानों का संचालन किया जाता है। मेंटोर राज. कुमार जैन ने BIS की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह संस्था खाद्य पदार्थों, विद्युत उपकरणों और आभूषणों सहित अनेक उत्पादों के लिए गुणवत्ता मानक निर्धारित करती है। उन्होंने हॉलमार्क और मार्क जैसे उदाहरणों के माध्यम से मानकों की उपयोगिता समझाई। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 12 के मानक क्लब सदस्यों को विदाई दी गई, जिन्हें प्रमाण पत्र व मेडल प्रदान किए गए। साथ ही सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार जैन एवं मदन गोपाल ने संयुक्त रूप से किया। विद्यालय के समस्त स्टाफ का आयोजन में सराहनीय सहयोग रहा।

## एक ही रात में 11 टयूबवेलों पर हुई चोरी

**बुढ़ाना।** एक पीड़ित किसान ने एक ही रात में पूरी 11 टयूबवेलों पर हुई चोरी की घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार राजवीर पुत्र ओमवीर निवासी गांव वैल्ली ने बुढ़ाना पुलिस को एक तहरीर देते हुए बतलाया कि बीती 8 फरवरी की प्रथम रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा उसकी और गांव के अन्य व्यक्तियों अनिल पुत्र रामपाल, विक्रम पुत्र श्रीराम, ज्ञान सिंह पुत्र बाबूराम, गुड्डी पत्नी स्वर्गीय गजेंद्र निवासी गांव टांडा माजरा, भूपेंद्र पुत्र जवाहर सिंह, बिल्लू पुत्र जय कुमार, सुधा पत्नी सतवीर, निरंकार पुत्र सूरजभान निवासी गांव बसी खुर्द, सोमपाल पुत्र शामा निवासी गांव अलीपुर अटेरना और अंकित पुत्र सतवीर निवासी गांव वैल्ली के नलकूप से विद्युत केबिल, स्टार्टर और कट आउट क्षतिग्रस्त करके तांबे का तार चोरी कर लिया गया है। पीड़ित राजवीर ने 11 टयूबवैलों पर चोरी की घटना होनी बताई है और पुलिस से अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्यवाही की गुहार लगाई है। उधर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरु कर दी है। उल्लेखनीय है कि बीते 8 फरवरी की प्रथम रात्रि में अज्ञात चोरों ने करीब एक दर्जन किसानों की टड्ूबवेलों पर चोरी करके पुलिस में हड़कंप मचा दिया था।

# पानी के बीच खाट बिछाकर ग्रामीणों का धरना दूसरे दिन भी रहा जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना ।** गांव सिकंदरपुर में सीकरी मार्ग पर जल भराव की समस्या बनी हुई है जिससे ग्रामीण परेशान है। समस्या के समाधान को लेकर ग्रामीणों ने विरोध का नया तरीका अपनाते हुए गंदे पानी के बीच चारपाई बिछाकर धरना शुरू किया हुआ है। मौके पर पहुंची ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व राजस्व विभाग की टीम ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया है किंतु ग्रामीण समस्या के समाधान होने तक धरने पर बैठे हुए हैं

भोपा थाना क्षेत्र के गांव सिकंदरपुर मे सीकरी मार्ग पर जल भराव के बीच ग्रामीण गंदे पानी मे धरने पर बैठे हुए हैं। समस्या का समाधान न होने पर ग्रामीण सोमवार को दूसरे दिन भी धरना दिये हुए हैं।धरनारत ग्रामीणों ने बताया की निकटवर्ती तालाब पर अतिक्रमण के कारण मार्ग पर जल भराव हो रहा है।क्षेत्र के दर्जनों गांव के व्यक्ति छोटे बड़े वाहनों के द्वारा इस मार्ग से गुजरते हैं। जल भराव के कारण ग्रामीणों का वहां से गुजरना मुश्किल हो गया है। बाईक सवार पानी मे गिरकर घायल हो जाते हैं। जलभराव के चलते ग्रामीण मंदिर, कॉलिज, बैंक, सोसाइटी,अस्पताल आदि मे नहीं जा पा रहे हैं। वहीं मौके पर पहुंची ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अपराजिता आर्यन ने ग्रामीणों से इस संबंध मे बात की। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अपराजिता आर्यन ने बताया कि समस्या के समाधान के प्रयास जारी है। भूमि की पेमाईश कराई जायेगी और शीघ्र ही समस्या का समाधान कराया जाएगा। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह पुलिस बल के साथ थाने पर पहुंचे



तथा राजस्व निरीक्षक सुनील कुमार शर्मा व ग्राम सचिव इंदु कुमार, लेखपाल विकेश कुमार भी मौके पर मौजूद रहे। इस दौरान ग्रामीण शमशाद सिद्दीकी पूर्व प्रधान इरफान अली, बर्फ सिंह, मैनपाल प्रधान, विकास चौधरी, बिट्टू प्रधान, अफसर कुरैशी, राजीव कुमार,सुरेंद्र, कृष्णपाल,अमन सिंह ,सतीश, राज सिंह, नदीम, नजर मोहम्मद आस मोहम्मद,सागर कुमार, वकार अहमद, कसीम, मुकीस, अंज़र, समीर, फरमान, ज़ीशान आदि मौजूद रहे।

# दुष्कर्म के बाद पीड़िता के गर्भपात का प्रयास, आरोपी गिरफ्तार

**मोरना।** क्षेत्र के गांव से किशोरी को बहका कर गैर जनपद स्थित गन्ना कोल्हू मे ले जाकर युवक ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया तथा गर्भवती होने पर उसे गर्भपात की दवा खिला दी। जिससे उसकी हालत बिगड गई, जिसके बाद जिला अस्पताल से मेरठ मेडिकल कालेज अस्पताल में रेफर किया गया है। पुलिस दम तत्काल मुदकमा दर्ज कर छ घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि सोमवार को क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने मिशन शक्ति केंद्र पर दिये प्रार्थना पत्र में बताया कि पडोसी युवक अंकित घर आता रहता था,बीते नवंबर माह में वह दिवाली के आसपास उसे मेरठ जनपद के लावड़ क्षेत्र के गांव चिन्दौडी में कोल्हू पर काम दिलवाने को कहकर अपने साथ ले गया था, कुछ दिन बाद वह वापस गांव आया और 17 वर्षीय बेटी को बहका फुसलाकर अपने साथ कोल्हू पर ले गया और वहां उसे डरा धमका कर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया तथा धमकी दी कि किसी को बताया तो तुझे जान से मार दूंगा, डर के कारण बेटी ने कुछ भी नहीं बताया। कुछ दिनों बाद वह और बेटी वापस गांव आ गये। बीते शनिवार को बेटी ने अपने पेट में तेज दर्द की शिकायत बताई तो उसने घटना के बारे में बताया कि अंकित ने उससे दुष्कर्म किया था जिससे उसे गर्भ ठहर गया था, जिसके बाद उसने जबरदस्ती गर्भपात करने की दवा खिला दी, उसी दवा से तबीयत खराब हो रही है, जिसके बाद पीडिता को सीएचसी भोपा के बाद जिला अस्पताल ले गए जहां से उसकी गम्भीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर मेरठ के लिए रेफर कर दिया जहां मेडिकल अस्पताल मेरठ में उसका उपचार चल रहा है। पुलिस ने तत्काल दुष्कर्म व पोक्सों एक्ट समेत गंभीर धारा में मुकदमा दर्ज कर टीम का गठन किया। जिसके बाद उप निरीक्षक पिन्टू चौधरी ने फरार आरोपित को छरू घंटे के भीतर बहुपुरा रोड से गिरफ्तार कर लिया तथा कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है।

# उमरपुर में सपा नेता सत्येंद्र पाल का स्वागत



**बुढ़ाना।** तहसील बुढ़ाना क्षेत्र के गांव उमरपुर में स्थित भगवती देवी जूनियर हाईस्कूल में सोमवार के दिन दर्जनों प्रतिभागी छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के सांस्क्रतिक कार्यक्रम पेश कर सभी का मन मोह लिया। इस फंक्शन के मुख्य अतिथि समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डाक्टर सत्येंद्र पाल रहे। जिन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन कर उनका हौंसला बढ़ाया। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं की प्रतिभा को सराहा। उन्होंने यहां पर सभी छात्र छात्राओं को अपना आशीर्वाद दिया तो ग्राम उमरपुर के लोगों ने भी सपा के वरिष्ठ नेता डाक्टर सत्येंद्र पाल को भी अपना भरपूर स्नेह और आशीर्वाद दिया। सैंकड़ों ग्रामवासियों ने ढोल नगाड़ों की थाप पर फूल मालाओं से डाक्टर सत्येन्द्र पाल का स्वागत कर उनके नाम के नारे गर्मजोशी से लगाए। यहां ग्राम प्रधान कारी उस्मान कुरैशी, पूर्व प्रधान बाबू कुरैशी, पूर्व प्रधान शोभाराम कश्यप, मास्टर निरंजन, उस्मान चौधरी शौरम, आचार्य सुभाष लुहसाना, मुन्ना कुरैशी, मोनू सैनी प्रधान पलड़ी, पप्पू, मांग्गा टेलर, श्रीपाल, रविन्द्र पाल, विनीत पाल, डॉक्टर शौकरण शाहपुर, हरिया कश्यप, भगत कश्यप, रामपाल सोसाइटी समिति चेयरमैन पलड़ी, सुधीर पाल, मोहन उपाध्याय, रामपाल सैनी, बाबू, भोपाल पाल, पंकज पाल, सचिन उपाध्याय व आशीष पाल इत्यादि सैंकड़ों ग्रामीण भी उपस्थित रहे।

# बाइक डिवाइडर से टकराई, युवक हुआ गंभीर घायल

**जानसठ।** मीरपुर जानसठ मार्ग हाईवे पर स्थित गाँव सलारपुर के पास एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया। हादसे में युवक के सिर में गंभीर चोट आई है। सूचना पर पहुँची एनएचएआई की एम्बुलेंस ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचाया, जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार, घटायन उत्तरी निवासी भोपाल पुत्र धनराम सोमवार की शाम अपनी बाइक से जानसठ किसी काम से आया था जब वह शाम के समय जानसठ से वापस अपने गाँव लौट रहा था। जैसे ही वह सलारपुर गाँव के पास पहुँचा, उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और वह तेजी से डिवाइडर से जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि भोपाल के सिर में गंभीर चोट आई और वह सड़क पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ा।हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत 1033 एनएच हाईवे हेल्पलाइन पर सूचना दी। मौके पर पहुँची हाईवे एम्बुलेंस ने घायल को जानसठ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने बताया कि सिर में गंभीर चोट होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।तथा घायल की जानकारी उसके परिजनों को दें दी गई है।

# चरथावल देहात में नालियों की गंदगी से ग्रामीण बेहाल

**चरथावल।** देहात मे सिथत मोहल्ला आलमनगर में स्वच्छ भारत अभियान की हकीकत ज़मीनी स्तर पर बिल्कुल अलग दिखाई दे रही है। क्षेत्र में नियमित सफाई न होने और जलनिकासी की समुचित व्यवस्था के अभाव में नालियां पूरी तरह चोक हो चुकी हैं। नालियों का गंदा पानी और कीचड़ सड़कों पर फैल रहा है, जिससे आमजन का चलना-फिरना दूभर हो गया है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि नियमित रूप से नालियों की सफाई नहीं होने गंदगी जमा होने के कारण, जलनिकासी ठप्प हो गयी है ,नालियों का पानी ओवर" लो होकर सड़कों पर बह रहा है। इससे राहगीरों, स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जगह-जगह फैले कीचड़ के कारण फिसलन बनी रहती है, जिससे हादसों की आशंका भी बढ़ गई है।ग्रामीणों ने बताया कि नालियों में भरी गंदगी और रुके हुए पानी से मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। इससे डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। बदबू और गंदगी के कारण लोगों का घरों में रहना भी मुश्किल हो गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि इस गंभीर समस्या को लेकर कई बार ग्राम प्रधान और संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद न तो सफाई कराई जा रही है और न ही जलनिकासी की कोई वैकल्पिक



व्यवस्था की गई है।क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन और स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े अधिकारियों से मांग की है कि मोहल्ला आलमनगर में तत्काल नालियों की सफाई कराई जाए, जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त की जाए और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों को गंदगी और बीमारियों से राहत मिल सके।

# छात्राओं ने बाल विवाह ना कराने की ली शपथ



**बुढ़ाना।** डीएम उमेश मिश्रा व सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशभूषण के निर्देशन में बाल विवाह की रोकथाम हेतु कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बुढाना में सोमवार को डॉक्टर राजीव कुमार सदस्य बाल कल्याण समिति द्वारा बाल विवाह तथा इसके दुष्परिणाम व बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह अपराध है। जिसमें 2 वर्ष की सजा व 1 लाख रूपए के जुर्माना का प्रावधान है। भारत में शादी हेतु लड़के की आयु 21 वर्ष व लडकी की आयु 18 वर्ष है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा के निर्देशन में सुमन शर्मा थानाध्यक्ष महिला थाना बुढाना द्वारा बाल विवाह की रोकथाम के लिए बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी, पुलिस आपातकालीन सेवा हेल्पलाइन नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन नम्बर 1098, महिला हेल्पलाइन नंबर 181 या स्थानीय पुलिस को सूचना देने के लिए किया जागरूक किया गया। बाल विवाह एवम इसके दुष्परिणाम विषय पर आयोजित कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार के मार्गदर्शन में वार्डन एवं समस्त शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा। बालिका शिक्षा, सुरक्षा, सम्मान, संरक्षण एवं स्वावलंबन के लिए जिला बाल सरंक्षण अधिकारी संजय कुमार एवं बाल कल्याण समिति से डाक्टर राजीव कुमार द्वारा उक्त जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# विशेष प्रार्थना सभा में खेल दिवस एवं शैक्षिक गतिविधियों के विजेता विद्यार्थियों का सम्मान

**मुजफ्फरनगर।** जी. डी. गोयनका पब्लिक स्कूल में आज प्रात:कालीन विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शनिवार को आयोजित खेल दिवस के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने ऊँची कूद, लंबी कूद, 100 मीटर दौड़, रिले दौड़ सहित अनेक खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इसके उपरांत विद्यालय में ट्राई-फ्राई बॉक्स का आयोजन किया गया।



इस गतिविधि के माध्यम से विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं गणित से जुड़े प्रयोगात्मक कार्यों में सहभागिता कर अपनी तार्किक सोच, रचनात्मकता और समस्या-समाधान क्षमता का परिचय दिया। इसके अतिरिक्त विद्यालय में अबेकस गतिविधि भी आयोजित की गई, जिससे विद्यार्थियों की मानसिक गणना क्षमता, एकाग्रता और त्वरित निर्णय क्षमता को सुदृढ़ किया गया। कार्यक्रम विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. स्वाति शर्मा के सरंक्षण व कुशल मार्गदर्शन तथा उपप्रधानाचार्या अंजलि आनंद के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह आयोजन विद्यालय की उस शैक्षिक दृष्टि को प्रतिबिंबित करता है, जिसमें शिक्षा के साथ खेल एवं नवाचार को समान महत्व देकर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्राथमिकता दी जाती है।

# मेले में श्रद्धालुओं ने बजरंग बली के किए दर्शन

**बुढ़ाना।** सोमवार के दिन गांव खेड़ा मस्तान में चल रहे तीन दिवसीय मेले में पहुंचकर कश्यप समाज की बुढ़ाना खाप के चौधरी डाक्टर सोनू कश्यप और उनकी धर्मपत्नि डाक्टर सुचि कश्यप ने संयुक्त रूप से सिद्धपीठ भगवान बजरंग बली के दर्शन कर चरण वंदन किये। बताया जाता है कि आज खेड़ा मस्तान के प्रसिद्ध विशाल हनुमान मेले में भारी श्रद्धालु उमड़े। जहां डॉक्टर सोनू कश्यप ने सिद्धपीठ भगवान बजरंगबली के चरणों में पहुंचकर दर्शन किए और चरण वंदन किया। डॉक्टर सोनू कश्यप ने फुगाना थाना क्षेत्र में स्थित खेड़ा मस्तान गांव में चल रहे 44वें विशाल हनुमान मेले में हिस्सा लिया। यह मेला बीती 07 फरवरी से शुरु हुआ था। जिसका आज अंतिम दिन था। जो तीन दिनों से भव्य रूप से आयोजित हो रहा है। जिसमें लाखों भक्त दूर दूर से हनुमान जी के दर्शन, दीप दान और मनौतियां मांगने पहुंच रहे हैं। डॉक्टर सोनू कश्यप ने अपनी धर्मपत्नि डॉक्टर सुची कश्यप के साथ मंदिर परिसर में पहुंचकर सिद्धपीठ के रूप में विख्यात भगवान बजरंगबली के दर्शन किए। उन्होंने पूर्ण श्रद्धा भक्ति से चरण वंदन किये और बाबा की कृपा की कामना की। मेले में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। जहां देसी घी के दीपक जलाए जा रहे हैं। भजन कीर्तन हो रहे हैं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। कुल मिलाकर खेड़ा मस्तान का यह प्राचीन हनुमान मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है जहां चमत्कारिक मान्यताएं जुड़ी हैं।



# जनगणना 2027 के सफल बनाने को जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक

**मुजफ्फरनगर।** भारत सरकार के निर्देशानुसार एवं शासन के दिशा निर्देशन में आज मुख्य विकास अधिकारी कण्डारकर कमल किशोर देशभूषण की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट स्थित एनआईसी मिटिंग हॉल में जनगणना 2027 के संबंध में जिला स्तर पर जिला जनगणना समन्वय समिति एवं नामित इंचार्ज अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी जनगणना को सुचारु, पारदर्शी एवं समयबद्ध रूप से संपन्न कराए जाने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों को उनके दायित्वों एवं जिम्मेदारियों से अवगत कराते हुए निर्देश दिए गए कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरश: पालन सुनिश्चित किया जाए। जनगणना कार्य में विभिन्न विभागों के बीच आपसी समन्वय बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया, जिससे किसी भी स्तर पर कार्य में बाधा उत्पन्न न हो।

एडीएम वित्त एवं राजस्व द्वारा अपने अधिनस्थ अधिकारियों को बताया गया कि जनगणना 2027 एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके अन्तर्गत ससमय अपने-अपने क्षेत्र की हाउस लिस्टिंग एवं ब्लॉक लिस्टिंग का कार्य पूर्ण कराया जाएं। जनगणना-2027 में प्रत्येक नागरिक की सही एवं पूर्ण जानकारी का संकलन आवश्यक है। इसके लिए क्षेत्रीय स्तर पर कार्मिकों की उपलब्धता, प्रशिक्षण, लॉजिस्टिक व्यवस्था, सूचना प्रौद्योगिकी संसाधनों तथा जनजागरूकता से संबंधित पहलुओं पर भी चर्चा की गई। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि जनगणना कार्य के दौरान गोपनीयता एवं डाटा की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा उदासीनता को गंभीरता से लिया जाएगा। साथ ही, समय-समय पर प्रगति की समीक्षा हेतु बैठकें आयोजित करने के निर्देश भी दिए गए। सभी



इंचार्ज अधिकारियों से अपेक्षा की गई कि वे अपने-अपने विभागों एवं क्षेत्रों में जनगणना 2027 से संबंधित तैयारियों को समय रहते पूर्ण कर लें तथा जिला प्रशासन को पूर्ण सहयोग प्रदान करें, ताकि जनगणना कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्तधराजस्व गजेन्द्र कुमारॉ जिला सूचना विज्ञान अधिकारी विनीत गर्गॉ जिला पंचायत राज अधिकारी रेणू श्रीवास्तव समस्त तहसीलदारॉ समस्त अधिशासी अधिकारी एवं ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर प्रिंस जैन सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

# परीक्षा परिणाम में छात्र-छात्राओं ने किया कॉलेज का नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** माँ शाकुम्भरी ब्विवविद्यालय द्वारा एमएड तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ जिसमें श्रीराम कॉलेज, मुजफ्फरनगर के एमएड सत्र 2024-26 तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने माँ शाकुम्भरी ब्विवविद्यालय, सहारनपुर के परीक्षाफल में उत्तम अंक प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। एमएड सत्र 2024-26 के तृतीय सेमेस्टर में हुमैरा ने 80.90 प्रतिशत अंको से प्रथम स्थान, रितेश कुमार सैनी ने 79.09 प्रतिशत अंको से द्वितीय स्थान, तथा ईशिता ने 78.63 प्रतिशत अंको के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। उन्होनें बताया कि सफलता प्राप्त करने में अध्यापकगणों ने बहुत सहयोग दिया है, तथा उनकी अपने-अपने विषय पर पकड़ बहुत अच्छी है, जिसके कारण किसी भी विषय को समझने में कोई समस्या उत्पन्न नहीं होती है।इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डा. प्रेरणा मित्तल ने सभी छात्र-छात्राओं को उनकी सफलता के लिये आर्शीवाद देते हुये कहा कि छात्र-छात्राओं की सफलता उनकी पढाई के प्रति लगन व कड़ी मेहनत का परिणाम है।

विद्यार्थियों को सम्मानित करने के मौके पर महाविद्यालय की प्राचार्या डा0 प्रेरणा मित्तल तथा निदेशक डा0 अशोक कुमार के शिक्षा संकाय के अध्यापकगण सपना सिंघल, रीतु गर्ग, अंजली पुंडीर आदि उपस्थित रहे एवं सभी छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# तालाब पर अवैध कब्जे का प्रयास, प्रशासन ने ढहाया निर्माण

**चरथावल।** क्षेत्र के गांव सैद नगला में सरकारी तालाब की भूमि पर अवैध कब्जा कर मकान बनाने के प्रयास का मामला सामने आया है। सोमवार को ग्रामीणों की शिकायत पर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माण को ढहा दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव सैद नगला में कुछ लोगों द्वारा तालाब की भूमि पर मिटी डालकर उसे समतल किया जा रहा था और वहां मकान निर्माण की तैयारी चल रही थी। तालाब की जमीन पर हो रहे इस अवैध कब्जे से ग्रामीणों में रोष व्याप्त था। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत संबंधित अधिकारियों से की, जिस पर प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लिया।

शिकायत मिलते ही कानूनगो हितकर एवं लेखपाल प्रवीण कुमार गुप्ता सोमवार को मौके पर पहुंचे और तालाब की भूमि का निरीक्षण किया। जांच के दौरान पाया गया कि तालाब की सरकारी भूमि पर अवैध रूप से मिटी डालकर कब्जा किया गया है। स्थिति की पुष्टि होते ही प्रशासन की मौजूदगी में जेसीबी और श्रमिकों के माध्यम से अवैध रूप से डाली गई मिटी हटवाकर कब्जा समाप्त कराया गया।

प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों को स्पष्ट रूप से बताया कि तालाब, नाले व अन्य सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भविष्य में भी यदि इस तरह का कोई प्रयास किया गया तो संबंधित लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से गांव के ग्रामीणों में संतोष देखा गया। ग्रामीणों ने तालाब को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए प्रशासन की सराहना की और कहा कि तालाब गांव की महत्वपूर्ण सार्वजनिक संपत्ति है, जिसका संरक्षण बेहद जरूरी है

# अध्यापक की शर्मनाक हरकत, नाबालिग छात्राओं के साथ की छेड़छाड़

**भोपा।** प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक ने नाबालिग छात्राओं के साथ अश्लील हरकत की व पैसे का लालच देकर बुरी नियत जाहिर की। घटना को लेकर रोष व्याप्त हो गया। पुलिस ने नशे की हालत मे आरोपी को हिरासत मे ले लिया। कार्रवाई की मांग को लेकर बड़ी संख्या मे ग्रामीण थाने पर इकठा हो गये।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने पर तहरीर देकर बताया की गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय मे उसकी बेटी कक्षा पांच की छात्रा है तथा इसी विद्यालय मे गांव की दूसरी छात्रा कक्षा चार मे है। सोमवार को दोनों छात्राएं स्कूल गयी थी। दोपहर को छुटी के समय सभी बच्चे स्कूल से जाने लगे ठीक उसी समय उसकी बेटी स्कूल मे अकेली रह गयी तभी प्रधानाध्यापक ने उसे व बराबर से कक्षा चार की छात्रा को अपने पास बुलाया। आरोप है की तभी अध्यापक ने छात्राओं के बुरी नियत से हाथ पकड़कर अश्लील हरकतें शुरू कर दी।आरोपी पैसे का लालच देकर कमरे का दरवाजा बंद करने लगा तो छात्राओं ने चीख पुकार शुरू कर दी।शराब पिए हुए आरोपी ने छात्राओं को धमका कर चुप करते हुए कहा की अब मै तुम्हे छोड़ता हूँ तुम दोनों मुझे शराब ठेके के पास जंगल मे मिलना।जिसके बाद दोनों छात्राएं बदहवास हालत मे घर पहुंची और घटना के बारे मे परिजनों को बताया। घटना को लेकर रोष व्याप्त हो गया। बड़ी संख्या मे ग्रामीण थाने पर पहुंचे और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया की आरोपी अध्यापक सतीश कुमार निवासी गांव नन्हेड़ा के खिलाफ छेड़छाड़ व पोक्सो के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। आरोपी को हिरासत मे लिया गया है।व पीड़ित छात्राओं की मेडिकल जांच कराई गयी है। मामले अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।इस संबंध मे थाने पहुंचे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने बताया की लिखित मे शिकायत मिलने पर आरोपी अध्यापक के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

# शिवसेना जिला कार्यालय पर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का जन्मदिन सादगी से मनाया

**मुजफ्फरनगर।** महाराष्ट्र सरकार के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का 62वां जन्मदिन शिवसेना जिला कार्यालय प्रकाश चौक पर सादगी और अनुशासन के साथ मनाया गया। हाल ही में डिप्टी सीएम अजित पवार के निधन के कारण किसी भी प्रकार का भव्य आयोजन नहीं किया गया और कार्यक्रम को सीमित रखते हुए सूक्ष्म रूप में संपन्न किया गया। कार्यक्रम के दौरान शिवसेना पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय पर एकत्र होकर उपमुख्यमंत्री के दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर लड्डू बांटे गए और संगठन की मजबूती को लेकर आपसी विचार-विमर्श भी किया गया। जिला अध्यक्ष बिट्टू सिखेड़ा ने कहा कि शिवसेना आने वाले समय में जनपद में एक नए रूप में सामने




आएगी। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत किया जाएगा और आम जनता से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही जनपद स्तर पर एक बड़े कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें संगठन की भावी रणनीति तय की जाएगी। कार्यक्रम में शरद कपूर, मंडल प्रमुख मुकेश त्यागी, क्रांति सेना के जिला अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष संजीव वर्मा, चेतन देव, आर्य, निकुंज चौहान, नितिन कुमार, विक्रांत कुमार, शैलेंद्र विश्वकर्मा, संजय कुमार सहित अनेक शिवसेना पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

# परीक्षा पे चर्चा प्रोग्राम को छात्र-छात्राओं ने ध्यान से सुना

बुढ़ाना। सोमवार को बीईओ किरण यादव के अनुपालन में कंपोजिट स्कूल डूंगर में स्कूल प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद के नेतृत्व में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम 2026 का द्वितीय एपिसोड सुनाया व दिखाया गया। जिसे सब बच्चों ने बहुत ध्यान से देखा व सुना। सहायिका अध्यापिका मोनिका ने बताया कि परीक्षा पे चर्चा एक ऐसा अभियान है जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आगे बढ़ाया गया है। जिसका उद्देश्य छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और पूरे समाज को एक साथ लाना है ताकि एक ऐसा माहौल बनाया जा सके जहां प्रत्येक बच्चे के अनोखे व्यक्तित्व का सम्मान हो उसे प्रोत्साहन मिले और खुद को पूरी तरह से व्यक्त कर सके। स्कूल प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद ने बताया कि आज परीक्षा पे चर्चा के दूसरे एपिसोड का प्रसारण हुआ। जिसमें पीएम मोदी ने देश के अलग अलग हिस्सों के स्टूडेंट से संवाद कर उनके सवालों के जवाब दिए। इस साल का परीक्षा पे चर्चा अन्य वर्षो की तुलना में थोड़ा अलग है। इस बार पीएम मोदी ने देश के अलग अलग हिस्सों में विद्यार्थियों के साथ बात की। छात्रों की एनर्जी ने उन्हें बहुत प्रभावित किया। छात्रों ने भी पीएम को बेहद सिंपल व डाउन टू अर्थ बताया। पीएम मोदी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा में कई वर्षो से 10वीं व 12वीं क्लास के बच्चों से बात करता रहता हूं। मैं उनसे बात सीखने के लिए करता हूं। मेरे लिए ये सीखने का प्रोग्राम है ना कि किसी को सिखाने का।




**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जमीनी विवाद में हत्या की आशंका

## अधेड़ की संदिग्ध हालात में मौत





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मन्नामाजरा में जमीनी विवाद के चलते एक अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। मृतक की पहचान इंतिजार द्ध45ऋ के रूप में हुई है। परिजनों का आरा.ेप है कि इंतिजार का एक व्यक्ति से लंबे समय से जमीनी विवाद चल रहा था। बताया गया कि विवादित जमीन करीब 62 बीघा है। मृतक के भतीजे ने आरोप लगाया कि उदयवीर नामक व्यक्ति से जमीन को लेकर विवाद था और पूर्व में भी इंतिजार के साथ कई घटनाएं हो चुकी थीं। परिजनों के अनुसार बीती तीन फरवरी को भी इंतिजार पर हमला कराया गया था। रविवार देर रात सलीम नामक युवक इंतिजार को बेसुध हालत में उसके घर छोड़कर गया। सुबह जब परिजन उसे देखने पहुंचे तो वह उसी हालत में पड़ा मिला। इसके बाद तत्काल डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। कुछ ही देर में इंतिजार की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, ताकि मौत के सही कारणों का पता चल सके। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समय पाल अत्री ने बताया कि मामले में अभी कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। गांव में घटना के बाद तनाव का माहौल बना हुआ है। परिजन हत्या की आशंका जता रहे हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# 50 लाख की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा अभियान के तहत कैराना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 251 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 50 लाख 20 हजार रूपए बताई जा रही है। इस बरामदगी को जनपद में अब तक की बड़ी कार्रवाइयों में से एक माना जा रहा है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार सहारनपुर परिक्षेत्र में मादक पदार्थों, नशीले पदार्थों और प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी व बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से ह्ऑपरेशन सवेरारू नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओरह्व अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत पुलिस उपमहानि.रीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र अभिषेक सिंह के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक शामली एन।पी। सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के प्रभावी नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार के निकट पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने रविवार रात थाना कैराना क्षेत्र के ग्राम गोगवान जाने वाले खड़ंजे पर इकबाल की टड्बवेल के पास से बिलाल पुत्र ताहिर निवासी ग्राम गोगवान को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से 251 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमा.नित कीमत करीब 50 लाख 20 हजार रूपए बताई जा रही है। आरोपी के खिलाफ थाना कैराना पर मुकदमा संख्या 90/26 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक समय पाल अत्री का कहना है कि आरोपी लंबे समय से मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त था। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि वह स्मैक की सप्लाई नेटवर्क का हिस्सा है।

पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर नशा तस्करी के पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुटी है। आरोपी के फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंक की गहन जांच की जा रही है, ताकि इस अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों तक भी पहुंचा जा सके। इस पूरी कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक यशपाल सोम, कांस्टेबल अरुण कुमार और कांस्टेबल मोहम्मद आबिद शामिल रहे। पुलिस अधिका.रियों ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि नशे के खिलाफ अभियान आगे भी इसी तरह सख्ती से जारी रहेगा।

# जीवन और मृत्यु परमात्मा के हाथ में



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** ब्रह्मलीन सती बाबा दयाल शाह महाराज एवं सती बाबा भानशाह महाराज की पूण्यतिथि पर प्राचीन दयाल आश्रम पर आयोजित राम कथा के दुसरे दिन कथा व्यास मनोज जी महाराज ने कहा जीवन ओर मृत्यु परमात्मा के हाथ में होता है जीव को एक बार मृत्यु के बाद पुनः जन्म के लिए लंबी प्रतिक्षा करनी पड़ती है ।

अतः हमको अपने जीवन को सार्थक करते हुए प्रभु प्राप्ति में संलग्न होना चाहिए।हमको रामायण से शिक्षा लेनी चाहिए और इसके गुण और संस्कारों को जीवन में उतरना चलिए। यह मानव को भक्ति वान,गुणवान,संस्कारी, कर्मनिष्ठ ओर निर्भय बना देता है। सत्य और निर्भयता एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। जो व्यक्ति सत्य का सहारा लेता है, वह निर्भय होता है, जबकि जो असत्य का सहारा लेता है, वह हमेशा भय में रहता है। सत्य का अर्थ है सच्चाई, जो वास्तविकता के साथ मेल खाता है। निर्भयता का अर्थ है डर या भय का अभाव, आत्मविश्वास और साहस। सत्य और निर्भयता के बीच संबंध यह है कि सत्य आपको अपने आप में मजबूत बनाता है, जबकि असत्य आपको कमजोर और भयभीत बनाता है। जब आप सत्य का पालन करते हैं, तो आप अपने कर्मों और विचारों के लिए जिम्मेदार होते हैं, और आपको किसी से डरने की आवश्यकता नहीं होती है। सत्य और निर्भयता जीवन के कई क्षेत्रों में महत्वपूर्ण हैं, जैसे कि राजनीति, व्यवसाय और व्यक्तिगत संबंध। सत्य और निर्भयता एक शक्तिशाली संयोजन है जो आपको अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने, अन्याय के खिलाफ खड़े होने और एक बेहतर दुनिया बनाने में मदद कर सकता है। अतः हमें सत्य पथ पर चलकर अपने जीवन को उत्तम दिशा प्रदान करनी चाहिए ।कथा मे दयाल आश्रम गुरु गद्दी के अनुयायियो ने बड़ी संख्या मे भाग लिया।

## एक नजर

### यूजीसी नियम के विरोध में बरेली के पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट का सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** केंद्र सरकार द्वारा लाए गए यूजीसी नियम के विरोध में अपने पद से इस्तीफा देने वाले बरेली के पूर्व सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री का आज शामली में ब्राह्मण समाज एवं अन्य संगठनों द्वारा ओमप्रकाश शर्मा के आवास पर स्वागत किया गया, कार्यक्रम में अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के सहारनपुर मंडल अध्यक्ष डॉ उनेन्द्र कुमार शर्मा एवं ब्राह्मण एकता महासभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम किशोर कोठारी जी विनोद कुमार अत्री , बाबू खान , नरेंद्र शर्मा मालेंडी, सुभाष शर्मा , डा पाल सिंह , ज्योति प्रसाद शर्मा, किसान मजदूर संगठन से दीपांशु वशिष्ठ जी सहित ब्राह्मण समाज के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

### अवैध चाकू के साथ युवक को दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** पुलिस अधीक्षक शामली एन।पी। सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग अभियान के तहत थाना कैराना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने रविवार रात पानीपत बाईपास पुल के पास स्थित यात्री स्टैंड से एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मुस्तकीम पुत्र रमजानी निवासी मोहल्ला दरबारखुर्द, कस्बा व थाना कैराना के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध चाकू बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक शामली सुमित शुक्ला के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक गौरव चौहान, कांस्टेबल भानू और कांस्टेबल ऊधम सिंह शामिल रहे।

### झिंझाना में चोरी-छिपे चीनी मांझा बेचने वाला पकड़ा, तीन चरखी जब्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** स्थानीय कस्बे में प्रतिबंधित चीनी मांझे की अवैध बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने सोमवार को एक विशेष छापेमारी अभियान चलाया। इस दौरान मोहल्ला सालारा में एक व्यक्ति को तीन चरखी भरा चीनी मांझा बेचते हुए हिरासत में लिया गया। छापेमारी के दौरान अधिकतर पतंग-मांझा दुकानों पर चीनी मांझा नहीं मिला, लेकिन दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि भविष्य में ऐसा करने पर कठोर कानूनी कार्रवाई होगी। मोहल्ला सालारा में कार्रवाई के दौरान कलीम बिन जमील को उसके घर से तीन चरखी चीनी मांझा लगभग 400 मीटर और 12 खाली चरखियां बरामद हुईं। पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि चीनी मांझा नागरिकों और पक्षियों दोनों के लिए बेहद खतरनाक है। इसकी अवैध बिक्री या भंडारण की सूचना मिलने पर निरंतर ऐसे अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### स्मैक सहित एक तस्कर गिरफ्तार 15.60 ग्राम अवैध मादक पदार्थ किया बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ' ऑपरेशन सवेरा, नशे के अंधक.ार से जीवन के उजाले की ओर' अभियान के तहत एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने ग्राम केरटू निवासी सन्दीप को 15।60 ग्राम अवैध स्मैक सहित दबोचा। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर आरा.ेपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस द्वारा अभियुक्त के मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े फॉरवर्ड एवं बैकवर्ड लिंक की भी जांच की जा रही है। पुलिस ने बताया कि किसी राह चलते से इसने स्मैक खरीदी थी यह पीता भी है और पुड़िया बनाकर आसपास में बेचता भी था।

# समेकित शिक्षा योजना के तहत 5 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत समेकित शिक्षा योजना के तहत सोमवार को कस्बा बनत स्थित बीआरसी कार्यालय पर परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों के शिक्षण प्रशिक्षण के लिए नामित सहायक अध्यापकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर शुरू किया गया। प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा की शिक्षा से जोड़ना तथा शिक्षकों को समावेशी शिक्षा के प्रति दक्ष बनाना है।

प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी कु। प्रिंसी के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान स्पेशल एजुकेटर अखिलेश मौर्य, सचिन कुमार एवं अनिल कुमार ने सहायक अध्यापकों को दिव्यांग बच्चों के शिक्षण से जुड़ी विभिन्न जानकारियां दीं।

प्रशिक्षण में बच्चों की सीखने की क्षमता के अनुसार शिक्षण विधियों, व्यवहारिक गतिविधियों तथा कक्षा में समावेशी वातावरण तैयार करने के तरीकों पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ जोड़ते हुए उनकी विशेष आवश्यकताओं के अनुरूप शिक्षा उपलब्ध कराना समावेशी शिक्षा का मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए शिक्षकों को संवेदनशीलता, धैर्य और विशेष शिक्षण तकनीकों का प्रयोग करना आवश्यक है।जिला समन्वयक समेकित शिक्षा जितेंद्र कुमार ने बताया कि जनपद में लगभग 1440 दिव्यांग बच्चे विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत हैं।

इन बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने और उनकी शैक्षिक प्रगति सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। यह प्रशिक्षण शिविर 9 फरवरी से 13 फरवरी तक संचालित किया जाएगा, जिसमें सहायक अध्यापकों को दिव्यांग बच्चों की शिक्षा, व्यवहारिक सहयोग एवं उनके समग्र विकास से संबंधित विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया जाएगा।



## गन्ना भुगतान में तेजी लाने को खुली बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** भारतीय किसान अराजनीतिक की तहसील स्तरीय मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें चीनी मिल के गन्ना भुगतान में तेजी लाने तथा रियल खतौनी में नाम पर शुद्धिकरण एवं अंश निर्धारण करने के लिए न्याय पंचायत स्तर पर खुली बैठक आयोजित करने की मांग की गई। भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक की तहसील स्तरीय बैठक बाईपास स्थित कार्यालय पर हुई जिसमें उन चीनी मिल की राखी से हो रहे प्रदूषण को रोकने ,यमुना बांध का पुनर्निर्माण ,स्मार्ट मीटर का विरोध, गन्ना भुगतान 14 दिन के अंदर कराया जाए, रियल खतौनी में नाम शुद्धिकरण व अंश निर्धारण करने के लिए न्याय पंचायत स्तर पर खुली बैठक आयोजित की जाए तथा शामली जिले में अनाज मंडी की स्थापना की जाए की मांग की गई ।बैठक में कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने का आ]वान किया बैठक की अध्यक्षता हरेंद्र सिंह पिंडोरा तथा संचालन अजय कुमार ने किया बैठक में कुलबीर सोमपाल सुखपाल मांगेराम सरदार सिंह सतेंद्र आदि शामिल रहे।

## मृत गोवंश मिला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे के ऊन रोड पर काली मंदिर के आगे बाग के पास एक गोवंश मृत अवस्था में पड़ा मिला, जिसे कुत्ते नोच रहे थे। सूचना मिलने पर भाजपा के पूर्व जिला मंत्री सुनील बंसल, अर्जुन पंडित, शिवकुमार सैनी, दिव्यांशु अनंगपाल सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे।

कार्यकर्ताओं ने तुरंत 112 पर कॉल कर पुलिस को अवगत कराया। सूचना पर पीआरवी 3660 पर तैनात कांस्टेबल आर्य कौशिक व जितेंद्र मौके पर पहुंचे। इसके बाद नगर पंचायत की जेसीबी बुलवाकर गड्ढा खुदवाया गया और मृत गोवंश को विधिपूर्वक उसमें दफना दिया गया।

## स्काउट शिविर का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सत्यनारायण इंटर कॉलेज में सोमवार को स्काउट-गाइड शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने स्काउट-गाइड ध्वज फहराकर किया। उन्होन ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउट-गाइड जैसी विश्वस्तरीय संस्था से जुड़ना गर्व की बात है। यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों में अनुशासन, सुरक्षा, सेवा भावना और देशभक्ति की भावना विकसित करता है तथा उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देता है।शिविर के दौरान छात्र-छात्राओं को ध्वज शिष्टाचार, स्काउट-गाइड का इतिहास, विभिन्न प्रकार की तालियां, सल्यूट करना, स्काउट-गाइड प्रार्थना, झंडा गीत, सिद्धांत, नियम और प्रतिज्ञा आदि का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण गीता एवं गायत्री देवी द्वारा कराया गया।

कार्यक्रम में स्काउट प्रभारी

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरे पुत्र मुसरान व उवैस मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं, आए दिन कोई न कोई अप्रिय कार्य करते रहते हैं। इसलिए मैं अपने पुत्र मुसरान व उवैस से समस्त संबंध विच्छेद कर उनको अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर रहा हूं। भविष्य में उनके किसी भी कार्य के वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**नवाब पुत्र असगर**
**निवासी- ग्राम गढ़ी दौलत मजरा, गंगेरू थाना कांधला, तहसील कैराना, शामली**

# अल्पाइन पब्लिक में विदाई समारोह का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन के अल्पाइन पब्लिक स्कूल में सोमवार को कक्षा पांच के छात्र-छात्राओं के सम्मान में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों को उपस्थित अभिभावकों ने खूब सराहा।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में समूह नृत्य, फनी डांस, जुगलबंदी, कव्वाली सहित अन्य प्रस्तुतियां शामिल रहीं, जिनमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को लेकर विद्यालय परिसर उत्सव के रंग में रंगा नजर आया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक शहजाद अहमद ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, खेल-कूद और सांस्कृतिक गति.विधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम में उत्कृष्ट सहभागिता करने वाले दिव्या, मुश्कान, आतिका, हमजा, साद, मोनिसा और आफिया को विद्यालय की ओर से प्रबंधक शहजाद अहमद एवं प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार द्वारा प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिकाओं साबरीन अंसारी, नेहा सैनी, दीपांशी शर्मा, राबिया सिद्दीकी, प्रीति गोयल, तमन्ना मलिक, आयशा सलमानी और निदा परवीन का विशेष योगदान रहा।

# पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों में वांछित व वारंटियों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** पुलिस ने अपराध नियंत्रण एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को तीन अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त और दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार ने हमराह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में चेकिंग, वांछितों की तलाश एवं शांति व्यवस्था की डडूटी के दौरान अभियुक्त सियाराम पुत्र राजपाल निवासी मोहल्ला जामिन अली, कस्बा जलालाबाद, थाना थानाभवन को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना थानाभवन में मुकदमा अपराध संख्या 47/26 धारा 13 जी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। इसी क्रम में, उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार द्वारा एक गैर जमानती वारंटी तौकीर पुत्र मीर हसन निवासी ग्राम सोहजनी उमरपुर, थाना थानाभवन, जनपद शामली को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। वारंटी के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 1703/2021 धारा 138 बी विद्युत अधिनियम थाना एपीटी में दर्ज है। गिरफ्तारी के दौरान न्यायालय एवं मानवाधिकार आयोग के निर्देशों का पालन किया गया तथा वारंटी को हवालात में नियमानुसार दाखिल किया गया। वहीं, एक अन्य कार्रवाई में उपनिरीक्षक दीपचंद ने मुख्य आरक्षी नितिन कुमार एवं अजय कुमार के साथ चेकिंग व तलाश अभियान के दौरान वारंटी खालिद पुत्र तराब अली निवासी मोहल्ला बज्जर, ग्राम भैसानी को गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध मुकदमा अपराध संख्या 196/2020 धारा 135 विद्युत अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज है।

पुलिस ने बताया कि सभी गिरफ्तार अभियुक्तों व वारंटियों को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया

# ट्यूबवैलों पर चोरों का धावा, किसानों में दहशत



## लाव्वादाउदपुर में एक ही रात में कई वारदातें, केविल-स्टार्टर और दवाइयां साफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र में ट्यूबवैल चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रहीं। रविवार रात में बदमाशों ने कई किसानों के टड्ूबवेलों को निशाना बनाकर हजारों रूपए का सामान चोरी कर लिया। लगातार बढ़ रही वारदातों से किसानों में गहरा भय और रोष है।

चौसाना क्षेत्र के लाव्वादाउदपुर में रविवार देर रात बदमाशों ने शुभम के खेत स्थित ट्यूबवैल की दीवार फाड़ दी। वहां से करीब 50 मीटर केविल, स्टार्टर और कीटनाशक दवाइयां चोरी कर ली गईं। वहीं पास ही मुकेश के ट्यूबवैल का ताला तोड़कर लगभग 20 मीटर केविल और स्टार्टर उड़ा ले गए। मुकेश के यहां दो महीने के भीतर यह दूसरी चोरी बताई जा रही है।

दीपक के ट्यूबवैल को भी चोरों ने नहीं छोड़ा। ताला तोड़कर केविल और स्टार्टर चोरी कर लिया गया। किसान सन्नी और बिल्ला के ट्यूबवैल भी बदमाशों के निशाने पर रहे। उनके यहां पंद्रह दिनों के भीतर दो बार चोरी हो चुकी है, जिससे खेती का काम बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। सोमवार सुबह जब किसान खेतों पर पहुंचे तो टूटे ताले, उखड़ी दीवारें और बिखरा सामान देखकर सन्न रह गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। सभी पीड़ित किसानों ने चौसाना चौकी पर अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द गश्त और सख्ती नहीं बढ़ाई गई तो चोरियों पर लगाम लगना मुश्किल है।

### क्षेत्र में बढ़ती ट्यूबवैलों पर चोरियां

चौसाना क्षेत्र में टड्ूबवेल चोरी अब आम समस्या बनती जा रही है। कई गांवों में एक ही किसान के यहां महीने में दो-दो बार चोरी की घटनाएं हो रही हैं। केविल, स्टार्टर और कृषि दवाइयां मुख्य निशाने पर हैं। किसान आर्थिक नुकसान के साथ मानसिक डर भी झेल रहे हैं। ग्रामीणों ने रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

# छात्राओं की वार्षिक परीक्षा संपन्न, दुआ के साथ कार्यक्रम का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** सोमवार को मोहल्ला शेखामेदान ईदगाह रोड स्थित मदरसा जामिअतुस सालिहातुत तययिबात में छात्राओं की वार्षिक परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में मदरसा प्रबंधक मौलाना तैय्यब कासिमी, कघरी इरशाद साहब गोगवान, मौलाना वसीक झिंझाना, हाफिज अय्यूब शेखा मेदान झिंझाना एवं मुफ्ती अनवर शाह कघसिमी ने छात्राओं का इम्तिहान लिया।



परीक्षा के उपरांत दुआ कराई गई, जिसके बाद बच्चियों व अभिभावकों ने मदरसा प्रबंधक मौलाना तैय्यब कासिमी तथा सचिव एवं जनरल सेक्रेटरी गुलजार खघन को शुभकामनाएं व मुबारकबाद दी। कार्यक्रम का समापन अध्यक्ष मौलाना इकराम साहब रशीदी की दुआ के साथ हुआ। जामिआ की प्रधानाचार्या मुसर्रत बेगम ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए विदा किया। इस अवसर पर सालिहा अयमन, सदफ, शबीना, अरमाना, मंसूरा, कहकशां, हादिया, नाजिया, नबिया, मनतशा, उजमा सहित अन्य छात्राओं ने आशिर्वाद प्राप्त कर जामिआ से विदाई ली।

# मेगा विधिक सेवा शिविर की तैयारियां जोरों पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जनपद में 22 फरवरी को आयोजित होने वाले मेगा विधिक सेवा शिविर की तैयारियों को लेकर सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शामली में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रतिभा ने की। बैठक में एडीएम न्यायिक सोहन लाल, परियोजना निदेशक प्रेमचंद, सीएमओ डॉ। अनिल कुमार तथा प्रभागीय वना. धिकारी जगदेव सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान आगामी मेगा कैम्प के सफल आयोजन को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रतिभा ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि शिविर में अधिक से अधिक लोगों को विधिक सहायता एवं सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। बैठक में शिविर के आयोजन, विभागीय सहभागिता तथा व्यवस्थाओं को लेकर रूपरेखा तैयार की गई, ताकि मेगा कैम्प का आयोजन सुचारु रूप से संपन्न कराया जा सके।

# चौसाना में बिजली विभाग का बड़ा अभियान, 30 के काटे कनेक्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** बिजली विभाग ने सोमवार को बकाएदार उपभोक्ताओं के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए चौसाना बिजलीघर से जुड़े गांवों में कनेक्शन काटने का विशेष अभियान चलाया। विभागीय टीम की कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने साफ कहा कि बड़े बकाएदारों पर अब किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

अभियान के दौरान चौसाना, गंगारामपुर, खेड़की और जिजौला गांवों में घर-घर जांच की गई। जिन उपभोक्ताओं पर लंबे समय से बिजली बिल बकाया था और बार-बार नोटिस देने के बाद भी भुगतान नहीं किया गया, उनके कनेक्शन मौके पर ही काट दिए गए। कुल 30 बिजली कनेक्शन



विच्छेदित किए गए, जिन पर लगभग 7 लाख रूपए का बकाया चल रहा था। कार्रवाई के दौरान कुछ उपभोक्ताओं ने मौके पर ही बकाया राशि जमा कर कनेक्शन बचाने की कोशिश की। विभागीय टीम ने मौके पर लगभग डेढ़ लाख रूपए की वसूली भी की। अधिकारियों ने बताया कि जिन लोगों ने आंशिक भुगतान किया है, उन्हें शेष धनराशि शीघ्र जमा कराने की चेतावनी दी गई है, अन्यथा दोबारा कनेक्शन जोड़ने में देरी होगी। अभियान का नेतृत्व अवर अभियंता आजम अकबर ने किया। उनके साथ टेक्नीशियन बृजेश कुमार, रंजीत कुमार सहित संविदा कर्मियों की टीम मौजूद रही, जिसमें रामपाल सिंह, मनप्रीत सिंह, जगत सिंह, रामकुमार, चरण सिंह, किरण पाल, दीपक और मेजर शामिल रहे।

# बोर्ड परीक्षा में शामिल होने जा रहे विद्यार्थियों को दी शुभकामनाएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सेंट आरसी कान्वेंट स्कूल में बोर्ड परीक्षाओं में शामिल होने जा रहे विद्यार्थियों की सफलता की मंगलकामना के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मैनेजर, प्रधानाचार्या, उप-प्रधानाचार्य एवं अध्यापकों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया।

प्रधानाचार्या उजमा जैदी ने कहा कि परीक्षाएं सफलता के नए अवसर प्रदान करती हैं और परिश्रम व आत्मविश्वास ही सफलता की वास्तविक कुंजी है। उन्होंने विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच बनाए रखने, परीक्षा के तनाव से दूर रहने तथा अपनी तैयारी पर विश्वास रखने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अच्छे परिणाम के लिए शुभकामनाएं दीं।

विद्यालय की मैनेजर मीनू संगल ने कहा कि विद्यार्थियों के लिए यह समय भविष्य की मजबूत नींव रखने का है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने, प्रश्न-पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने और पूरे आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि निरंतर परिश्रम और सही दिशा में प्रयास ही सफलता दिलाते हैं तथा विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहना चाहिए। उप-प्रधानाचार्य आरपीएस। मलिक ने कहा कि अब समय अपनी मेहनत को परिणाम में बदलने का है।

# बैंक का ऋण चुकाने के बावजूद भूमि कुर्क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** तहसील कैराना क्षेत्र के ग्राम पावटीकला निवासी एक किसान ने डीएम से शिकायत करते हुए आरोप लगाया है कि बैंक का पूरा ऋण चुकाने के बावजूद उसकी भूमि को कुर्क मुक्त नहीं किया जा रहा है, जिससे उसे आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्राम पावटीकला निवासी रकम सिंह पुत्र किशन सिंह ने डीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उन्होंने सर्व यूपी ग्रामीण बैंक, भूरा शाखा से कृषि ऋण लिया था। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण समय पर ऋण की अदायगी नहीं हो सकी, जिसके चलते तहसील प्रशासन द्वारा उनकी ग्राम तारापुर व पावटीकला स्थित भूमि को कुर्क कर दिया गया था। उन्होंने 6 दिसंबर



2025 को बैंक का समस्त बकाया ब्याज सहित जमा कर नो-डड्ूज प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया है तथा इसका इन्द्राज खतौनी में भी दर्ज हो चुका है।

इसके बावजूद संबंधित अधिका. रियों द्वारा भूमि से कुर्की आदेश हटाने की कार्रवाई नहीं की जा रही है। आरोप लगाया है कि एसडीएम कैराना द्वारा पद का दुरूपयोग करते हुए राजस्व अधिकारियों पर दबाव बनाकर कुर्की हटाने में अनावश्यक विलंब कराया जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। उनका कहना है कि भूमि पर खड़ी गन्ने की फसल की समय पर कटाई न होने से भी भारी नुकसान की आशंका है। किसान ने डीएम से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर भूमि को कुर्क मुक्त कराने की मांग की है।

# पेयजल लाइन क्षतिग्रस्त होने से जलापूर्ति बाधित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर में बीएसएनएल द्वारा अंडरग्राउंड केबल डालने के कार्य के दौरान नगर पालिका परिषद की मुख्य पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो जाने से सोमवार को दिनभर जलापूर्ति बाधित रही। पानी की सप्लाई बंद रहने से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

शहर में पिछले कई दिनों से बीएसएनएल के ठेकेदार द्वारा अंडरग्राउंड केबल डालने का कार्य कराया जा रहा है। गत रविवार सुबह दिल्ली रोड स्थित होंडा शोरूम के सामने खुदाई के दौरान जमीन में की गई ड्रिलिंग से नगर पालिका की मुख्य पानी की पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे दिनभर पानी सडकों पर बहता रहा। सोमवार को पाइपला. इन क्षतिग्रस्त होने की जानकारी



मिलने के बाद नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची और मरम्मत कार्य शुरू कराया गया।क्षतिग्रस्त पाइपला. इन की मरम्मत के चलते सोमवार को दोपहर करीब 11 बजे शहर की जलापूर्ति बंद कर दी गई। खुदाई के दौरान पता चला कि मुख्य लाइन ही क्षतिग्रस्त हो गई है, जिसके कारण मरम्मत कार्य में काफी समय लगा। नगर पालिका के कर्मचारी और इंजी. नियर देर शाम तक पाइपला. इन को ठीक करने में जुटे रहे, लेकिन देर शाम तक भी फाल्ट पूरी तरह ठीक नहीं हो पाया था।जलापूर्ति बंद रहने से दिल्ली रोड, ननूपुरा, हाजीपुरा, सलेक विहार, कैराना रोड, कबाड़ी बाजार, नया बाजार, बड़ा बाजार, गुजरातीन, पंसारियान और कलंदरशाह सहित शहर के अधिकांश क्षेत्रों में लोगों को पानी की किल्लत झेलनी पड़ी। कई स्थानों पर लोगों को पीने के पानी के लिए निजी संसाधनों का सहारा लेना पड़ा।नागरिकों ने मांग की है कि अंडरग्राउंड केबल डालने जैसे कार्यों के दौरान संबंधित विभागों के बीच समन्वय बनाया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की समस्या से शहरवा. सियों को राहत मिल सके।



# राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के आरके पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम इकाई द्वारा स्वच्छ भारत अभियान थीम के अंतर्गत एक दिवसीय तृतीय शिविर का आयोजन किया गया। शि. विर का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य लोकेश कुमार एवं कार्यक्रम अधिक. ारी डॉ। रोहित राणा ने किया। इस अवसर पर एनएसएस स्वयंसेवकों ने प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत किए। प्राचार्य लोकेश कुमार ने कहा कि स्वच्छता स्वस्थ समाज की आधारशिला है और प्रत्एक नागरिक का दायित्व है कि वह अपने आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखने में सहयोग करे। उन्होंने स्वयंसेवकों से स्वच्छता के संदेश को घर-घर तक पहुंचाने का आह्वान किया।कार्यक्रम अधिकारी डॉ। रोहित राणा ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना है। स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज को स्वस्थ जीवन के लिए प्रेरित करना आवश्यक है। उन्होंने स्वयंसेवकों के उत्साह की सराहना करते हुए भविष्य में भी सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया।शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने जागरूकता रैली निक. ालकर पोस्टर एवं नारों के माध्यम से आमजन को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का समापन स्वच्छता को सामाजिक दायित्व मानते हुए संकल्प के साथ किया गया।

## सोनू कश्यप की हत्या के विरोध में धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विधानसभा परिसर में सोनू कश्यप की हत्या के विरोध में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान शामली एमएलसी किरणपाल कश्यप मौजूद रहे और दोषियों की जल्द गिरफ्तारी व कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई।



धरना-प्रदर्शन को संबोधित करते हुए एमएलसी किरण पाल कश्यप ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक है और मेरठ में सोनू कश्यप की निर्मम हत्या की घटना अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि घटना के बाद भी अब तक ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे समाज में रोष व्याप्त है।उन्होंने कहा कि यदि दोषियों के खिलाफ शीघ्र सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो समाजवादी पार्टी आंदोलन तेज करने को बाध्य होगी। साथ ही सरकार से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को जल्द गिरफ्तार करने तथा पीड़ित परिवार को न्याय व सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की गई। धरना-प्रदर्शन के माध्यम से पार्टी नेताओं ने कहा कि अन्याय और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा।

# डीसैन्ट पब्लिक स्कूल में धूमधाम से आयोजित हुआ आशीर्वाद एवं विदाई समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** डी-सैन्ट पब्लिक स्कूल में सोमवार को कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं का आशीर्वाद एवं विदाई समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। समारोह में प्रवजोत सिंह को मिस्टर फेयरवेल तथा रीतू चौहान को मिस फेयरवेल चुना गया।



कार्यक्रम से पूर्व कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं बैज पहनाकर विद्यालय प्रांगण में स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्या मती संतोष तोमर, वरिष्ठ अध्यापक दिनेश चंद्र शर्मा एवं सत्यवीर सिंह द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके पश्चात कु। आरती द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने गीत, नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों ने अपने छात्र जीवन के अनुभव और खट्टी-मीठी यादों को भी मंच के माध्यम से साझा किया। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण कुमार, दिनेश चंद्र शर्मा एवं कु। मानसी ने संयुक्त रूप से किया। कु। निकिता ने संगीत संचालन,व विक्रांत कुमार ने फोटोग्राफी एवं मंच सज्जा की जिम्मेदारी निभाई। समापन अवसर पर विद्यालय प्रबंधक आर।पी। सिंह ने छात्र-छात्राओं को परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगलकामनाएं दी। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए समस्त विद्यालय परिवार के योगदान की सराहना की।

## जेई पर लापरवाही का लगाया आरोप

**शामली।** शहर में बार-बार जलापूर्ति बाधित होने को लेकर नगर पालिका परिषद के सभासदों ने ईओ को शिकायती पत्र देकर जेई पर लाप. रवाही का आरोप लगाया है। वार्ड सभासद निशीकांत संगल व अनिल कुमार उपाध्याय ने दिए पत्र में बताया कि 8 फरवरी को नगर पालिका के अवर अभियंता द्वारा मोबाइल संदेश के माध्यम से 9 फरवरी को सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक करीब 11 घंटे जलापूर्ति बंद रहने की सूचना दी गई थी। आरोप है कि बीएसएनएल द्वारा अंडरग्राउंड केबल डाले जाने के दौरान आवश्यक एनओसी की प्रक्रिया का सही तरीके से पालन नहीं किया गया, जिसके चलते बार-बार पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो रही है और शहरवासियों को परेशानी उठानी पड़ रही है। कुछ दिन पूर्व भी आरके इंटर कॉलेज के सामने पाइपलाइन लीकेज के कारण सुबह से देर रात तक जलापूर्ति बाधित रही।

# स्टेट बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में झिंझाना के अनमोल शर्मा ने जीता सिल्वर मेडल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बा निवासी अनमोल शर्मा ने उत्तर प्रदेश बॉडीबिल्डिंग स्टेट चौंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल हासिल किया है।प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जनपद और कस्बे का नाम रोशन किया है।

मेरठ के सुभारती यूनिवर्सिटी के ऑटोडोरियम में आयोजित उत्तर प्रदेश बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में प्रदेश भर से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें अनमोल शर्मा ने कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। उनकी इस उपलब्धि से परिवार और नगरवा. सियों में खुशी का माहौल है। अनमोल शर्मा के पिता हरिकिशन शर्मा ने बताया कि पहली बार जनपद से किसी प्रतिभागी ने इस स्तर की बॉडीबिल्डिंग चौंपियनशिप में भाग लेकर सिल्वर मेडल जीता है। अनमोल की सफलता से युवाओं में भी खेलों के प्रति उत्साह बढ़ा है। नगर के लोगों ने उनकी उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# कब्जा करने आए भूमाफियाओं ने कब्रिस्तान पर चलाया जेसीबी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** शमशान की भूमि का मामला अभी चल ही रहा है कि अब भूमाफियाओं ने कब्रिस्तान में जेसीबी मशीन चला कब्रो को खुर्दबुर्द कर दिया। पीडित पक्ष ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र भेज इंसाफ की गुहार लगाई है।



मोहल्ला सराए काहरान निवासी शमशाद अली, नईम, मुस्तकीम, शादाब, शहजाद, शराफत, मो. हसीब और आसिफ ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भेज पत्र बताया कि रविवार को देवबंद की तल्हेड़ी चुंगी स्थित करंजाली रोड पर 40-50 लोगों की भीड़ ने हथियारों और जेस.ीबी मशीन के साथ पहुंचे। बताया कि आरोपियों ने कब्रिस्तान में बनी कब्रो को खुर्द बुर्द करना शुरू कर दिया। जिससे कब्रो में दफन ढ़ाचे भी दिखाई देने लगे। उनके मुताबिक जब हम लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी मारपीट पर उतारू होकर उन्हें वहां से भाग जाने की धमकियां देने लगे। उन्होंने एसएसपी से गुहार लगाते हुए कब्रिस्तान बचाने की गुहार लगाई। बताया कब्रिस्तान पर कब्जा करने आए कुछ आरोपियों के खिलाफ अपराधिक मामलो में मुकदमें विभिन्न थानों में चल रहे हैं।

# सऊदी अरब में नौकरी दिलाने के नाम पर दो लाख रुपये की ठगी

**देवबन्द।** जनपद शामली थाना झिंझाना के बसी चुंधियारी गांव निवासी अजीम ने एससीजेएम के यहां प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि देवबंद क्षेत्र के राज्जुपुर गांव निवासी कामिल और अहसान से उसकी जान पहचान थी। करीब दो माह पूर्व दोनों लोगों ने उसे सऊदी अरब में ड्राइवर की नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया था। इसके लिए उससे दो लाख रुपये यह कहकर लिए गए कि यह रकम बाद में वेतन के साथ वापस मिल जाएगी। आरोप है कि भरोसा करके उसने उन्हें दो लाख रुपये दे दिए और उसे सऊदी अरब भेज दिया गया। लेकिन वहां उसे भेड़ चराने और घास खोदने का काम सौंपा गया। वह किसी तरह वापस लौटा। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर दोनों लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

# भीम आर्मी ने एसडीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**देवबन्द।** बहुजन समाज पार्टी के महापुरुषों के अपमान, समाज के उत्पीड़न को रोकने और मोहम्मद अलीपुरा गांव के मयंक की हत्या के वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर भीम आर्मी ने एसडीएम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया।

भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष शौर्य आंबेडकर के नेतृत्व में कार्यकर्ता और मोहम्मद अलीपुरा गांव के ग्रामीणों ने एसडीएम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने उपजिलाधिकारी युवराज सिंह और पुलिस क्षेत्राधिकारी अभितेष सिंह को ज्ञापन सौंपा। उन्होने कहा कि बहुजन समाज पर लगातार अत्यार, अन्याय व उत्पीड़न की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। साथ ही असमाजिक तत्व महापुरुषों को अपमानित करने का काम कर रहे हैं। ज्ञापन में उन्होंने बहुजन समाज पर होने वाले अत्याचारों को रोकने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने, महापुरुषों के बोर्ड और पोस्टर हटाने वालों पर कार्रवाई करने, जनपद सहारनपुर के पिठौरी और खतौली गुर्जर क्षेत्रों में संत शिरोमणि रविदास महाराज की जयंती मनाने की अनुमति देने और बहुजन समाज के कार्यक्रमों में प्रशासन का अनावश्यक हस्तक्षेप बंद करने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने 15 जनवरी को मोहम्मद अलीपुरा गांव में मयंक की हत्या करने वाले वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी करने की मांग को लेकर भी ज्ञापन सौंपा। इसमें उन्होंने शीघ्र गिरफ्तारी न होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है। प्रदर्शनकारियों में रविकांत गौतम, नरेंद्र लांबा, रुपचंद, अरविंद कुमार आदि लोग शामिल रहे।



# हर्षोल्लास से मनाया त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की गुज्जरवाड़ा शाखा के तत्वावधान में त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इसमें शिवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए शिवरात्रि पर्व को अज्ञान और विकारों के अंधकार को मिटाने का प्रतीक बताया गया।





मुजफ्फरनगर रोड स्थित हिंदूवाड़ा कालोनी में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की गुज्जरवाड़ा शाखा के तत्वावधान में त्रिमूर्ति शिव जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पंजाब जोन के ज्यूरिस्ट विंग को आर्डिनेटर जगपाल राजयोगी ने कहा कि शिव.रात्रि का आध्यात्मिक महत्व केवल पूजा पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वयं को जानने और चेतना को जगाने का पर्व है। मुख्य अतिथि त्रिवेणी शुगर मिल के उपाध्यक्ष पुष्कर मिश्र एवं अधिवक्ता संदीप शर्मा ने कहा कि शिवरात्रि पर्व हमें संसार के बंधनों से मुक्त कर मोक्ष की ओर बढने का मार्ग दिखाता है। बिजनौर से आई अनिता बहन ने कहा कि आध्यात्मिक स्तर पर शिवरात्रि हमारे भीतर की चेतना और ऊर्जा के संतुलन को दर्शाता है। पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग ने कहा कि शिवरात्रि के दौरान उपवास और जागरण करने का मुख्य उद्देश्य मन को शांत कर बाहरी दुनिया से हटकर अंतर्मुखी होना है।

अध्यक्षता सुरेश दीदी व संचालन शाखा संचालिका सुधा बहन ने किया। इस दौरान जेलर सुरेश कुमार, नगरपालिका ईओ राजपति बैस, अजय गर्ग, अरुण प्रधान, सरिता, कोमल, अनुज, बीनू, मनीषा, भूपेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।

# संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की स्थापित की प्रतिमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मंदिर में संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की प्रतिमा स्थापित की गई। इस मौके पर गांव में यात्रा निकाली गई जगह जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा स्वागत किया गया। यात्रा संत शिरोमणि सतगुरु रविदास मंदिर पहुंच कर संपन्न हुई।



अमरपुर नैन गांव में सोमवार को विधि विधान के साथ मंदिर में संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की प्रतिमा स्थापित की गई। इससे पूर्व ग्रामीणों ने गांव में प्रतिमा की परिक्रमा कराई। मुख्य मार्गों से होते हुए यात्रा संत शिरोमणि सतगुरु रविदास मंदिर पहुंच कर संपन्न हुई। जगह जगह पुष्प वर्षा से इसका स्वागत हुआ। इस दौरान संत रविदास महाराज के जयकारे गूंजते रहे। इस मौके पर आसपा भाईचारा कमेटी के जिला संयोजक रमेश राज गौतम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजपाल कर्णवाल, ग्राम प्रधान नेत्रपाल सिंह, संदीप चौधरी, विनोद, सुभाष चंद्र, अवधेश, अनुज भास्कर, अमित भास्कर, ऋषिपाल, श्याम सिंह, ओमकुमार आदि शामिल रहे।

# दारुल उलूम की प्रवेश प्रक्रिया में हुए कई अहम बदलाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विश्व विख्यात इस्लामिक शिक्षण दारुल उलूम देवबंद की मजलिस-ए-शूरा (सुप्रीम पावर कमेटी) की बैठक में शूरा सदस्यों ने अगले साल से संस्था में दाखिले के लिए ऑनलाइन फार्म जमा किए जाने व कक्षा दौरा हदीस (अरबी अंतिम वर्ष) में 100 सीटे बढ़ाए जाने का महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए शिक्षा के स्तर को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए कई अहम फैसले किए।

**विश्व विख्यात इस्लामिक शिक्षण संस्था दारुल उलूम देवबंद में दाखिला लेने के इच्छुक छात्रों को देवबंद पहुंचकर दाखिला फार्म जमा कराना पड़ता था। जिसके चलते ईद के बाद होने वाली प्रवेश परीक्षाओं में बैठने के लिए देश विदेश के हजारों छात्र रमजान के महीने में ही देवबंद पहुंच जाते थे और दाखिला फार्म जमा करने के बाद यहीं रहकर प्रवेश परीक्षा की तिथि का इंतजार करते थे। इस निजाम के चलते संस्था में दाखिले के इच्छुक छात्रों को अपने घर से दूर आकर यहां रहने व खाने पीने का इंतजाम करने में खासी परेशानी भी होती थी। इसी परेशानी को देखते हुए मजलिस ए शूरा द्वारा अगले वर्ष से दाखिला फार्म ऑनलाइन जमा किए जाने के आदेश दिए गए हैं। इस नई व्यवस्था से हजारों छात्रों को लाभ होगा और अब वह ऑनलाइन फार्म जमा करने के बाद सीधे प्रवेश परीक्षा देने के लिए देवबंद पहुंच सकेंगे।**



दारुल उलूम देवबंद के अतिथि गृह में चार चरणों में संपन्न हुई शूरा की दो दिवसीय बैठक में दारुल उलूम के शिक्षा विभाग, तंजीम तरक्की विभाग समेत अन्य विभागों के प्रभारियों ने शूरा सदस्यों के समक्ष अपनी-अपनी रिपोर्ट पेश की। बैठक में शिक्षण कार्य एवं छात्रावास व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने समेत अन्य अहम फैसले लिए गए। शूरा सदस्यों ने दारुल उलूम में दाखिला प्राप्त करने के इच्छुक देश विदेश के हजारों छात्रों को बड़ी राहत पहुंचाते हुए दाखिला फार्म ऑनलाइन जमा किए जाने का अहम फैसला किया और अगले वर्ष से इसे लागू किए जाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही अरबी अंतिम वर्ष में सो सीटें और अधिक बढ़ाए जाने का निर्णय लिया। जिसके बाद दौरा ए हदीस शरीफ में 1200 से अधिक छात्रों का दाखिला हो सकेगा। इसके अलावा शूरा सदस्यों ने मदरसे में अरबी कक्षा एक से तीन तक नए छात्रों का दाखिला न लेने के फैसले पर भी अपनी मोहर लगाई। बैठक में नए शिक्षा पॉलिसी और संस्थाओं के लिए लागू नए नियमों पर भी चर्चा की गई। देश व दुनिया में अमन चौन और मुसलमानों व मदरसों की हिफाजत के लिए दुआ पर बैठक संपन्न हुई।

इस दौरान दारुल उलूम देवबंद के मोहतमिम मुफ्ती अबुल कासिम नौमानी, सदर मुदर्रिस मौलाना अरशद मदनी, हकीम कलीमुल्लाह अलीगढ़ी, मौलाना महमूद मदनी, मौलाना रहमतुल्लाह कश्मीरी, मौलाना अनवारुल रहमान बिजनौरी, मुफ्त इस्लामईल मालेगांव, मौलाना अब्दुल समद बंगाल, मौलाना इश्तियाक मुजफ्फरपुरी, मौलाना अंजर हुसैन मिलयां देवबंदी, मौलाना महमूद राजस्थानी, मौलाना मोहम्मद आकिल गढ़ी दौलत, मौलाना सैयद बिलाल नदवी, मौलाना मलिक मोहम्मद इब्राहीम मद्रास, मुफ्ती मोहम्मद सालेह, मुफ्ती अहमद बुजुर्ग गुजरात मौजूद रहे।

# धामपुर में घायल मिला राज्य पक्षी सारस

## टीचर्स कॉलोनी में 30 घंटे के रेस्क्यू के बाद वन विभाग ने बचाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** उत्तर प्रदेश का राज्य पक्षी सारस घायल अवस्था में धामपुर के टीचर्स कॉलोनी क्षेत्र में मिलने से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि उड़ान के दौरान सारस किसी मांझे अथवा बिजली के तार की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और संतुलन बिगड़ने पर कॉलोनी क्षेत्र में आकर गिर पड़ा। जिस स्थान पर सारस गिरा, वहां नियमित रूप से संघ की शाखा भी लगती है।



घटना की जानकारी मिलते ही मौहल्ले वासियों ने रविवार को वन विभाग को सूचना दी। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तुरंत रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। हालांकि घायल होने के बावजूद सारस बार-बार भागने की कोशिश करता रहा, जिससे उसे पकड़ने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। रविवार शाम तक टीम ने प्रयास जारी रखे, लेकिन अंधेरा होने के कारण अभियान को रोकना पड़ा। इसके बाद सोमवार सुबह दोबारा रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया।

करीब 30 घंटे तक चले इस अभियान के दौरान वन कर्मियों ने जाल और अन्य उपकरणों की मदद से सारस को पकड़ने का प्रयास किया। आखिरकार दोपहर के समय कड़ी मशक्कत के बाद वन विभाग की टीम को सफलता मिली और घायल सारस को सुरक्षित कब्जे में ले लिया गया। रेस्क्यू के दौरान सारस का जोड़ा भी आसपास मंडराता रहा और घायल साथी को पकड़ते देख बेचैनी में इधर-उधर उड़ता नजर आया।

डिप्टी रेंजर हरगोविंद सिंह ने बताया कि प्राथमिक जांच में सारस के घायल होने का कारण मांझा अथवा बिजली का तार प्रतीत हो रहा है। उन्होंने कहा कि घायल सारस को उपचार के लिए वन विभाग की नर्सरी ले जाया गया है, जहां पशु चिकित्सकों की देखरेख में उसका इलाज कराया जाएगा। स्थिति में सुधार होने के बाद उसे उसके प्राकृतिक वातावरण में छोड़ दिया जाएगा। घटना के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए और रेस्क्यू ऑपरेशन को देखते रहे। लोगों के बीच इस बात को लेकर चर्चा रही कि हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चीनी मांझे पर सख्त प्रतिबंध के निर्देश दिए गए हैं, इसके बावजूद इस तरह की घटनाएं सामने आना चिंता का विषय है। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि प्रतिबंधित मांझे का प्रयोग न करें और किसी भी घायल वन्यजीव की सूचना तुरंत विभाग को दें, ताकि समय रहते उसकी जान बचाई जा सके।

# कांवड़ियों का ट्रैक्टर पुल पर लटका



**नजीबाबाद।** हरिद्वार जा रहे कांवड़ियों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली मंडावली थाना क्षेत्र में पुल से नीचे लटक गई। यह घटना लकड़हान नदी के समीप दाना-पानी रेस्टोरेंट के पास हुई। यह ट्रैक्टर-ट्रॉली रामपुर से हरिद्वार की ओर जा रही थी। आगे चल रही एक अन्य ट्रैक्टर-ट्रॉली के चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाने के कारण पीछे आ रही यह ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित हो गई और लकड़हान नदी के पुल पर लटक गई। सूचना मिलते ही मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल नजीबाबाद से एक हैड्रा क्रेन मंगवाई। क्रेन की मदद से ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीधा किया गया और शिवभक्तों को हरिद्वार के लिए रवाना किया गया। यह शिवभक्त जनपद रामपुर के निवासी थे। इनमें होराम पुत्र शमेघराज सिंह, निवासी चंदूपुरा, थाना टांडा, जनपद रामपुर भी शामिल थे। थाना मंडावली प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि उन्हें लगभग 2:30 बजे इस घटना की सूचना मिली थी। उन्होंने पुष्टि की कि मौके पर पहुंचकर शिवभक्तों को आगे रवाना कर दिया गया और इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।



# एडेड माध्यमिक शिक्षकों की सेवा सुरक्षा के लिए शासन गंभीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** प्रदेश के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की सेवा सुरक्षा से संबंधित इंटरमीडिएट एक्ट 1982 की धारा 12 एवं 18 के बहाली को लेकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ वर्षों से मांग करता आ रहा है।

ज्ञात हो कि माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग के भंग होने के उपरांत इन विद्यालयों के शिक्षकों की सेवा सुरक्षा से संबंधित धाराएं स्वत: समाप्त हो गई थी। परिणाम स्वरूप शिक्षकों में भय एवं असुरक्षा की भावना थी।

इसी को लेकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ निरंतर शासन से धरना प्रदर्शन तथा मांग पत्रों के माध्यम से नवगठित उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा आयोग के नियमों में सेवा सुरक्षा की धारा 12, 18 एवं धारा 21 को जोड़ने की निरंतर मांग कर रहा था। विगत 28 जनवरी को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की अध्यक्षता में उच्च शिक्षा सेवा आयोग तथा विभिन्न शिक्षक नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक लखनऊ में हुई थी। बैठक में उपमुख्यमंत्री ने संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश त्रिपाठी द्वारा सेवा सुरक्षा की धाराओं को पुर्नस्थापित करने पर गंभीरतापूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया था। उसी क्रम में विगत 6 फरवरी को प्रदेश सरकार के विशेष सचिव गिरिजेश कुमार त्यागी ने उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा आयोग के सचिव को पत्र लिखकर 28 जनवरी की बैठक का हवाला देते हुए तथा उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के निर्देश के क्रम में सचिव को निर्देशित किया है कि वह उक्त धाराओं के विषय में विस्तृत अध्ययन कर आगे की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

# शिवभक्तों के लिए कच्चे पुल का शुभारंभ

**धामपुर।** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर नंदगांव में कांवड़ यात्रा मार्ग पर शिवभक्तों की सुविधा के लिए अस्थायी कच्चे पुल का पैदल आवागमन हेतु शुभारंभ किया गया। इस पुल के निर्माण के लिए ब्लॉक प्रमुख के द्वारा 11 हजार रुपये की धनराशि दी गई।

पुल के शुरू होने से हरिद्वार से जल लेकर आने वाले कांवड़ियों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी। इस मार्ग से मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर और उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर समेत विभिन्न जिलों के लाखों कांवड़िए गुजरते हैं। नंदगांव में अस्थायी पुल के निर्माण से शिवभक्तों को पैदल मार्ग में लगभग 10 किलोमीटर की दूरी कम तय करनी पड़ेगी। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि यात्रा भी अधिक सुरक्षित और सुगम बनेगी। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान इस मार्ग पर पहले जलभराव और मार्ग अवरुद्ध होने की समस्या बनी रहती थी, जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी होती थी। अस्थायी पुल बनने से अब श्रद्धालु आसानी से इस मार्ग से गुजर सकेंगे। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह, ग्राम प्रधान पवन कुमार, क्षेत्र पंचायत सदस्य नरेश कुमार, पंकज चौहान, नागेश शर्मा, महावीर सिंह, दयाराम भारती, खेम सिंह, सुरेश सिंह, अनिल कुमार सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों ने शिवभक्तों के सुरक्षित आवागमन को लेकर भविष्य में स्थायी पुल निर्माण की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

# किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ब्लॉक जलीलपुर कार्यकर्ताओं ने किसानों की अनेक जटिल समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड परिसर में मासिक पंचायत का आयोजन किया। पंचायत में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विचार किया गया तथा सिंचाई, विद्युत, गन्ना भुगतान, खाद व बीज की समस्याओं सहित अनेक समस्याओं का समाधान की मांग उठाई गई। पंचायत का संचालन अर्श मलिक ने किया, जबकि मासिक पंचायत की अध्यक्षता चौधरी कल्याण सिंह ने की। पंचायत में 21 फरवरी 2026 को सैदपुर भट्टे पर चार जिलों की महा पंचायत होगी, जिसमे सभी किसान भाइयों एवं ग्रामीणों से बड़ी संख्या में पंचायत में पहुंचने का आह्वान किया। यह जानक.ारी देते हुए यूनियन के सक्रिय नेता एवं मीडिया प्रभारी मौहम्मद हनीफ ने दी। पंचायत में नितिन राणा तहसील अध्यक्ष चांदपुर, राजीव कुमार जिला उपाध्यक्ष, जसवंत सिंह नामधारी जिला सचिव, चौधरी हरीराज सिंह जिला संगठन मंत्री, चौधरी महिपाल सिंह, नफीस सैफी, फैज मलिक, मौहम्मद आसिफ उर्फ बब्बू शेख, जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार, चंद्रपाल सिंह, करणवीर सिंह, पवन कुमार, रोहतास सिंह, विजय प्रधान व काफी संख्या में संगठन के लोग उपस्थित रहे।

# दुकान को कब्जा मुक्त कराया

**नहटौर।** धामपुर मार्ग पर एचएमआई इंटर कॉलेज के सामने गली में फहाद अली उर्फ प्रिंस की दुकाने हैं। उनकी दुकान में शकील अहमद किराएदार था। बताया जाता है की दुकान को खाली कराने के लिए वर्ष 2008 से बिजनौर कोर्ट में वाद चल रहा था। दुकान स्वामी के हक में फैसला आने पर कोर्ट के आदेश पर संग्रह अमीन पुरुषोत्तम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए दुकान को खाली कराया और फहाद अली उर्फ प्रिंस की सुपुर्दगी में दी।

# दो बाइकों की भिड़ंत

**नहटौर।** धामपुर क्षेत्र के गांव ढक्का करमचंद निवासी साजिद अहमद नहटौर से धामपुर की ओर जा रहा था। मौहल्ला नौधा में स्थित एक बैंकट हॉल के सामने अचानक आई दूसरी बाईक ने उसकी बाईक में टक्कर मार दी, जिसमें साजिद नीचे गिर गया और उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। साजिद का आरोप है कि दूसरी बाइक पर सवार दो युवकों ने उसके साथ गाली गलौच और मारपीट भी की और भीड़ को आता देख बैंकट हॉल में घुसकर वहां से फरार हो गए। मौके पर भीड़ जमा हो गई। साजिद टैंकर चलाने का काम करता है और ड्यूटी खत्म होने पर बाइक से अपने घर जा रहा था।

# फादरसन में ब्लेसिंग सेरेमनी


**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल में आयोजित ब्लेसिंग सेरेमनी कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों के सफल भविष्य एवं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य एवं शिक्षकगणों ने विद्यार्थियों को अनुशासन, आत्मविश्वास और निरंतर परिश्रम का महत्व समझाया। विद्यार्थियों को तनाव से दूर रहकर सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षकों द्वारा दिए गए आशीर्वाद और शुभकामनाओं से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ा। समारोह में भावनात्मक एवं प्रेरणादायक क्षण देखने को मिले, जिसने विद्यार्थियों को नई ऊर्जा और आत्मविश्वास प्रदान किया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

# पाकिस्तान-भारत के बीच विश्व कप मैच पर आखिरी फैसला प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ लेंगे



● **आईसीसी ने बांग्लादेश की मांगों पर पॉजिटिव जवाब दिया और बीसीबी की शिकायतों को दूर करने के लिए फॉर्मूला तैयार किया**

**इस्लामाबाद, वार्ता।** प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इस बात पर आखिरी फैसला लेंगे कि पाकिस्तान पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 में भारत के मैच का बॉयकॉट जारी रखेगा या नहीं। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नकवी आज दिन में बाद में प्रधानमंत्री शहबाज से मिलकर उन्हें इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के डेलीगेशन के साथ अपनी हालिया बातचीत के बारे में जानकारी देंगे। जियो न्यूज ने सोमवार को बताया कि पाकिस्तान ने बांग्लादेश के साथ एकजुटता दिखाते हुए अपने कट्टर विरोधी भारत के साथ नहीं खेलने के अपने फैसले की घोषणा की है, जिसे सुरक्षा चिताओं के कारण टीम को भारत भेजने से इनकार करने के बाद टूर्नामेंट से हटा दिया गया था। एक दिन पहले, पीसीबी, आईसीसी और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के बीच पांच घंटे से ज्यादा समय तक बातचीत चली, जिसमें नकवी, बीसीबी प्रेसिडेंट अमीनुल इस्लाम बुलबुल और आईसीसी के डिप्टी चेयरमैन इमरान ख्वाजा शामिल हुए थे। जियो न्यूज के मुताबिक, मीटिंग के दौरान आईसीसी ने बांग्लादेश की मांगों पर पॉजर्टिव जवाब दिया और बीसीबी की शिकायतों को दूर करने के लिए एक फॉर्मूला तैयार किया गया। आईसीसी और बीसीबी के बीच प्रपोजल का लेन-देन हुआ, जबकि पीसीबी ने बातचीत के दौरान कोऑर्डिनेट करने में अहम भूमिका निभाई। आईसीसी के डिप्टी चीफ ख्वाजा प्रपोजल को फाइनल मंजूरी देने के लिए काउंसिल के हेडक्वार्टर लौट आए हैं, जबकि बुलबुल ढाका में अधिकारियों को जानकारी देने के लिए बांग्लादेश वापस चले गए हैं। एक बार प्रपोज्ड फॉर्मूला फाइनल हो जाने के बाद, आईसीसी और बीसीबी के अधिकारी सोमवार को बाद में फिर से मिलेंगे ताकि अगला कदम तय किया जा सके। बांग्लादेश और भारतीय क्रिकेट बोर्ड के बीच तनाव तब बढ़ गया जब बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफजिुर रहमान को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देशों के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से हटा दिया गया, जिससे ढाका में कड़ी प्रतिक्रिया हुई। इसके बाद, बीसीबी ने आईसीसी से बांग्लादेश के मैच भारत से बाहर कराने की रिक्वेस्ट की, लेकिन रिक्वेस्ट खारिज कर दी गई। बाद में आईसीसी ने टूर्नामेंट में बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को शामिल किया, यह कहते हुए कि 7 फरवरी को वर्ल्ड कप शुरू होने के इतने करीब शेड्यूल में बदलाव करना प्रैक्टिकल नहीं है। पीसीबी ने इस फैसले पर कड़ी प्रतिक्रिया दी।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### केएल राहुल के शतक से कर्नाटक सेमीफाइनल में

**मुंबई, वार्ता।** केएल राहुल (130) और आर स्मरण (नाबाद 83) की शानदार पारियों की बदौलत कर्नाटक ने सोमवार को मुंबई पर चार विकेट से जीत दर्ज कर रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जगह बना ली। यहां कर्नाटक ने कल के दो विकेट पर 113 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में कर्नाटक का तीसरा विकेट करुण नायर (13) के रूप में गिरा। उन्हें शार्दुल ठाकुर ने पगबाधा आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए आर स्मरण ने केएल राहुल के साथ चौथे विकेट के लिए 147 रन जोड़कर अपनी टीम की जीत की नींव रखी। इसी दौरान केएल राहुल ने अपना शतक पूरा किया। 58वें ओवर में तुषार ने केएल राहुल को आउट कर पवेलियन भेज दिया।

### जमाल व उनकी टीम ने जीता प्रो. एम

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रोफेशनल जमाल हुसैन और उनकी टीम ने कुतुब गोल्फ कोर्स में डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप का प्रो-एम इवेंट जीता। जमाल की टीम में एमेच्योर डा. अनिल कोहली, नीतू अंबानी, निशांत कालिया और राजीव कपूर शामिल थे और उन्होंने 48-5 का स्कोर बनाया। प्रोफेशनल रोहित बैसोया और उनकी टीम जिसमें एमेच्योर कर्नल अनुज चतुर्वेदी, कर्नल आई एस कोहली और जीवेश नागरथ शामिल थे, 48-8 के स्कोर के साथ प्रो-एम में रनर-अप रहे। होल नंबर 6 पर पिन के सबसे करीब पहुंचने का मुकाबला डी पी सिंह ने जीता, जिन्होंने इसे पिन से दो फीट और दो इंच के अंदर उतारा। होल नंबर 10 सुनील बेनीवाल ने जीता, जिन्होंने इसे पिन से चार फीट के अंदर लैंड किया। नीरज ठाकुर ने होल नंबर 13 पर पिन के सबसे करीब पहुंचकर जीत हासिल की, क्योंकि उनका शॉट पिन से चार फीट और पांच इंच के अंदर लैंड हुआ।

# पहले ही मैच में चोटिल हुए इटली के कप्तान वेन मैडसन

**कोलकाता, वार्ता।** इटली के पहले टी-20 विश्व कप अभियान की शुरुआत बेहद दुर्भाग्यपूर्ण अंदाज में हुई है। स्कॉटलैंड के खिलाफ ईडन गार्डन्स में उनके पहले मैच के चौथे ही ओवर में टीम के कप्तान वेन मैडसन के कंधे पर गंभीर चोट आई। मैडसन मिडविकेट पर फील्डिग कर रहे थे।

जॉर्ज मंसी के पुल शॉट को रोकने की कोशिश में उन्हें यह चोट लग गई। वह बाईं ओर डाइव करते हुए गेंद को रोकना चाह रहे थे, लेकिन वह प्रैक्टिस पिच पर गिर गए। इसके तुरंत बाद उन्होंने मेडिकल मदद मांगी। थोड़ी देर बाद वह अपने बाएं हाथ को तौलिए से सहारा देते हुए मैदान से बाहर चले गए। 42 साल के मैडसेन इटली के सबसे अनुभवी



क्रिकेटर हैं। वह अपना पहला विश्व कप खेल रहे हैं और उन्हें तुरंत एक्स रे के लिए ले जाया गया। आमतौर पर अगर कंधा डिस्लोकेट होता है तो उससे उबरने में सात से 21 दिन लग सकते हैं, जबकि गंभीर मामलों में इसमें तीन से चार महीने तक का वक्त भी लग सकता है।

# नीदरलैंड्स का मुकाबला नामीबिया से

● **पाकिस्तान का सामना आज कोलंबो में यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका से होगा**

**नई दिल्ली/कोलंबो, वार्ता।** पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 मंगलवार को दो ग्रुप ए लीग मैचों के साथ जारी रहेगा। नीदरलैंड्स का मुकाबला सुबह नई दिल्ली में नामीबिया से होगा, जिसके बाद पाकिस्तान का मुक. ाबला शाम को कोलंबो में यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका से होगा।

नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में, नीदरलैंड्स टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करना चाहेगा, जब वे नामीबिया से भिड़ेंगे। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह 11:00 बजे शुरू होगा। डच टीम को अपने शुरुआती गेम में पाकिस्तान से करीबी हार का सामना करना पड़ा था, जहां 148 रन का बचाव करते हुए डिसिप्लिन्ड बॉलिग परफॉर्मेंस के बावजूद फील्डिंग की चूक महंगी साबित हुई थी। कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स, जिन्होंने उस मैच में 37 रन बनाकर टॉप स्कोर किया था, एक बार फिर नीदरलैंड्स की बैटिग में अहम भूमिका निभाएंगे। ओपनर माइकल लेविट उनके मुख्य अटैकिग ऑप्शन बने हुए हैं, जिन्होंने अपने पिछले सात टी-20 इंटरनेशनल मैचों में 282 रन बनाए हैं और नामीबिया के खिलाफ हाल ही में हुए मैच में यादगार 135 रन बनाए थे। आर्यन दत्त और पॉल वैन मीकेरेन की लीडरशिप वाली बॉलिग यूनिट ने पहले गेम में उम्मीद जगाई थी और बैटिग-फ्रेंडली सरफेस पर उनका फिर से टेस्ट होगा। नामीबिया ने हाल के महीनों में अपने पिछले नौ में से सात मैच जीतकर, लगातार अच्छे नतीजों के बाद अपना वर्ल्ड कप कैंपेन शुरू किया है। स्कॉटलैंड के खिलाफ वार्म-अप गेम में 88 रन बनाने वाले जान फाइलिक और कप्तान गेरहार्ड इरास्मस टीम की रीढ़ हैं। रूबेन ट्रम्पेलमैन और जेजे स्मिट एक ऐसे बॉलिग अटैक को लीड करते हैं जो हाल के मैचों में असरदार रहा है। हालांकि नामीबिया कॉन्फिडेंस के साथ आ रही है, लेकिन हाल के हेड-टू-हेड नतीजों के आधार पर नीदरलैंड्स का पलड़ा थोड़ा भारी है। दिन में बाद में, पाकिस्तान का सामना कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब ग्राउंड में यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका से होगा, मैच लोकल टाइम के हिसाब से शाम 7:00 बजे शुरू होगा। पाकिस्तान ने अपने कैंपेन की शुरुआत नीदरलैंड्स पर तीन विकेट से रोमांचक जीत के साथ की, जिसमें फहीम के आखिरी पलों में किए गए प्रहारों की मदद से टीम को जीत मिली।

# सारा बनी अबू धाबी ओपन की रानी

● **सारा बेजलेक ने एकातेरिना को 7-6(5), 6-1 से हराकर अबू धाबी ओपन का खिताब जीता**

**अबू धाबी, वार्ता।** चेकिया की 20 साल की खिलाड़ी सारा बेजलेक ने एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा को 7-6 (5), 6-1 से हराकर अबू धाबी ओपन का खिताब जीत लिया।

जीत के बाद बेजलेक ने कहा कि मैं आपको बता सकती हूं कि सारा प्रेशर मुझ पर से निकल गया।मैं बस खुश थी - मेरे दिमाग में कुछ नहीं था। मैं बस उस पल का मजा ले रही थी। क्वालिफायर की आठ दिनों के लाइफ-चेंजिंग बवंडर में यह सातवीं जीत थी। पहले सेट के टाईब्रेक में 4-2 से पीछे होने के बाद, बेजलेक ने आखिरी छह में से पांच पॉइंट जीते और दूसरे सेट को एकतरफा अंदाज में जीतकर यह डब्ल्यूटीए 500 टाइटल अपने नाम कर लिया। बेजलेक डब्ल्यूटीए टूर पर अपनी छाप छोड़ने वाली टैलेंटेड चेक महिलाओं की लंबी लाइन में एक और हैं। शुरू में, उनकी रैंकिंग नंबर 101 थी - सोमवार को, वह नंबर 52 पर पहुंच जायेंगी, जो हमवतन बारबोरा क्रेजसिकोवा से एक स्थान आगे है, जो दो बार की ग्रैंड स्लैम सिगल्स चैंपियन हैं। 49 स्थानों की उस छलांग के बारे में बेजलेक ने कहा कि ओह, इसका बहुत मतलब है। लेकिन मुझे पता है कि इसके पीछे वह सारी मेहनत है जो मैंने और टीम ने पिछले कुछ हफ्तों, महीनों, सालों से की है।

# स्कॉटलैंड ने इटली को हराया

**कोलकाता, वार्ता।** जॉर्ज मंसी (84) और ब्रैंडन मक्मलेन (नाबाद 41) की शानदार पारियों के बाद माइकल लीस्क (नाबाद 22 रन और चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत स्कॉटलैंड ने सोमवार को टी-20 विश्वकप में इटली को 73 रनों से हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। 208 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इटली की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में जस्टिन मोस्का (शून्य) का विकेट गंवा दिया।

इसके बाद एंथनी मोस्का और जे जे स्मट्स की जोड़ी ने दूसरे विकेट के लिए 31 रन जोड़े। चौथे ओवर में ब्रैडली करी ने जे जे स्मट्स 11 गेंदों में 22 रन को आउटकर पवेलियन भेज दिया। एंथनी मोस्का (13) रन बनाकर आउट हुये। संकट के समय हैरी मनेंटी और बेंजमिन मनेंटी की जोड़ी ने पारी को संभाला। 13वें ओवर में माइकल लीस्क ने हैरी मनेंटी 25 गेंदों में 37 रन को



● **जॉर्ज मंसी ने 84 और ब्रैंडन मक्मलेन की 41 रनों की शानदार पारियों की बदौलत स्कॉटलैंड ने इटली को 73 रनों से हराया**

आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। अगले ही ओवर में ऑलिवर डेविडसन ने बेंजमिन मनेंटी को आउट कर पवेलियन भेज दिया। बेंजमिन मनेंटी ने 31 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए 52 रन बनाये। इसके बाद स्कॉटलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे इटली के बल्लेबाज नहीं टिक सके और उनकी पूरी टीम 16-4 ओवर में 134 रन पर सिमट गई। स्कॉटलैंड के लिए माइकल लीस्क ने चार विकेट लिए। मार्क वॉट को दो विकेट मिले। ब्रैडली करी, ब्रैड व्हील और ऑलिवर डेविडसन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर इटली ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी स्कॉटलैंड की जॉर्ज मंसी और माइकल जोंस की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 126 रन जोड़े। 14वें ओवर में ग्रांट स्टुअर्ट ने जॉर्ज मंसी को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा।

# राज्यसभा-लोकसभा ने विश्व कप विजेता अंडर-19 टीम को बधाई दी

● **राधाकृष्णन ने टीम की उपलब्धि को उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय अंडर-19 टीम ने भारत का मान बढ़ाया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** राजयसभा और लोकसभा ने सोमवार को अंडर-19 विश्वकप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम की सराहना की और उसे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। यहां राजयसभा में सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सभापति सीपी राधाकृष्णन ने टीम की उपलब्धि का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम ने जिम्बाववे के हरारे में इंग्लैंड को बड़े अंतर से हराकर देश का मान बढ़ाया है।

यह रिकॉर्ड छठी जीत हमारे युवाओं की प्रतिभा और प्रतिबद्धता को दिखाती है। सफलता का श्रेय पूरी टीम को जाता है, खासकर युवा प्रतिभा वैभव सूर्यवंशी की विशेष सराहना करनी होगी जिन्होंने 175 रन बनाये जो अंडर-19 विश्वकप फाइनल में सबसे अधिक है। उन्होंने इस जीत के लिए टीम के सभी सदस्यों, कोच और पूरे सपोर्ट स्टाफ का बधाई देते हुए उनके उजजवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन को बताया कि छह फरवरी को अंडर-19 भारतीय क्रिकेट टीम ने विश्व कप जीता है।

## कॉम्प्लान ने युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी को ब्रांड एंबेसडर बनाया

**नई दिल्ली, वार्ता।** जाइडस वेलनेस के न्यूट्रिशनल ड्रिक ब्रांड, कॉम्प्लान ने भारतीय क्रिकेट के होनहार और सबसे कम उम्र के शतकवीर वैभव सूर्यवंशी को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। बच्चों की न्यूट्रिशन कैटेगरी में ब्रांड की अहमियत को मजबूत करने के लिए एक स्ट्रेटेजिक कदम के तौर पर, इस अपॉइंटमेंट को कॉम्प्लान के नए नेशनल कैंपेन, 'थोड़ा प्लान, थोड़ा कॉम्प्लान' के लॉन्च के साथ सपोर्ट किया गया है।

कॉम्प्लान के इस लंबे समय से चले आ रहे विश्वास को दिखाते हुए कि बच्चों को अपने सपनों को पूरा करने और उन्हें पूरा करने के लिए मजबूत बनाया जाना चाहिए, यह कैंपेन इस विश्वास पर बना है कि रोजाना की प्लानिग, मांओं के लगातार सपोर्ट और सही न्यूट्रिशन पार्टनर से बड़े सपने पूरे होते हैं। वैभव सूर्यवंशी का सफर इसी विश्वास से काफी मिलता-जुलता है। उनका शुरुआती डिसिप्लिन, कड़ी तैयारी और लगातार फोकस दिखाता है कि कैसे स्ट्रक्चर्ड रूटीन, लगातार कोशिश और मांओं के



लगातार गाइडेंस से, जिसे पूरे न्यूट्रिशन का सपोर्ट मिलता है, एम्बिशन को आकार मिलता है। जाइडस वेलनेस के सीईओ, तरुण अरोड़ा ने कहा कि कॉम्प्लान में, हमारा मकसद हमेशा से ही संभावनाओं को बढ़ावा देना रहा है। जैसे-जैसे बच्चों के न्यूट्रिशन से उम्मीदें बढ़ रही हैं, हम भरोसेमंद, साइंस पर आधारित समाधानों और तैयारी और अनुशासन पर जोर देने वाले मूल्यों के जरिए परिवारों को सपोर्ट करने पर ध्यान दे रहे हैं। वैभव का सफर इसी सोच को दिखाता है।

# हर्षित की सफल सर्जरी हुई



**बेंगलुरु, वार्ता।** तेज गेंदबाज हर्षित राणा, जो चोट के कारण पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 से बाहर हो गए थे, ने रविवार को भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए राहत की खबर दी, जब उन्होंने बताया कि उनकी सर्जरी सफल रही है। हर्षित ने सोशल मीडिया पर हॉस्पिटल से एक फोटो शेयर की, मुस्कुराते हुए और फैंस को अपनी हालत के बारे में अपडेट करते हुए। युवा पेसर ने कहा कि उनका फोकस अब दो मिशन पर है - जल्दी ठीक होना और टीम इंडिया में वापसी। उनके पॉजर्टिव अपडेट ने भारतीय कैंप की चिताओं को कम कर दिया है, टीम मैनेजमेंट को उम्मीद है कि वह कॉम्पिटिटिव क्रिकेट में जल्द वापसी करेंगे। भारत के सबसे होनहार तेज गेंदबाजों में से एक माने जाने वाले हर्षित पिछले दो सालों से नेशनल सेटअप में रेगुलर रहे हैं और उन्हें भविष्य का स्टार माना जाता है। हालांकि, मेगा इवेंट शुरू होने से ठीक एक दिन पहले उनके घुटने में चोट लग गई, जिससे वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए। यह चोट टी-20 वर्ल्ड कप से पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ प्रैक्टिस मैच के दौरान लगी थी। बॉलिग करते समय, हर्षित को घुटने में तकलीफ हुई, जो तेजी से बिगड़ गई। वह सिर्फ एक ओवर ही कर पाए और मैदान छोड़ने से पहले रन-अप के दौरान दो बार जूझते रहे, उनके घुटने में साफ दर्द था। बाद में मेडिकल जांच से यह कन्फर्म हो गया कि वह टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। उनके हटने के बाद, अनुभवी तेज गें. दबाज मोहम्मद सिराज को भारतीय टीम में उनकी जगह शामिल किया गया। सिराज ने तुरंत असर डाला, यूनाइटेड स्टेट्स के खिलाफ शुरुआती मैच में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने तीन विकेट लिए और भारत की 29 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई।

# सुपर-8 में जगह पक्की करने उतरेंगा न्यूजीलैंड

● **न्यूजीलैंड टी-20 विश्व कप के अपने दूसरे मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात से भिड़ेगी**

**चेन्नई, वार्ता।** अपने पहले मैच में अफगानिस्तान से 2024 की हार का बदला लेने के बाद, न्यूजीलैंड कल यहां वर्ल्ड कप टी 20 मुकाबले में अपने दूसरे मैच में यूनाइटेड अरब अमीरात (यूएई) से भिड़ेगी, जिससे वह इस ग्रुप ऑफ डेथ में सुपर 8 में अपनी जगह पक्की करने की कोशिश करेगी। दो दिनों के मुकाबलों के नतीजों को देखते हुए, जिसमें कम रैंक वाली टीमों ने पसंदीदा टीमों को कड़ी टक्कर दी, इस इवेंट में एक नया घोड़ा उभर सकता है क्योंकि ब्लैक कैप्स को कल एक और कड़ी विरोधी टीम का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि इसे असमान टीमों के बीच का मुक. ाबला माना जा सकता है, लेकिन कीवी टीम चेपॉक स्टेडियम में अपनी विरोधी टीम यूएई से निश्चित रूप से सावधान रहेगी।



जैसा कि सभी कप्तानों ने माना, इस टूर्नामेंट में किसी भी टीम को हल्के में नहीं लिया जा सकता क्योंकि कोई भी टीम उलटफेर करने की काबिलियत रखती है, यह मंत्र सभी पर लागू होता है। इस अहम मैच में, कीवी टीम, जिसने अपने कैंपेन की शुरुआत जीत के साथ की थी, अपने मौके मजबूत करने के लिए बेताब होगी, जिसके लिए टॉप ऑर्डर को अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। वे एक बार फिर टिम सीफर्ट से टॉप ऑर्डर में धमाकेदार प्रदर्शन करने की उम्मीद करेंगे, साथ ही फिन एलन और रचिन रवींद्र भी, जो उसी जगह पर अफगानों के खिलाफ गोल्डन डक पर आउट हो गए थे। पेसरों और स्पिनरों से भरी टीम में काफी दम है और वे साफ तौर पर फेवरेट के तौर पर शुरुआत करेंगे, लेकिन मैदान पर उनका प्रदर्शन सबसे ज्यादा मायने रखता है। कीवी टीम शायद उसी टीम को बनाए रखेगी जिसने अफगानिस्तान को पांच विकेट से हराया था और सुपर 8 में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को पूरा करेगी। दूसरी ओर, यूएई एक उभरती हुई टीम है, जिसने इस टूर्नामेंट से पहले फुल मेंबर देशों के खिलाफ हाल ही में कुछ सफलता हासिल की है। वर्ल्ड कप स्टेज पर तीसरी बार वापस आकर, वे 2022 में नामीबिया को हराकर, इस कॉम्पिटिशन में अपनी पिछली अकेली जीत में और इजाफा करने की उम्मीद करेंगे। मुहम्मद वसीम ने उस दिन फिफ्टी बनाई थी और टीम के शानदार बैटर के तौर पर देश की उम्मीदें उन पर टिकी होंगी। उन्होंने पिछले मई में बांग्लादेश पर सरप्राइज सीरीज जीत में शानदार प्रदर्शन किया था, जबकि हैदर अली ने बॉल से शानदार प्रदर्शन किया था। जुनैद सिद्दीकी 2022 स्क्वॉड के सिर्फ तीन बचे हुए खिलाड़ियों में से एक हैं, और यूएई को उम्मीद होगी कि वे अपने ग्रुप राइवल्स की तुलना में अनुभव की इस कमी को दूर कर सकें।

# शूट-ऑफ में मनु से फिसला स्वर्ण, 24 मी. पिस्टल में ईशा को कांस्य

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशियन राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2026 में 25 मीटर महिला पिस्टल के रोमांचक फाइनल में भारत की मनु भाकर स्वर्ण पदक से बेहद करीब रहकर चूक गईं। डा. कर्णी सिंह शूटिग रेंज में खेले गए इस फाइनल में वियतनाम की थुई त्रांग गुयेन ने दो शूट-ऑफ के बाद स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

वहीं, ईशा सिंह ने इस चैंपियनशिप में अपना दूसरा व्यक्तिगत पदक जीतते हुए कांस्य हासिल किया। जूनियर वर्ग में नाम्या कपूर ने एक और बेहद रोमांचक शूट-ऑफ में स्वर्ण पदक जीता, जबकि इसी स्पर्धा में अंजलि भगवत ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही भारत के कुल पदकों की संख्या 60 तक पहुंच गई है, जिसमें 37 स्वर्ण, 13 रजत और 10 कांस्य पदक शामिल हैं। फाइनल में ईशा सिंह ने पहली सीरीज में परफेक्ट पांच शॉट लगाकर शानदार शुरुआत की, जबकि मनु भाकर और थुई त्रांग ने चार-चार शॉट लगाए। तीनों निशानेबाजों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और हर सीरीज के बाद पदक की स्थिति बदलती रही। भारतीय निशानेबाज लगातार वियतनामी खिलाड़ी पर दबाव बनाए हुए थे, लेकिन छठी सीरीज में गुयेन के परफेक्ट पांच शॉट्स ने उन्हें दो अंकों की बढ़त दिला दी। सातवीं सीरीज में गुयेन के एक शॉट लगाने का फायदा मनु और ईशा ने उठाते हुए अंतर कम कर दिया। आठवीं सीरीज के बाद 30 अंकों के साथ बढ़त पर चल रहीं ईशा सिंह नौवीं सीरीज में सभी शॉट चूक गईं।

CMYK



# पौधारोपण को स्थान चिन्हित करें विभाग: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि पौधारोपण अभियान के तहत विभाग लक्ष्य के अनुरूप स्थान चिन्हित करें।

जिलाधिकारी ने यह निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण और गंगा समिति की बैठक में दिये। उन्होंने कहा कि तालाबों के संरक्षण के लिए औद्योगिक संस्थान को दिए गए तालाबों में कितना कार्य हुए इसका सत्यापन कराया जाए। छोटी एवं सहायक नदियों के पुनरूद्धार के दृष्टिगत नागदेवी नदी के डिसिल्टेशन हेतु कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश सिंचाई विभाग को दिए। श्री बंसल ने जनपद में चल रहे रेन वाटर हार्वेस्टिंग के कार्यों को गंभीरता एवं तेजी से करने को कहा। उन्होंने सभी नगर पालिकाओं के अधिशासी अधिकारियों को पिछली बैठक में दिए निर्देश कि नगर पालिका अध्यक्ष एवं पार्षदों के घरों पर रेन वाटर



हार्वेस्टिंग स्थापित कराने के कार्यों में लापरवाही पर सभी अधिशासी अधिकारियों स्पष्टीकरण के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि आगामी बैठक से पूर्व यदि कार्य नहीं हुआ तो वेतन रोकने की कार्यवाही की जाएगी। इसके संबंध में जनजागरूकता एवं प्रचार-प्रसार किया जाए तथा इसके भविष्य में होने वाले फायदों से भी अवगत कराया जाए। उन्होने संबंधित सभी विभागों को सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने हेतु गंभीरता से कारवाई करने के सख्त निर्देश दिए। पंचायती राज विभाग द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के एकत्रीकरण में खराब प्रगति एवं सड़कों के किनारे प्लास्टिक का कचरा मिलने पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला पंचायती राज अधिकारी को स्पष्टीकरण जारी करते हुए चेतावनी दी। उन्होने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के कार्यों में जिनके द्वारा भी लापरवाही की जाएगी उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, डीएफओ शुभम सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जनता व पुलिस के बीच विश्वास रहेगा प्राथमिकता: अभिनंदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** कार्यभार संभालते ही एसएसपी अभिनंदन सिंह एक्शन मोड में नजर आए। उन्होंने पीड़ितों की समस्याएं सुनीं और पत्रकारों से रूबरू होकर स्पष्ट किया कि जिले में जीरो टॉलरेंस नीति पर सख्ती से काम किया जाएगा। एसएसपी ने कहा कि यदि किसी भी थाने में पीड़ितों की सुनवाई नहीं होती है तो संबंधित थानेदार की जवाबदेही तय की जाएगी।

उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान लगातार जारी रहेगा। यदि किसी को नशे से जुड़ी कोई भी जानकारी मिलती है तो वह सीधे पुलिस से संपर्क कर सकता है। अवैध खनन को लेकर एसएसपी ने कहा कि बांदा में तैनाती के दौरान भी खनन की कई शिकायतें थीं, जहां अवैध खनन पर सख्ती से लगाम



लगाई गई थी। सहारनपुर में भी अवैध खनन किसी भी कीमत पर नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया और ऑनलाइन फ्रॉड पर पुलिस की कड़ी नजर रहेगी। जनता और पुलिस के बीच विश्वास कायम करना उनकी प्राथमिकता है। हाल ही में हुई घटनाओं को लेकर समीक्षा बैठक भी की जाएगी। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एसएसपी ने कहा कि जिले में महिला हेल्प डेस्क सक्रिय हैं और पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है।

अपराध पर अंकुश लगाने के लिए सभी पुलिसकर्मियों के साथ बैठक कर अपराधियों की जानकारी साझा की जाएगी। एसएसपी ने यह भी स्पष्ट किया कि थानों में आने वाले सभी फरियादियों की सुनवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसके साथ ही शहर में घूम रहे संदिग्ध व बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों की चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।

## स्मैक समेत पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** नशे के अंधेरे से युवाओं को उबारने के मिशन में अंबेहटा पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। ऑपरेशन सवेरा के तहत नकुड़ क्षेत्राधिकारी रुचि गुप्ता और थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार के कुशल नेतृत्व में चौकी प्रभारी देवेंद्र अधाना की टीम ने सोमवार सुबह ग्राम चढ़ाव जाने वाले रास्ते पर नशा तस्कर सलमान पुत्र भूरा, निवासी मोहल्ला महल अंबेहटा को रंगेहाथ पकड़ लिया।

आरोपी के कब्जे से 28 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपी को आज ही न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने कहा "नशे के कारोबार में लिप्त हर व्यक्ति को सख्त से सख्त सजा दिलाना हमारा संकल्प है।

# कोई भी वोट नहीं कटने देंगे: टिंकू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर विधानसभा में फर्जी 7 नंबर फार्म को लेकर वरिष्ठ सपा नेता एवं पार्षद अभिषेक टिंकू अरोडा ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

टिंकू अरोडा ने जिलाधिकारी को बताया कि नगर विधानसभा के 195 बूथों पर लगभग 45000 के करीब फर्जी सात नंबर फॉर्म छपे छपाए बीएलओ को देने का कार्य किया गया है और यह तहसील स्तर से कुछ कर्मचारियों द्वारा किया गया है जिसकी जानकारी लगने के उपरांत से ही कई बीएलओ से इस बारे में बात करके जानकारी ली। जिन लोगों के 7 नंबर फॉर्म भरकर आए हुए हैं उनसे संपर्क किया। टिंकू अरोडा ने कहा कि किसी भी सूरत में किसी भी व्यक्ति का सात नंबर फॉर्म फर्जी तरीके से भरकर वोट काटने का काम



नहीं होने दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने पूर्ण रूप से आश्वस्त किया कि किसी भी व्यक्ति का जो मौजूद है उसका वोट विलोपित नहीं किया जाएगा। सात नंबर फार्म के साथ 10 नंबर प्रारूप भी भर कर देना होता है और उसके बाद हम नोटिस भी जारी करते हैं और प्रत्येक राजनीतिक दल को भी इसकी सूची हम उपलब्ध कराने का काम करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि प्रत्येक बीएलओ को आज ही हम सख्त निर्देश जारी कर रहे हैं की बिल्कुल भी सात नंबर फॉर्म को जमा नहीं कराया जाएगा।

इस मौके पर फैसल सलमानी, शुभम वर्मा शादाब खान रवि यादव राजेंद्र सिंह जमशेद खुशनुदा रहमानी आदि लोग मौजूद रहे।

### भ्रष्टाचार व टैक्स, कथित लूट व स्कूलों की मनमानी को लेकर संघर्ष की घोषणा

# सर्वदलीय संघर्ष समिति ने बनाई रणनीति

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद के सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में वर्षों से सक्रिय रही सर्वदलीय संघर्ष समिति एक बार फिर पूरी ताकत के साथ मैदान में उतरने जा रही है। शहर में बढ़ते भ्रष्टाचार, नगर निगम द्वारा टैक्स के नाम पर की जा रही कथित लूट और स्कूलों की मनमानी जैसे ज्वलंत मुद्दों को लेकर समिति ने अपनी रणनीति तैयार कर ली है।

हाल ही में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में समिति के सदस्यों ने जनपद की वर्तमान स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। समिति के अध्यक्ष और पूर्व विधायक वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि पिछले कुछ समय से समिति की सक्रियता में जो कमी आई थी, उसका सीधा नुकसान आम जनता को उठाना पड़ा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब समय आ गया है कि सभी विचारधाराओं के लोग एक मंच पर आकर जनता के हक की लड़ाई लड़ें। समिति ने इस बार आर-पार की लड़ाई का मन बनाया है। चर्चा के दौरान नगर



निगम और टैक्स, स्कूलों की मनमानी, भ्रष्टाचार, स्वास्थ्य सेवाएं आदि मुद्दों को प्राथमिकता दी गई।

बैठक में पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल, पूर्व राज्य मंत्री सरफराज खान, व्यापारी नेता महेंद्र तनेजा, हरीश मलिक, विवेक मनोचा, सरदार दलजीत सिंह कोचर, रवि गुप्ता, संत कमाल किशोर, इरशाद सोनी, शीतल टंडन, जैन समाज के अध्यक्ष राजेश कुमार जैन, यशपाल मैनी और रामजी सुनेजा, मंजीत सिंह अरोड़ा आदित्य अंगरिश् किरण जीत सिंह डॉक्टर पंकज खन्ना अशोक छाबड़ा पूर्व महापौर संजीव वालिया राजेंद्र सिंह कोहली श्रवण कुमार पांडे नीना जैन आदि मौजूद रहे।

# तृतीय पेरेन्ट काउंसलिंग का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समावेशी शिक्षा के अन्तर्गत दिव्याग बच्चों के अभिभावकों की तृतीय पैरेंटस काउन्सिलिंग का आयोजन खण्ड संसाधन केन्द्र मवीकला में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी बलियाखेडी सुरेश त्यागी द्वारा किया गया। उन्होंने सभी अभिभावकों को दिव्यांग बच्चों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखने एवं उनके शिक्षा के प्रति सजग रहने की अपील की। संदर्भदाता शशिकान्त प्रसाद सिंह एवं श्रीमती पूनम द्वारा दिव्यांग बच्चों की समस्याओं के सम्बन्ध में सभी अभिभावकों को परामर्श एवं मार्ग दर्शन तथा विडियो के माध्यम से दिव्यांगजनों की उपलब्धियों का प्रस्तुतिकरण एवं



समग्र शिक्षा उत्तार प्रदेश द्वारा दिव्यांग बच्चों प्रत्त सुविधाओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। रिसोर्स पर्सन रामकुमार शर्मा द्वारा सभी अभिभावकों को आवश्यक उपकरणों एवं उपस्कर की जानकारी प्रयोग एवं रख-राय की विस्तृत जानकारी के साथ दिव्यांगता के लिए कारण एवं बिमारियों पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। सईद अहमद प्रधानाध्यापक द्वारा विद्यालक में दिव्यांग बच्चों की उपस्थिति एवं उनके वास्तविक जीवन में आने वाली कठिनाइयों पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

श्रीमती अर्चना शर्मा सहायक लेखाकार मिन्टू लाल, आधार आपरेटर गौरव मक्कड आदि उपस्थित रहे।

# बच्चों ने प्रतियोगिता में दिखाया दमखम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग की दो दिवसीय जनपद स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता में खिलाडियों ने अपना दमखम दिखाया।

डा.भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ मेयर डा.अजय कुमार सिंह ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों को शपथ दिलाई। इसके पश्चात गुब्बारे उड़ाकर और सलामी देकर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की गई। जिला विद्यालय निरीक्षक अरविंद पाठक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कु. कोमल, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी राहुल चौपड़ा ने खिलाडियों की हौसला अफजाई की।

प्रतियोगिता के पहले दिन उच्च प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में 100





मीटर दौड़ में अमन (उ.प्रा.वि. रीठी मोहिउद्दीनपुर) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि 200 मीटर दौड़ में अयान (डीपीएस रीठी मोहिउद्दीनपुर) विजेता रहे। लंबी कूद में अयान (डीपीएस साखापुर नगला बलियाखेड़ा) ने प्रथम स्थान हासिल किया। बालिका वर्ग में 100 मीटर दौड़ में नैंसी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि 200 मीटर दौड़ में भी नैंसी ने बाजी मारी। लंबी कूद में दिया एवं मानसी ने क्रमश: प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

प्राथमिक स्तर बालक वर्ग में 100 व 200 मीटर दौड़ तथा लंबी कूद की प्रतियोगिताएं हुईं, जिनमें यश, अंशु, मोहम्मद, मो. अली एवं अजहर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शीर्ष स्थान प्राप्त किए। वहीं प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग में 50, 100 व 200 मीटर दौड़ में सोफिया, अफशा एवं अफजा ने प्रथम स्थान हासिल किया।

इस दौरान क्रीड़ा अधिकारी शामली अश्वनी त्यागी, नगर शिक्षा अधिकारी योगेश शर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश त्यागी, सुमन गंगवार, जितेंद्र तोमर, वितेन्द्र शर्मा एवं जिला व्यायाम शिक्षक रविंद्र पवार, रजनीश सहगल सहित अनेक अधिकारी व शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रवीण चौधरी एवं गोपाल शर्मा द्वारा किया गया।

## विकसित होगा एक मॉडल सोलर विलेज

**सहारनपुर।** केंद्र सरकार की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत देशभर में प्रत्येक जिले में एक मॉडल सोलर विलेज विकसित किया जा रहा है। योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को सौर ऊर्जा के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना और स्वच्छ व नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करना है। अधिकतम सोलर ऊर्जा क्षमता हासिल करने वाले सर्वश्रेष्ठ गांव को 1 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

यूपी नेडा के परियोजना अधिकारी आर.बी. वर्मा ने बताया कि चयनित गांव को पूरी तरह सौर ऊर्जा आधारित बनाया जाएगा। इसके तहत घरों में रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित किए जाएंगे, जबकि स्ट्रीट लाइट, वॉटर हीटर और कृषि पंपों को भी सौर ऊर्जा से जोड़ा जाएगा।

# आईआईए व परिवहन विभाग का अभियान शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं उनमें कमी लाने के उद्देश्य से इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन एवं परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को वाहन रिफ्लेक्टर स्टीकर अभियान का शुभारंभ किया गया।

यह अभियान देहरादून रोड स्थित राकेश केमिकल, पुलिस चौकी तिराहा पर प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के दौरान आईआईए के पदाधिकारियों ने एआरटीओ संदीप जैसवाल (प्रवर्तन) एवं मानवेंद्र प्रताप सिंह (प्रशासन), परिवहन विभाग का पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत व अभिनंदन किया। एआरटीओ संदीप जैसवाल एवं मानवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि कोहरे एवं कम दृश्यता के दौरान सड़क दुर्घटनाओं की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। ऐसे में वाहनों पर रेडियम रिफ्लेक्टर स्टीकर लगाए जाने से रात और कोहरे में वाहनों की पहचान आसानी से हो पाती है, जिससे दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाई जा



सकती है। आईआईए चौप्टर चेयरमैन गौरव चोपड़ा ने बताया कि यह अभियान पूरी तरह जनहित को ध्यान में रखते हुए शुरू किया गया है और इसे आगामी कुछ दिनों तक निरंतर चलाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक वाहन इस सड़क सुरक्षा पहल से जुड़ सकें। अभियान के दौरान विभिन्न प्रकार के वाहनों की बैक साइड पर रेडियम रिफ्लेक्टर स्टीकर लगाए गए, जिससे उनकी दृश्यता में वृद्धि हो सके। कार्यक्रम के समापन पर आईआईए पदाधिकारियों द्वारा एआरटीओ अधिकारियों को संस्था की मासिक पत्रिका भेंट की गई। इस अवसर पर आईआईए के पदाधिकारी, परिवहन विभाग के अधिकारी, संस्था के सदस्य एवं आमजन मौजूद रहे। सभी ने इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। इस मौके पर आईआईए के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रमोद सडाना, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य कृष्ण राजीव सिंघल, चैप्टर सचिव कुशल शर्मा, कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र मोहन कालड़ा, विशेष आमंत्रित सदस्य राजेश सपरा, उपाध्यक्ष राजकुमार अरोड़ा, प्रेम क्वात्रा, कामधेनू एरिया हेड अतीश गुप्ता, संजय गर्ग, मनजीत सिंह अरोड़ा, प्रियेश गर्ग सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

# सलीरी गांवों के तीनों बूथों पर पहुंचे फरहाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नकुड विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत पड़ने वाले गांव सलीरी में तीनो बूथ पर पुनरीक्षण 2026 निर्वाचक नामावली के अन्तर्गत फर्जी हस्ताक्षर कर भरे हुए फार्म संख्या 7 भेजे जाने के विरोध में समाज वादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष व नकुड विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय नेता फरहाद आलम गाडा ने सलीरी गांव स्थित तीनो बूथ पर पहुंचकर काटे जा रहे वोटों का विरोध किया।

फरहाद आलम ने कहा कि ब्लॉक सरसावा के गांव सलीरी में तीनो बूथों पर लगभग 577 वोटरों के नाम से फार्म संख्या 7 भरकर आये हैं। उन्होंने कहा कि यह फार्म एस डी एम कार्यालय या भाजपा कार्यालय से भेजे गये हैं। भाजपा सरकार में मुस्लिम वोटों को काटने का काम कर रही है, ताकी मुस्लिम समुदाय वोट डालने से वंचित रह जाये ओर भाजपा कंडीडेट आसानी से जीत जाये।

समाजवादी पार्टी के नेता फरहाद आलम ने कहा कि आज सभी के सामने



स्पष्ट है कि पुनरीक्षण निर्वाचक नामावली के दौरान अनेक बीएलओ ने आत्महत्या क्यों की, उनका कहना है कि सरकार व अधिकारियों द्वारा सभी बीएलओ पर एक समुदाय विशेष के वोटों को काटने का अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है। इस संबंध में उच्च अधिकारियों के साथ साथ समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को भी अवगत करायेंगे।

इस दौरान कलीम सहारनपुरी, अदनान, हसीब, प्रधान गुफरान, इलियास, डॉ. कमाल, शादिक, इकराम, शोएब, मुन्तजिर, रोहित कश्यप आदि मौजूद रहे।

# शहर के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित: गौरव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** विद्युत विभाग द्वारा अनुरक्षण कार्य के अंतर्गत पेड़ों की कटाई-छंटाई एवं जम्पर रिपेयरिंग के कारण मंगलवार 10 फरवरी को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति अस्थायी रूप से बाधित रहेगी।

33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र हुसैन बस्ती से पोषित 11 केवी भगवती, प्रेमपुरी, हुसैन बस्ती, हनुमान नगर एवं गैस गोदाम फीडर की बिजली आपूर्ति दोपहर 12 से 12:30 बजे तक बाधित रहेगी। इसी प्रकार 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र पुलखुमरान से पोषित 11 केवी चौक फव्वारा, बंडतला एवं आनंदपुरी फीडर से जुड़े क्षेत्रों में दोपहर 12 से 3 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

**■ अनुरक्षण कार्य के लिये की जाएगी पेड़ों की कटाई छंटाई**

उन्होंने बताया कि

33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र जैनबाग से पोषित 11 केवी वर्धमान, रायवाला, मुन्नालाल, पुराना जैन बाग, आजाद कॉलोनी, धोबी घाट, खाताखेडी, मदनपुरी एवं निसार रोड फीडर से संबंधित क्षेत्रों में भी दोपहर 12 से 3 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। इस संबंध में अधिशासी अभियंता गौरव कुमार ने बताया कि कार्य पूर्ण होने के उपरांत विद्युत आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी।

# आर्ट, क्राफ्ट व विज्ञान प्रदर्शनी में सराहे मॉडल्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अमर शहीद इंटर कालेज एवं अथर्व मॉडर्न पब्लिक स्कूल में लगाई गई आर्ट, क्राफ्ट व विज्ञान प्रदर्शनी में लगाये गये माडल्स की दर्शकों ने जमकर सराहना की।

गंगोह रोड स्थित स्कूल परिसर में आयोजित प्रदर्शनी का मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक अरविंद पाठक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुश्री कोमल, मान्यता प्राप्त विद्यालय महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष पवन सिंह राठौर, जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह, प्रधानाचार्य अनूप सिंह, रामप्रकाश, सेठपाल सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर उदघाटन किया। सभी अतिथियों ने बच्चों द्वारा बनाये गये माडल्स व कलाकृतियों का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों की हौसलाअफजाई करते हुए उनके



उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य श्याम सिंह ने सभी अतिथियों का आभार जताते हुए छात्र छात्राओं को आर्शीवचन दिये।

प्रदर्शनी में उवेश, मौ.उवेश द्वारा स्मार्ट सिटी, देवांश, युवराज, मणाल, कृष द्वारा हाइड्रोलिक ब्रिज, फरहान, जीवांग, आर्यन, सागर द्वारा डिजास्टर अलर्ट, भावना द्वारा हयूमन रोबोट, इकरा द्वारा वोलकेनो, आरूषि, रिया, पलक द्वारा पर्यावरण के प्रकार, अहमद, वासु, यासीन द्वारा ड्रिप इरिगेशन, मिसबा, शिफा, वंशिका द्वारा स्कूल का माडल, कार्तिक, अर्श, आदित्य व अवि द्वारा रेलवे स्टेशन, समर्थ, देव, लक्की, आदित्य पंवार द्वारा राम मंदिर तथा अली उमर, अबूजर, उस्मान, सलमान द्वारा एयर क्राफ्ट केरियर का माडल्स प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी के अलावा विभिन्न प्रकार के खेलों व मनोरंजन का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर मोनिका, भावना, चित्रा, प्रियंका, अरशद आदि मौजूद रहे। संचालन रीना गोसाई, सायमा व अशोक शर्मा द्वारा किया गया।

# युवक पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तराखंड के रुड़की क्षेत्र निवासी एक युवती ने सहारनपुर निवासी एक युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

युवती का कहना है कि उसका अपने पति के साथ आपसी घरेलू विवाद चल रहा है। जिस कारण वो अपने पिता के घर पर रहकर बामुश्किल गुजर बसर कर रही थी। गृहस्थ जीवन व रोजमर्रा के खर्चों को पूरा करने की बाबत वो एक प्राइवेट कम्पनी में काम कर रही थी। वहीं पर काम करते हुए उसकी मुलाकात सहारनपुर के न्यू माधोनगर निवासी एक युवक से हुई जिसने उसकी मजबूरी का फायदा उठाकर उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और शादी करने का झूठा झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान विपक्षी ने अपने मोबाईल फोन से फोटो व वीडियो भी बना ली जिसके बल पर युवक ने कई बार उसको ब्लैकमेल कर दुष्कर्म किया। आरोप है कि शादी का दबाव बनाने पर आरोपी युवक उसे बदनाम करने की धमकी दे रहा है। अब युवक का रिश्ता कहीं और तय हो गया है। युवती ने जब जानकारी जुटाई तो पता चला कि युवक का रिश्ता कहीं और तय हो गया है और जल्द ही उसकी शादी होने वाली है।

पीड़िता ने पुलिस को शिकायती पत्र सौंपकर युवक की शादी रुकवाने व कार्रवाई की गुहार लगाई है। इस दौरान जनशक्ति पार्टी मोर्चा की जिलाध्यक्ष सोनू रानी व जिला उपाध्यक्ष फरहत जहां ने कहा कि वह हर पीड़िता के साथ इस तरीके का अन्याय नहीं होने देंगी।

CMYK

**शाह टाइम्स**

**सम्पादकीय**

**मंगलवार, 10 फरवरी 2026**

**Dainikshahtimes@gmail.com** For Articles

# संसद में तमाशा

इस समय संसद का बजट सत्र चल रहा है और मुद्दों की भी कमी नहीं है। तमाम तरह का तमाशा हो रहा है, लेकिन अगर नहीं हो रही है, तो चर्चा नहीं हो रही है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी आरोप लगा रहे हैं कि उन्हें सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा है। नौवें दिन की स्थिति भी अन्य दिन की तरह ही देखने में आई। केवल 13 मिनट ही लोकसभा चल पाई। दो बार लोकसभा को चलाने की कोशिश की गई, लेकिन यह कोशिश सफल नहीं हो सकी और संसद को सोमवार दो बजे मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। यूं तो संसद में तमाशा होना आम बात होकर रह गई है, लेकिन यह देखकर बेहद पीड़ा होती है कि जहां लोकसभा के भीतर एक स्वस्थ चर्चा होनी चाहिए थी, उसकी जगह अब शोर-शराबा लेता दिखाई दे रहा है और यह प्रवृत्ति समय के साथ-साथ बढ़ती जा रही है। सबसे अजब बात तो यह है कि अब लोकसभा में शब्दों और पदों की भी कोई मर्यादा नहीं रह गई है और छिन्न-भिन्न होती दिखाई दे रही है। हमारे माननीयों को समझना चाहिए कि राजनीति में विचारधारा में मतभेद एक आम बात है लेकिन यह व्यक्तिगत नहीं होने चाहिएं। विपक्ष अगर यह चाहता है कि चीन को लेकर पूर्व सेनाध्यक्ष एमएम नरवणे की किताब पर चर्चा होनी चाहिए, तो वह कहां गलत है। ठीक हाल ही में अमेरिका से एक डील हुई है, जिसका सरकार भी जोर-शोर से प्रचार कर रही है। उस पर चर्चा क्यों नहीं होनी चाहिए। यह देखना भी दिलचस्प रहा कि जब पीएम मोदी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपना संबोधन देना था, तो वह संसद नहीं आए। विपक्ष जहां यह कह रहा है कि वह डर की वजह से नहीं आए, तो वहीं लोकसभा स्पीकर ओम बिडला अजीब ही तर्क देते दिखाई दिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसलिए नहीं आए क्योंकि उन पर सदन में हमला हो सकता था। विशेषकर उन्होंने महिला सांसदों का जिक्र किया। सोमवार को 11 कांग्रेसी महिला सांसदों ने लोकसभा स्पीकर को इस संबंध में पत्र भी लिखा। जिसमें उन्होंने कहा कि इस तरह के आरोप लगाकर ओम बिडला ने महिलाओं का अपमान किया है। उन्होंने पत्र में कहा है कि उनका विरोध शांतिपूर्ण, दृढ़ और पूरी तरह लोकतांत्रिक मानदंडों के भीतर था। उनकी सत्यनिष्ठा पर सवाल उठाना हर उस महिला पर गंभीर हमला है जो साहस के साथ जीवन में अपनी पहचान बनाती है। उन्होंने लोकसभा स्पीकर से स्वतंत्र रूप से कार्य करने और लोकसभा की गरिमा बहाल करने का आग्रह किया। सूत्र तो यह भी बताते हैं कि विपक्ष बिडला की टिप्पणी से इतना आहत है कि उनके विरुद्ध महाभियोग ला सकता है। नि:संदेह ऐसी स्थिति किसी भी लोकतांत्रिक देश के लिए आदर्श स्थिति नहीं कही जा सकती। सभी को ध्यान रखना चाहिए कि लोकतंत्र में नैतिकता व मर्यादा बेहद महत्वपूर्ण स्थान रखती है।

## शैडो प्रधानमंत्री होता है विपक्ष का नेता



लोकसभा में विपक्ष को अपनी बात रखने का मौका नहीं दिया जा रहा है, जबकि सत्तापक्ष के सदस्य कुछ भी बोलने के लिए स्वतंत्र है चाहे अपमानजनक टिप्पणी ही क्यों न हो, संसद की नियमावली के अनुसार विपक्ष का नेता शैडो प्रधानमंत्री होता है, लेकिन उन्हें इस सत्र में सदन के अंदर कुछ भी बोलने की अनुमति नहीं दी जाती है, सरकार के लोग कुछ भी कह सकते हैं, सत्तापक्ष के लोग अपमान. जनक टिप्पणी कर सकते हैं, किसी पर हमला कर सकते हैं, लेकिन हमारे गठबधन के दलों के नेताओं को भी अपनी बात नहीं रखने दी जाती है, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्वयं कांग्रेस की महिला सांसदों के पर गंभीर आरोप लगाया है, इससे साफ पता चलता है कि विपक्ष के लिए सदन में कोई जगह नहीं है, विपक्ष के नेता हो या विपक्ष के किसी अन्य दल के नेता हो, उन्हें नहीं बोलने दिया जाता है।

**-केसी वेणुगोपाल, संगठन महासचिव, कांग्रेस**

# उत्तर प्रदेश के ब्राह्मणों और मुसलमानों को अपने पक्ष में करने की कवायद





**एम हसन**

> मुस्लिम समुदाय का सपा से बसपा की ओर जाना तभी संभव होगा जब समुदाय को यह आश्वासन दिया जाए कि ब्राह्मण-दलित समुदाय बसपा के पक्ष में एकजुट हो जाएगा। पिछले 12 वर्षों में यह समुदाय राजनीतिक रूप से हाशिए पर रहा है और सबसे बढ़कर इसने ष्सम्मान और सुरक्षाष् के लिए संघर्ष किया है।

बहुजन समाज पार्टी द्धबीएसपीत्र ने उत्तर प्रदेश में अपनी खोई हुई जमीन वापस पाने के लिए पुरजोर प्रयास शुरू कर दिए हैं। पिछले 20 वर्षों में लगातार चुनावी हार झेलने के बाद, पार्टी नेतृत्व इस बात पर दृढ़ हो गया है कि दलित-ब्राह्मण-मुस्लिम-ओबीसी के व्यापक गठबंधन के बिना 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करना मुश्किल होगा। इसलिए, बीएसपी प्रमुख मायावती 2007 के उस फॉर्मूले को दोहराने की कोशिश कर रही हैं, जिसने पहली बार पार्टी को अपने दम पर सत्ता में पहुंचाया था।

इसी को ध्यान में रखते हुए, अगले साल के चुनावी माहौल को देखते हुए, जिला, विधानसभा क्षेत्रों और अन्य पदाधिकारियों सहित लगभग 3000 पार्टी नेता आज लखनऊ में नेतृत्व से निर्देश लेने के लिए एकत्रित हुए। बीएसपी मुख्यालय में दिन भर चली बैठक के दौरान मायावती ने जमीनी स्तर के नेताओं को तुरंत तैयारियां शुरू करने का निर्देश दिया। मतदाता सूचियों में एसआईआर में काफी बदलावों को देखते हुए, पार्टी ने स्थानीय समितियों का पुनर्गठन करने का निर्णय लिया है।

मायावती ने नेटफ्लिक्स फिल्म घुसखोर पंडित के शीर्षक पर अपनी त्वरित और तीखी प्रतिक्रिया में ब्राह्मण कार्ड का भरपूर इस्तेमाल किया। मायावती, जो आमतौर पर ऐसे मुद्दों पर प्रतिक्रिया देने से बचती हैं, ने शीर्षक की निंदा की और निर्देशक एवं निर्माता के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। हालांकि उत्तर प्रदेश भाजपा सरकार ने भी निर्देशक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर तुरंत कार्रवाई की, लेकिन इस मुद्दे पर मायावती का लहजा बेहद स्पष्ट था। आज के सम्मेलन में मायावती के उत्तराधिकारी आकाश आनंद भी चर्चा का केंद्र थे।

हालांकि, ऐसे समय में जब पार्टी वापसी के लिए अंतिम प्रयास कर रही है, मायावती के इस ब्राह्मण-मुस्लिम कार्ड पर सबकी नजर रहेगी। जहां एक ओर 2007 के ब्राह्मण नेता सतीश चंद्र मिश्रा पार्टी में हैं, वहीं तत्कालीन मुस्लिम नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी पिछले महीने कांग्रेस छोड़ने के बाद किसी और बेहतर अवसर की तलाश में हैं। फिलहाल बसपा के पास उत्तर प्रदेश का कोई ऐसा मुस्लिम चेहरा नहीं है जो उन्हें वापस पार्टी में ला सके। हालांकि उत्तर प्रदेश में ब्राह्मण समुदाय के भाजपा से असंतुष्ट होने की खबरें आ रही हैं, लेकिन क्या वे सचमुच भगवा ब्रिगेड से अलग हो जाएंगे, यह एक विवादास्पद सवाल है। 2007 में राजनीतिक परिस्थितियां बिलकुल अलग थीं, जब यह लामबंदी कारगर साबित हुई थी।

इसी प्रकार, मुस्लिम समुदाय का सपा से बसपा की ओर जाना तभी संभव होगा जब समुदाय को यह आश्वासन दिया जाए कि ब्राह्मी-दलित समुदाय बसपा के पक्ष में एकजुट हो जाएगा। पिछले 12 वर्षों में समुदाय राजनीतिक रूप से हाशिए पर रहा है और सबसे बढ़कर सम्मान और सुरक्षा के लिए संघर्ष कर रहा है। समुदाय में यह प्रबल भावना है कि ए मुद्दे अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, जिन पर किसी भी राजनीतिक दल को ध्यान देना चाहिए जो उनका समर्थन चाहता है।

दलित नेता कांशी राम के मार्गदर्शन में मायावती ने राजनीतिक परिदृश्य में उभरकर 2007 में उत्तर प्रदेश की पहली दलित मुख्यमंत्री का पद अपने दम पर हासिल किया था और उनके सहयोगियों ने उन्हें 2009 के लोकसभा चुनाव में एक मजबूत प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवार के रूप में पेश किया था। अब लगभग दो दशक बाद पार्टी की किस्मत में भारी गिरावट आई है। कांशी राम ने सभी समुदायों को मिलाकर एक मजबूत दलित जनाधार बनाया था, लेकिन वर्षों से यह आधार खोता चला गया है। 2007-2012 के बसपा शासनकाल के दौरान यह गिरावट स्पष्ट रूप से देखी गई, जब ष्जाटवष् समुदाय पर विशेष राजनी. तिक बल दिया गया, जिससे अन्य समुदाय उनसे अलग हो गए। दलितों का दूसरा सबसे महत्वपूर्ण वर्ग, पासी, इस मुद्दे पर काफी मुखर हो गया था। बसपा के 2007 के कार्यकाल के बाद पार्टी छोड़ने पर मजबूर हुए प्रतिद्वंद्वियों द्वारा कांशी राम की कमाई, मायावती ने गवई (मायावती ने कांशी राम की कमाई बर्बाद कर दी) का नारा अक्सर दो. हराया जाता था।

2009 के आम चुनाव में पार्टी का राष्ट्रीय वोट शेयर 6।2 प्रतिशत था, जो 2014 में घटकर 4।2 प्रतिशत (कोई सीट नहीं मिली), 2019 में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में उत्तर प्रदेश की दस सीटों पर जीत के साथ 3।7 प्रतिशत और 2024 में 2.04 प्रतिशत रह गया। 2019 को छोड़कर, पिछले तीन लोकसभा चुनावों में बसपा का किसी अन्य पार्टी के साथ कोई गठबंधन नहीं था। वर्तमान में दलित संगठन के लिए कोई स्पष्ट राष्ट्रीय पहचान न होने के कारण, अगर बसपा को अपने गृह राज्य उत्तर प्रदेश में टिके रहना है तो उसे भाजपा के 41.37 प्रतिशत और सपा के 33.59 प्रतिशत वोट शेयर से मुकाबला करना होगा। उत्तर प्रदेश में 2024 के लोकसभा चुनाव में, जब बसपा ने सभी 80 सीटों पर चुनाव लड़ा था, तो उसका वोट शेयर लगभग 9।24 प्रतिशत था। बसपा की किसी भी सीट पर जीत के विपरीत, नवगठित प्रतिद्वंद्वी दलित संगठन आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश से नगीना लोकसभा सीट पर कब्जा कर लिया। चूंकि शेखर बसपा के वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए कुशल प्रयास कर रहे हैं, इसलिए मायावती ने विशेष रूप से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए खंडित दलित वोटों को पुन: प्राप्त करने के लिए एक कार्य योजना तैयार की है।

अब बसपा के लिए 2027 के चुनाव करो या मरो की लड़ाई हैं और जमीनी स्तर के नेताओं से आज जीत के लिए काम करने को कहा गया। चूंकि उत्तर प्रदेश में सत्ता हासिल करने के लिए कम से कम तीन या उससे अधिक प्रभावशाली जातियों का गठबंधन जरूरी है, इसलिए बसपा अब दलित-पिछड़ा और मुस्लिम समुदायों के गठबंधन के लिए बेताब है। हालांकि, बसपा अब सभी दलित समुदायों की एकीकृत आवाज नहीं रह गई है और उसे अन्य समुदायों के साथ काम करने से पहले उन्हें एक मंच पर लाना होगा। उत्तर प्रदेश में सत्ता में आने के लिए कम से कम 30 प्रतिशत से अधिक वोट शेयर जरूरी है, बसपा के लिए इस आंकड़े तक पहुंचना 12 प्रतिशत (2022 के नतीजों में) से काफी मुश्किल लग रहा है। भगवा ब्रिगेड को टक्कर देने के इस बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिए उसे मजबूत स्थिति में मौजूद सपा को दूसरे पायदान से हटाना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)


# और अधिक गर्म होती धरती, लंबे होते पक्षियों के पैर

**इसे जानने के लिए डीकिन विवि. की वैकासिक पारिस्थितिकीविद एलेक्जेंड्रा मैकक्वीन ने प्राकृतिक आवासों में पक्षियों की ऊष्मीय तस्वीरें लीं। ऊष्मा (अवरक्त) कैमरे की मदद से उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई वुड डक, बनफ्शी कीचमुर्गी और बेमिसाल परी-पिद्दी सहित कई पक्षी प्रजातियों की तस्वीरें लीं। तुलना के लिए उन्होंने हवा की गति, तापमान, आद्रता और सौर विकिरण भी मापा ताकि पक्षियों के शरीर की बाहरी सतह के तापमान की गणना कर सकें।**



पक्षियों के रोएंदार पंख उनके शरीर की ऊष्मा बिखरने नहीं देते और उन्हें गर्म बनाए रखते हैं। दूसरी ओर, चोंच उन्हें ठंडा रखती है, जब शरीर बहुत अधिक गर्म हो जाता है तो चोंच से ही ऊष्मा बाहर निकालती है, लेकिन जब ज्यादा संवेदी ताप नियंत्रक की जरूरत होती है, तो वे अपनी टांगों से काम लेते हैं। ऑस्ट्रेलिया में चौदह पक्षी प्रजातियों पर किए गए अध्ययन में पता चला है कि पक्षी अपने पैरों में रक्त प्रवाह को कम-ज्यादा करके शरीर की गर्मी को कम-ज्यादा बिखेर सकते हैं। पक्षियों के शीतलक यानी उनकी चोंच और पैर में बेशुमार रक्तवाहिकाएं होती हैं और ए कुचालक पंखों से ढंकी नहीं होती हैं। इससे उन्हें गर्मी बढ़ने पर शरीर का तापमान कम करने में मदद मिलती है। इसलिए तोतों और उष्णकटिबंधीय जलवायु में रहने वाले अन्य पक्षियों की चोंच बड़ी और टांगें लंबी होती हैं, लेकिन पक्षियों में ताप नियंत्रण से जुड़ी अधिकतर जानकारी प्रयोगशाला अध्ययनों पर आधारित थीं। सवाल था कि क्या प्राकृतिक परिस्थिति में यही बात लागू होती है? इसे जानने के लिए डीकिन विश्वविद्यालय की वैकासिक पारिस्थितिकीविद एलेक्जेंड्रा मैकक्वीन ने प्राकृतिक आवासों में पक्षियों की ऊष्मीय तस्वीरें लीं। ऊष्मा (अवरक्त) कैमरे की मदद से उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई वुड डक, बनफ्शी कीचमुर्गी Porphyrio porphyrio और बेमिसाल परी-पिद्दी Malurus cyaneus सहित कई पक्षी प्रजातियों की तस्वीरें लीं। तुलना के लिए उन्होंने हवा की गति, तापमान, आर्द्रता और सौर विकिरण भी मापा ताकि पक्षियों के शरीर की बाहरी सतह के तापमान की गणना कर सकें। गर्मियों में, जब बाहर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक होता है तो पक्षी शरीर की अतिरिक्त गर्मी को निकालने के लिए अपनी चोंच और टांगों दोनों का उपयोग करते हैं। सर्दियों में, जब बाहर का तापमान कम होता है, कभी-कभी 2.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है, तो पक्षियों की चोंच तो गर्मी छोड़ती रहती है, लेकिन उनकी टांगें ऊष्मा बिखेरना बंद कर देती हैं। उनके पैर ठंडे थे यानी उन्होंने पैरों में रक्त प्रवाह रोक (या बहुत कम कर) दिया था ताकि ऊष्मा का ह्रास कम रहे। बायोलॉजी लैटर्स में प्रकाशित यह निष्कर्ष ठीक ही लगते हैं, क्योंकि पक्षियों का अपनी चोंच की रक्त वाहिकाओं पर नियंत्रण कम होता है, क्योंकि चोंच उनके मस्तिष्क के करीब होती है जहां निरंतर रक्त प्रवाह जरूरी है। बहरहाल इस अध्ययन से यह समझने में मदद मिलती है कि ठंडी जलवायु में रहने वाले पक्षियों की चोंच छोटी क्यों होती है। साथ ही अनुमान है कि जैसे-जैसे वैश्विक तापमान बढ़ता जाएगा और पृथ्वी गर्म होती जाएगी तो संभव है कि वर्ष में बहुत अलग-अलग तापमान झेल रही पक्षी प्रजातियों की टांगें लंबी होती जाएंगी, जिनके रक्त प्रवाह और ऊष्मा के संतुलन पर पक्षी का अधिक नियंत्रण होता है। फिलहाल उम्मीद है कि इस तरह के और भी अध्ययनों से यह बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलेगी कि दुनिया भर के पक्षी जलवायु परिवर्तन से कैसे निपटेंगे।

# शहरी विकास : पुरातन और आधुनिकता में संघर्ष



**विनीत नारायण**



काशी के मणिकर्णिका घाट को लेकर उपजे विवाद ने एक बार फिर इस प्रश्न को देश के सामने खड़ा कर दिया है कि हमारी प्राचीन धरोहरों को हानि पहुंचाए बिना शहरों का आधुनिकरण कैसे किया जाए? यह प्रश्न भारत के धार्मिक नगरों में चल रहे शहरी विकास कार्यों के संदर्भ में और भी ज्वलंत हो गया है।

धर्मनगरियों व ऐतिहासिक भवनों का जीर्णोद्धार या सौन्दईकरण एक बहुत ही जटिल प्रक्रिया है। जटिल इसलिए कि चुनौतियां अनंत है। लोगों की धार्मिक भावनाएं, पुरोहित समाज के पैतृक अधिकार, वहां आने वाले आम आदमी से अति धनी लोगों तक की अपेक्षाओं को पूरा करना, सीमित स्थान और संसाधनों के बीच व्यापक व्यवस्थाऐं करना, इन नगरों की कानून व्यवस्था और तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को सुनिश्चति करना। इस सबके लिए जिस अनुभव, कलात्मक अभिरूचि व आध्यात्मिक चेतना की आवश्यक्ता होती है, प्राय: उसका प्रशासनिक व्यवस्था में अभाव होता है। सड़क, खड़जे, नालियां, फ्लाई ओवर जैसी आधारभूत संरचनाओं के निर्माण का अनुभव रखने वाला प्रशासन तंत्र इन नगरों के जीर्णोद्धार और सौन्दईकरण में वो बात नहीं ला सकता, जो इन्हें विश्वस्तरीय तीर्थस्थल बना दे। कारण यह है कि सड़क, खड़जे की मानसिकता से टैंडर निकालने वाले, डीपीआर बनाने वाले और ठेके देने वाले, इस दायरे के बाहर सोच ही नहीं पाते। अगर सोच पाते होते तो आज तक इन शहरों में कुछ कर दिखाते। पिछले इतने दशकों में इन धर्मनगरियों में विकास प्राधिकरणों ने क्या एक भी इमारत ऐसी बनाई है, जिसे देखा-दिखाया जा सके? क्या इन प्राधिकरणों ने शहरों की वास्तुकला को आगे बढ़ाया है या इन पुरातन शहरों में दियासलाई के डिब्बों जैसे भवन खड़े कर दिए हैं। नतीजतन ये सांस्कृतिक स्थल अपनी पहचान तेजी से खोते जा रहे हैं।

माना कि विकास की प्रक्रिया को रोका नहीं जा सकता। बढ़ती आबादी की मांग को भी पूरा करना होता है। मकान, दुकान, बाजार भी बनाने होते हैं, पर पुरातन नगरों की आत्मा को मारकर नहीं। अंदर से भवन कितना ही आधुनिक क्यों न हो, बाहर से उसका स्वरूप, उस शहर की वास्तुकला की पहचान को प्रदर्शित करने वाला होना चाहिए। भूटान एक ऐसा देश है, जहां एक भी भवन भूटान की बौद्ध संस्कृति के विप. रीत नहीं बनाया जा सकता। चाहे होटल, दफ्तर या दुकान कुछ भी हो। सबके खिड़की, दरवाजे और छज्जे बुद्ध विहारों के सांस्कृतिक स्वरूप को दर्शाते हैं। इससे न सिर्फ कलात्मकता बनीं रहती है, बल्कि ए और भी ज्यादा आकर्षक लगते हैं। दुनिया के तमाम पर्यटन वाले नगर, इस बात का विशेष ध्यान रखते हैं। जबकि भारत में आज भी पुराने ढर्रे से सोचा और किया जा रहा है। फिर कैसे सुधरेगा इन पुरातन नगरों का स्वरूप? विकास की प्रक्रिया में जहां एक तरफ रचनात्मक सोच और कलात्मक दृष्टि का अभाव स्पष्ट दिखाई देता है वहीं भ्रष्टाचार भी अन्य क्षेत्रों की तरह स्थिति को बिगाड़ने में बड़ी भूमिका निभाता है। शहरी विकास की प्रक्रिया में दो तरह का भ्रष्टाचार होता है, 'करप्शन ऑफ डिजाईन' व 'करप्शन ऑफ इम्पलीमेंटेशन'। यानि नक्शे बनाने में भ्रष्टाचार और निर्माण करने में भ्रष्टाचार। निर्माण का भ्रष्टाचार तो भारतव्यापी है। बिना कमीशन लिए कोई सरकारी आदमी कागज बढ़ाना नहीं चाहता। पर डिजाईन का भ्रष्टाचार तो और भी गंभीर है। यानि तीर्थस्थलों के विकास की योजनाऐं बनाने में ही अगर सही समझ और अनुभवी लोगों की मदद नहीं ली जाएगी और उद्देश्य अवैध धन कमाना होगा, तो योजनाऐं ही नाहक महत्वाकांक्षी बनाई जाएंगी। गलत लोगों से नक्शे बनावाए जाएंगे और सत्ता के मद में डंडे के जोर पर योजनाऐं लागू करवाई जाएंगी। नतीजतन धर्मक्षेत्रों का विनाश होगा, विकास नहीं। पिछले तीन दशकों में, इस तरह कितना व्यापक विनाश धर्मक्षेत्रों का किया गया है कि उसके दर्जनों उदाहरण दिए जा सकते हैं। फिर भी अनुभव से कुछ सीखा नहीं जा रहा। सारे निर्णय पुराने ढर्रे पर ही लिए जा रहे हैं, तो कैसे सजेंगी हमारी धर्मनगरियां? पिछले 24 वर्षों से मैं ब्रज में धरोहरों के जीर्णोद्धार और संरक्षण में जुटा हूं और इसी चिंता में घुलता जा रहा हूं। शोर मचाओ तो लोगों को बुरा लगता है और चुप होकर बैठो तो दम घुटता है कि अपनी आंखों के सामने, अपनी धार्मिक विरासत का विनाश कैसे हो जाने दें? जब से केंद्र में भाजपा की सरकार आई है, तब से धर्मक्षेत्रों का विकास राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भी उद्देश्य रहा है, इसलिए संघ नेतृत्व को चाहिए कि धर्मक्षेत्रों के विकास पर स्पष्ट नीति निधार्रित करने के लिए अनुभवी और चुने हुए लोगों की राष्ट्रीय और क्षेत्रीय गोष्ठी बुलाए और उनकी राय लेकर नीति निर्धारण में सकारात्मक योगदान करे। पर इस विषय को राजनीति से अलग रखा जाए। क्योंकि धरोहर किसी एक दल के सत्ता में रहने या न रहने से अपना स्वरूप नहीं बदलती। उनका अस्तित्व सदियों से है और सदियों तक रहेगा। इसलिए धरोहरों के संरक्षण में जुटे लोगों और विशेषज्ञों के प्रति राग द्वेष की भावना से अलग हटकर केवल धरोहरों के हित में ही निर्णय लिए जाएं। नीतियों में क्रांतिकारी परिवर्तन किए बिना, वांछित सुधार आना असंभव है। फिर तो वही होगा कि 'चौबे जी गए छब्बे बनने और दूबे बनके लौटे'। पर इसमें भी एक खतरा है। क्योंकि जब कभी सरकारी स्तर पर ऐसा विचार-विमर्श करना होना होता है, तो निहित स्वार्थ सार्थक विचारों को दबवाने के लिए या उनका विरोध करवाने के लिए, सत्ता के दलालनुमा लोगों को विशेषज्ञ या समाजसेवी बताकर इन बैठकों में बुला लेते हैं और सही बात को आगे नहीं बढ़ने देते।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एपस्टीन फाइल्सः 10 देशों में इस्तीफे, 80 ताकतवर लोगों की जांच

## अमेरिका से यूरोप तक असर, राजनेताओं-अरबपतियों और शाही परिवारों तक फैली जांच

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े सीक्रेट दस्तावेज सामने आते ही दुनिया भर में हड़कंप मच गया है। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने करीब 30 लाख पेज के डॉक्यूमेंट्स 30 जनवरी को जारी किए हैं। इसके बाद 10 देशों में 15 से ज्यादा बड़े अधिकारियों को पद छोड़ना पड़ा है। 80 से ज्यादा ताकतवर लोगों पर जांच चल रही है।

इन फाइलों में नेता, राजदूत, अरबपति और शाही परिवारों के नाम शामिल हैं। ईमेल, फ्लाइट लॉग और संपर्क रिकॉर्ड में 700 से 1000 असरदार लोगों का जिक्र है। कई मामलों में नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण के आरोप भी हैं। दस्तावेजों में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और हिलेरी क्लिंटन जैसे हाई-प्रोफाइल नाम अलग-अलग संदर्भों में सामने आए हैं। एपस्टीन खुलासे के बाद सबसे ज्यादा हड़कंप यूरोप में है। करीब 10 देशों में इस्तीफों का दौर शुरू हो गया है। सबसे ज्यादा ब्रिटेन में 3 अधिकारियों को पद छोड़ना पड़ा। पूर्व राजदूत पीटर मैंडेलसन, सलाहकार एडम पेरी और पीएम कीर स्टार्मर के चीफ ऑफ स्टाफ मॉर्गन मैकस्वीनी ने इस्तीफा दिया। स्लोवाकिया में पूर्व विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मीरोस्लाव लाइचाक ने 300 से अधिक ईमेल और आपत्तिजनक चौट सामने आने पर इस्तीफा दिया। स्वीडन की सीनियर डिप्लोमेट जोआना रुबिनस्टीन ने पद छोड़ा। नॉर्वे की राजदूत मोना जूल, अमेरिका में लेबर मिनिस्टर एलेक्स एकोस्टा और एमआईटी लैब प्रमुख जोइची इतो ने इस्तीफा दिया। एपस्टीन फाइल्स कई देशों की सरकारों के लिए कूटनीतिक और राजनीतिक शर्मिंदगी का कारण बन गई। ब्रिटिश पीएम स्टार्मर को माफी मांगनी पड़ी, जबकि प्रिंस एंड्रयू के खिलाफ ब्रिटिश पुलिस ने नई फाइलों के आधार पर 'फेश रिव्यू' शुरू किया। नॉर्वे में राजदूत मोना जुएल को निलंबित किया गया और पूर्व पीएम थोरबजॉर्न जगलैंड के खिलाफ भ्रष्टाचार जांच शुरू हुई। सीनियर डिप्लोमेट तेर्झे रोड-लार्सन पर भी जांच चल रही है। फ्रांस में पूर्व मंत्री जैक लैंग को आधिकारिक समन जारी हुआ। पोलैंड, लातविया और तुर्की ने मानव तस्करी के साथ आधिकारिक साठगांठ की जांच के लिए स्पेशल टीमें बनाईं। जस्टिस डिपार्टमेंट की तरफ से जारी तस्वीर में प्रिंस एंड्रयू एक महिला के ऊपर घुटनों के बल झुके हुए दिखते हैं। कुछ बड़े नाम सामने आने के बाद उन्हें और उनके परिवारों को सार्वजनिक रूप से माफी या अफसोस जताना पड़ा। नॉर्वे की क्राउन प्रिंसेस मेटे-मारिट के ईमेल और संवाद सामने आने पर राजशाही स्तर की संस्थागत समीक्षा हुई और उन्होंने सार्वजनिक माफी मांगी। माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने एपस्टीन से मुलाकातों और संवाद पर अफसोस जताया तथा फाउंडेशन के बोर्ड से इस्तीफा दिया। इजरायल के पूर्व पीएम एहुद बराक का नाम न्यूयॉर्क में एपस्टीन के अपार्टमेंट में ठहरने और बैठकों के रिकॉर्ड में आया, जिसके बाद उन्हें सफाई देनी पड़ी।



■ एपस्टीन खुलासे के बाद सबसे ज्यादा हड़कंप यूरोप में है, करीब 10 देशों में इस्तीफों का दौर शुरू हो गया है

### एपस्टीन फाइल्स में जुकरबर्ग-मस्क की तस्वीर

**लंदन।** एपस्टीन फाइल्स में टेस्ला के मालिक इलॉन मस्क और मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग की तस्वीर सामने आई है। इस तस्वीर में सिलिकॉन वैली के बड़े टेक दिग्गज साथ में डिनर करते नजर आ रहे हैं। इसमें पेपाल के को-फाउंडर पीटर थील और एमआईटी मीडिया लैब के पूर्व डायरेक्टर जोई इतो भी दिख रहे हैं। यह फोटो साल 2015 की बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह वही डिनर पार्टी है, जिसे यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन ने 'वाइल्ड डिनर' कहा था। एपस्टीन ने यह तस्वीर अगस्त 2015 में खुद को ईमेल की थी और इसे फ्रेम कराकर अपने न्यूयॉर्क स्थित अपार्टमेंट में लगा रखा था। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने 30 जनवरी को एपस्टीन फाइल्स के 30 लाख दस्तावेज सार्वजनिक किए थे, जिसके बाद से इस मामले में लगातार नए खुलासे हो रहे हैं। जस्टिस डिपार्टमेंट की फाइलों के मुताबिक, 2 अगस्त 2015 को एपस्टीन ने अपने दोस्त पीटर एटिया को ईमेल भेजकर लिखा था कि उस रात एलन मस्क, पीटर थील और मार्क जुकरबर्ग के साथ डिनर है।

### पुतिन से नजदीकी बढ़ाना चाहता था यौन अपराधी एपस्टीन

**वॉशिंगटन।** अमेरिका जस्टिस डिपार्टमेंट (डीओजे) के नए दस्तावेजों से खुलासा हुआ है कि यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के करीब जाने की कोशिश कर रहा था। एपस्टीन ने कई मौकों पर पुतिन और उनके करीबी अधिकारियों तक पहुंच बनाने के प्रयास किए। एपस्टीन 2018 में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के जरिए पुतिन तक अपनी बात पहुंचाना चाहता था। उसने इसके लिए नॉर्वे के पूर्व पीएम थॉर्बजॉर्न यागलैंड से संपर्क किया था। जून 2018 के एक ईमेल में एपस्टीन ने नॉर्वे के पूर्व पीएम थोब्योर्न यागलैंड से कहा था कि वह पुतिन को यह सुझाव दें कि रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव उससे बातचीत करें। दस्तावेजों के मुताबिक, एपस्टीन खुद को एक ऐसे प्रभावशाली व्यक्ति के तौर पर पेश कर रहा था, जो अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और निवेश जैसे मुद्दों पर रूस की मदद कर सकता है।

### एपस्टीन से संपर्क के खुलासाः जॉर्डन में नॉर्वे की राजदूत ने दिया इस्तीफा

**ओस्लो।** नॉर्वे की जॉर्डन में राजदूत तथा इराक के लिए भी मान्यता प्राप्त मोना जूल ने अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन के साथ संपर्कों से जुड़े खुलासों के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। नॉर्वे के विदेश मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ आइडे ने जूल के इस्तीफे को 'सही और आवश्यक' बताते हुए कहा कि दोषसिद्ध यौन अपराधी के साथ उनका संपर्क 'गंभीर निर्णयात्मक चूक' को दर्शाता है और इससे इस पद के लिए आवश्यक भरोसे के स्तर को बहाल करना कठिन हो गया था। मंत्रालय के अनुसार, जूल को पिछले सप्ताह उनके कार्य दायित्वों से मुक्त कर दिया गया था, जबकि मंत्रालय उनके एप्स्टीन से संबंधों और संपर्कों की समीक्षा कर रहा था। मंत्रालय ने कहा कि जूल के इस्तीफे के बाद भी आंतरिक जांच जारी रहेगी, जिसमें सेवा के दौरान और सेवा से बाहर राज्य कर्मचारियों एवं अधिकारियों पर लागू नियमों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### थाईलैंडः अनुतिन चर्नविराकुल ने किया चुनाव जीतने का ऐलान

**बैंकॉक।** थाईलैंड के कार्यवाहक प्रधानमंत्री और भुमजैथाई पार्टी के नेता अनुतिन चर्नविराकुल ने कहा है कि उनकी पार्टी ने थाईलैंड के संसदीय चुनाव जीत लिये हैं। चर्नविराकुल ने रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा करते हुए कहा कि यह पूरे देश की जीत है। चुनाव आयोग द्वारा 87 प्रतिशत बैलेट गिने जाने तक भुमजैथाई पार्टी ने बहुमत हासिल कर ली। पीपल्स पार्टी दूसरे स्थान पर रही जबकि फ्यू थाई पार्टी तीसरे स्थान पर रही।

### उत्तरी नाइजीरिया में सड़क दुर्घटना में 30 लोगों की मौत

**अबूजा।** उत्तरी नाइजीरिया में बड़े पैमाने पर हुए सड़क हादसे में कम से कम 30 लोगों की मौ हो गई। यह जानकारी डेली पोस्ट अखबार ने रविवार को स्थानीय अधिकारियों के हवाले से दी। रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना देश के दूसरे सबसे बड़े राज्य कानो में घटी। कई लोग घायल हो गए। अखबार ने दुर्घटना का कारण लापरवाही से वाहन चलाना बताया है। खबरों के अनुसार, राज्य के राज्यपाल अल्हाजी यूसुफ ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

### तुर्की में एक टन से ज्यादा नशीले पदार्थ जब्त, 144 तस्कर गिरफ्तार

**इस्तांबुल।** तुर्की के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने सोमवार को घोषणा की कि तुर्की पुलिस ने पिछले 10 दिनों में देश भर में चलाये गये अभियानों में 1.24 टन नशीले पदार्थ जब्त किए हैं और नशीली दवाओं की तस्करी करने वाले 144 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। येरलिकाया ने एक्स पर एक बयान में कहा कि इन छापों के दौरान पुलिस ने 18.3 लाख नशे की गोलियां भी जब्त कीं।

# ट्रेड डील में भारत को मिली बड़ी राहत

## भारत को 25 प्रतिशत पेनल्टी टैरिफ वापस करेगा अमेरिका

**नई दिल्ली।** अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील में भारत को एक बड़ी राहत मिली है। अमेरिकी प्रशासन ने न सिर्फ टैरिफ दर को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किया है, बल्कि रूस से तेल इम्पोर्ट के कारण पेनल्टी के रूप में लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ को वापस करने का भी फैसला लिया है।

इस फैसले से भारतीय कारोबारियों को 40 हजार करोड़ की राहत मिलने की उम्मीद है। व्हाइट हाउस से जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार 27 अगस्त 2025 से लेकर 6 फरवरी 2026 के बीच अमेरिका द्वारा किए गए जिन इम्पोर्ट पर यह पेनल्टी लगी थी, उनका रिफंड दिया जाएगा। यह रिफंड अमेरिका के कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन कानून के तहत जारी किया जाएगा। भारतीय निर्यातकों को कितना रिफंड मिलेगा, ये अभी तय नहीं है। क्योंकि रिफंड की राशि अमेरिकी इम्पोर्टर को दी जाएगी, फिर वे भारतीय एक्सपोर्टर के साथ बातचीत करके इस राशि का बंटवारा करेंगे। भारत से अमेरिकी निर्यात का 60 प्रतिशत हिस्सा टैरिफ दायरे में। इस हिसाब से देखें तो अब तक अमेरिका ने भारत से आयात पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाकर करीब 4 अरब डॉलर (40 हजार करोड़ रुपए) अतिरिक्त वसूले हैं। यही राशि रिफंड होगी, जिसमें भारतीय कारोबारियों को भी हिस्सा मिलेगा। ट्रेड डील को लेकर अंतरिम समझौते के ढांचे के अनुसार भारत रूस से तेल का आयात दोबारा शुरू न करे, इस पर निगरानी रखने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने तीन मंत्रियों की एक टास्क फोर्स का गठन किया है। इसमें वाणिज्य मंत्री, विदेश मंत्री और वित्त मंत्री शामिल हैं। इस समिति को लगता है कि भारत ने रूस से तेल का इम्पोर्ट दोबारा शुरू कर दिया है, तो वह राष्ट्रपति ट्रम्प को दोबारा 25 प्रतिशत पेनल्टी लगाने और अन्य कार्रवाई करने के लिए सिफारिश कर सकती है। ट्रेड डील को लेकर भारत सरकार ने कहा है कि यह समझौता भारतीय अर्थव्यवस्था को नई गति और नई ऊंचाइयां देने वाला साबित होगा। भारतीय किसानों को नुकसान पहुंचाने वाला कोई भी उत्पाद ट्रेड डील में शामिल नहीं है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया है कि अमेरिका को किन चीजों पर टैरिफ छूट नहीं दी है और किन चीजों को भारत में एंट्री नहीं दी गई है। बिना छिलके वाले अनाज और आटा, आलू, प्याज, मटर, बीन्स, खीरा, मशरूम, संतरा, अंगूर, नीबू और मिश्रित डिब्बाबंद सब्जियां भारत में प्रवेश नहीं करेंगी। अमेरिका से ट्रेड डील पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि यह लेन-देन का मामला है। अगर मैं कुछ भी नहीं दूंगा, तो अपने किसानों के लिए अमेरिका में बाजार कैसे खोलूंगा? अमेरिकी बाजार खुलने से हमारे किसानों की आय बढ़ेगी। अगर कोई कहता है कि दो पन्नों के संयुक्त बयान में सुरक्षा नहीं है, तो वो गुमराह कर रहा है। अभी कई बातों पर स्पष्टता बाकी है। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने एनडीटीवी से बातचीत में भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील होने की पुष्टि की। उन्होंने कहाः कुछ तकनीकी कागजों पर अगले कुछ दिनों में दस्तखत होंगे, लेकिन डील लगभग तय है। गोर ने कहाः यह टैरिफ समझौता प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच कई सालों से चली आ रही मजबूत दोस्ती का नतीजा है। यह टैरिफ दूसरे देशों की तुलना में बहुत कम है।



■ देश के कारोबारियों को 40 हजार करोड़ की राहत मिलेगी रूसी तेल खरीद पर पेनल्टी लगाई थी


### जापान के सत्तारूढ़ एलडीपी की आम चुनाव में एकतरफा जीत

**टोक्यो।** जापान में रविवार को हुए आम चुनाव में सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) और जापान इनोवेशन पार्टी (जेआईपी) के गठबंधन ने निचले सदन में दो-तिहाई से अधिक बहुमत हासिल कर लिया है। सरकारी प्रसारक एनएचके ने सोमवार तड़के यह जानकारी दी। एनएचके के अनुसार, सत्तारूढ़ गठबंधन ने कुल 352 सीटें जीतीं, जो निचले सदन में पारित लेकिन उच्च सदन (हाउस ऑफ काउंसिलर्स) द्वारा खारिज किसी विधेयक को पुनः पारित कराने के लिए आवश्यक दो-तिहाई बहुमत से अधिक है। एलडीपी के पास चुनाव से पहले 198 सीटें थीं। पार्टी ने अपने दम पर ही 465 सदस्ईय निचले सदन में दो-तिहाई बहुमत प्राप्त कर लिया और कुल 316 सीटें जीतीं। वहीं, जूनियर सहयोगी जेआईपी के लिए परिणाम अपेक्षाकृत कमजोर रहे। पार्टी ने निचले सदन में अपनी पूर्व 34 सीटों के मुकाबले केवल दो सीटों की बढ़ोतरी की है। एनएचके के मुताबिक, एलडीपी के अकेले बहुमत में होने से गठबंधन में जेआईपी का प्रभाव कम होने की संभावना है।

### ईरान की अमेरिका के साथ बातचीत प्रगति परः पेजेशकियान

**तेहरान।** ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने रविवार को अपने देश और अमेरिका के बीच हाल ही में हुई परमाणु वार्ता को प्रगति पर कहा। उन्होंने ये टिप्पणियां एक्स पर एक पोस्ट में कीं जिसमें उन्होंने शुक्रवार को ओमान की राजधानी मस्कट में ईरानी और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडलों के बीच हुई अप्रत्यक्ष वार्ता पर प्रकाश डाला।

पेजेशकियान ने कहा कि ये चर्चाएं पश्चिम एशिया क्षेत्र में मित्रवत सरकारों द्वारा किए गए अनुवर्ती प्रयासों के परिणामस्वरूप हुईं, और इस बात पर बल दिया कि ईरान की हमेशा से ही संवाद द्वारा मुद्दों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने की चुनी हुई रणनीति रही है। इसी बीच, तेहरान में एक राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची, जिन्होंने शुक्रवार की वार्ता में देश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया, ने कहा कि कोई हमें यह नहीं बता सकता कि हमारे पास क्या होना चाहिए और क्या नहीं होना चाहिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि ईरान का परमाणु हथियार बनाने का कोई इरादा नहीं है, साथ ही उन्होंने किसी भी प्रकार की दादागिरी को दृढ़ता से खारिज कर दिया। अराघची ने कहा कि अगर वे ईरानी लोगों से बल प्रयोग की भाषा में बात करेंगे तो हम भी उन्हें उसी भाषा में जवाब देंगे। हालांकि, अगर वे हमसे सम्मान की भाषा में बात करेंगे तो उन्हें भी उसी भाषा में जवाब दिया जाएगा। शुक्रवार को हुई वार्ता अमेरिका और ईरान के बीच क्षेत्रीय तनाव बढ़ने के बीच हुई, जिसमें मध्य पूर्व में हाल ही में अमेरिका द्वारा सैन्य जमावड़ा और ईरान द्वारा तैयारियों में तेजी शामिल हैं।



■ अगर वे हमसे सम्मान की भाषा में बात करेंगे, तो उन्हें भी उसी भाषा में जवाब दिया जाएगा



नई दिल्ली। डीटीए तमिल स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी के मिलने के बाद स्कूल के बाहर खड़े छात्र।

### हांगकांग के पूर्व मीडिया दिग्गज जिम्मी लाई को 20 साल की सजा

**बीजिंग।** हांगकांग के पूर्व मीडिया दिग्गज जिम्मी लाई को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून का उल्लंघन करने के आरोप में 20 साल जेल की सजा सुनाई गई है। यह जानकारी स्थानीय प्रसारक आरटीएचके ने सोमवार को दी। दिसम्बर 2025 में, हांगकांग उच्च न्यायालय ने लाई को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के उल्लंघन के तीनों मामलों में दोषी करार दिया था। प्रसारक ने कहा कि लाई को दी गई सजा 2020 के राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के उल्लंघन के लिए अब तक की सबसे कठोर सजा है। लाई को अगस्त 2020 में विदेशी ताकतों के साथ मिलीभगत एवं धोखाधड़ी करने के आरोपों में हिरासत में लिया गया था।

# भारत ने सेशेल्स को दिया 17 करोड़ 50 लाख डॉलर का पैकेज

## दोनों देशों ने राजधानी नई दिल्ली में साझेदारी बढ़ाने के लिए संयुक्त विजन जारी किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत और सेशेल्स ने साझेदारी को अगले चरण तक ले जाने के लिए एक संयुक्त विजन जारी किया जा रहा है और भारत ने सेशेल्स की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उसके लिए 17 करोड़ 50 लाख डॉलर के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की है।

मोदी ने भारत की यात्रा पर आए सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी के साथ व्यापक वार्ता के बाद सोमवार को यहां संयुक्त वक्तव्य में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि विकास साझेदारी भारत-सेशेल्स संबंधों की मजबूत नींव रही है। हमारे सभी प्रयास सेशेल्स की प्राथमिकताओं और आवश्यकताओं पर आधारित रहे हैं। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए आज हम 17 करोड़ 50 लाख डॉलर के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा करने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पैकेज आवास, ई मोबिलिटी, व्यावसायिक प्रशिक्षण, स्वास्थ्य, रक्षा और समुद्री सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में ठोस परियोजनाओं में सहयोग करेगा। मोदी ने कहा कि भारत और सेशेल्स की साझेदारी एक नए चरण में प्रवेश कर रही है। सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए आज हम 'भारत-सेशेल्स संयुक्त विजन' जारी करने जा रहे हैं जो आने वाले वर्षों में परस्पर सहयोग का रोड़मैप बनेगा। उन्होंने कहा कि भारत और सेशेल्स के संबंध केवल राजनयिक संपर्क तक सीमित नहीं है। हिंद महासागर की लहरें सदियों से हमारे लोगों को जोड़ती आई हैं। इसके तटों पर दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ा, संस्कृतियां मिलीं और विश्वास की परंपराएं मजबूत होती गईं। उन्होंने कहा कि भारत और सेशेल्स न केवल भूगोल से, बल्कि इतिहास, विश्वास और भविष्य के लिए एक साझा दृष्टिकोण से भी जुड़े हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा नाता कल, आज, और आने वाले कल का है। एक समुद्री पड़ोसी और विश्वसनीय साझेदार के रूप में सेशेल्स भारत के महासागर विजन का अभिन्न अंग है। हमारा सहयोग जल, थल और नभ को समाहित करता है। आज की चर्चाओं में हमने इस साझेदारी को और अधिक सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। अपने आर्थिक सहयोग को और सुदृढ़ बनाने के लिए नए अवसरों की तलाश जारी रखने पर हम सहमत हैं। स्थानीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने के साथ साथ हम फिन टैक और डिजिटल समाधान के क्षेत्र में भी आगे बढ़ेंगे।



■ हमारे सभी प्रयास सेशेल्स की प्राथमिकताओं और आवश्यकताओं पर आधारित रहे हैंः सरकार

# यूरेनियम इनरिचमेंट बंद नहीं करेंगेः ईरान

## कहाः डराकर हमसे कुछ नहीं करवाया जा सकता है, अमेरिका की नीयत पर भरोसा नहीं

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका के दबाव को सख्ती से खारिज करते हुए कहा है कि वो अपना यूरेनियम संवर्धन (यूरेनियम इनरिचमेंट) प्रोग्राम किसी भी हाल में नहीं छोड़ेगा, चाहे उसे सैन्य धमकियां मिलें या नए प्रतिबंध लगाए जाएं।

तेहरान में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि ईरान को डराकर उसकी परमाणु नीति नहीं बदली जा सकती और अमेरिका की मंशा पर हमें भरोसा नहीं है। यह बयान ऐसे समय आया है जब कई सालों बाद ईरान और अमेरिका के बीच ओमान में बातचीत फिर से शुरू हुई है। ईरान चाहता है कि उस पर लगे कड़े आर्थिक प्रतिबंध हटें, जबकि अमेरिका ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर रोक चाहता है। अराघची ने साफ कहा कि यूरेनियम संवर्धन ईरान के लिए किसी भी हालत में समझौते का मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी देश को यह अधिकार नहीं है कि वह ईरान को बताए कि उसे क्या करना चाहिए, भले ही युद्ध की धमकी क्यों न दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य तैनाती, जैसे कि यूएसएस अब्राहम लिंकन एयरक्राफ्ट कैरियर की मौजूदगी, ईरान को डराने में नाकाम रहेगी। ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका पर भरोसा करना मुश्किल है और यह साफ नहीं है कि वाशिंगटन सच में डिप्लोमेटिक हल चाहता भी है या नहीं। उन्होंने दोहराया कि ईरान ऐसा कोई समझौता नहीं करेगा जो उसकी आजादी और सम्मान के खिलाफ हो। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर प्रतिबंधों में राहत मिलती है तो ईरान भरोसा बढ़ाने वाले कुछ कदमों पर विचार कर सकता है, लेकिन यह सब आपसी सम्मान पर निर्भर करेगा। पश्चिमी देश और इजराइल लंबे समय से आरोप लगाते रहे हैं कि ईरान परमाणु हथियार बनाना चाहता है, लेकिन ईरान इस बात से इनकार करता है। अराघची ने कहा कि ईरान किसी परमाणु बम की तलाश में नहीं है और उसकी असली ताकत बड़ी शक्तियों को 'न' कहने की क्षमता है। इस बीच अमेरिका, ईरान के आसपास लगातार अपनी सैन्य ताकत का प्रदर्शन कर रहा है। ईरान के साथ अमेरिकी वार्ताकार स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सलाहकार जारेड कुशनर ने कुछ समय पहले यूएसएस अब्राहम लिंकन एयरक्राफ्ट कैरियर का दौरा किया था। अमेरिकी सेना ने कहा कि यह तैनाती सुरक्षा के लिए है और ट्रम्प की 'शांति के लिए ताकत' की नीति का हिस्सा है। ईरान और अमेरिका के बीच ओमान में न्यूक्लियर मुद्दे पर 6 फरवरी को बातचीत हुई थी। ट्रम्प ने इसे 'बहुत अच्छा' बताया था, जबकि ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियन ने इसे शांति के लिए 'एक कदम आगे' कहा था।



■ ईरान चाहता है कि उस पर लगे कड़े आर्थिक प्रतिबंध हटें जबकि अमेरिका ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर रोक चाहता है





